CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 08°C

देहरादून, रविवार 8 फरवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 182 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 19 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भारत-अमेरिका व्यापार ढांचा मेक इन इंडिया को देगा नई गति: योगी पेज 2



टी-20 विश्व कप से हर्षित राणा बाहर, सिराज भारतीय टीम में शामिल खेल टाइम्स



एपस्टीन फाइल्स: अनिल अंबानी की चैट सामने आई पेज 11



रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकती है शाहिद-रश्मिका की जोड़ी बॉलीवुड

## सोनिया गांधी का वोटर लिस्ट केस में कोर्ट को जवाब

- वोटर लिस्ट-नागरिकता सरकार के मसले
- क्रिमिनल कोर्ट का निजी शिकायत पर एक्शन लेना सही नहीं

**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी ने नागरिकता से पहले वोटर लिस्ट में नाम जोड़े जाने के केस में अपना जवाब दाखिल किया है। शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट को दिए जवाब में कहा उनके खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका गलत और अनुमानित तथ्यों पर आधारित है।

यह याचिका ओछी राजनीति से प्रेरित और कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। स्पेशल जज (सीबीआई) विशाल गोगने की कोर्ट में वकील के जरिये दायर जवाब में सोनिया गांधी ने भारतीय नागरिकता हासिल करने से पहले वोटर लिस्ट में शामिल होने से जुड़े आरोपों का खंडन किया। साथ ही पुनर्विचार याचिका को खारिज करने की मांग की है। मामले की सुनवाई अब 21 फरवरी को होगी। कहा गया है कि शिकायतकर्ता ने आथेंटिक रिकॉर्ड की जगह अनुमानों, मीडिया रिपोर्टों और व्यक्तिगत धारणाओं के आधार पर लापरवाही से गंभीर आरोप लगाए हैं।

# भारत पर लगा अमेरिकी एक्स्ट्रा टैरिफ हुआ खत्म

- अमेरिका में भारतीय कृषि उत्पादों पर जीरो ड्यूटी
- अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई
- समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर के बाजार को खोलेगा: पीयूष गोयल



**नई दिल्ली/वाशिंगटन।** कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क की घोषणा की तारीफ की। उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात किए जाएंगे, जबकि अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है।

पीयूष गोयल ने साफ किया कि इस समझौते में जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) फूड को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 27.18 लाख करोड़ रुपये) के बाजार को खोलेगा। इसके अलावा भारत ने अगले 5 साल में अमेरिका से 50 हजार करोड़ डॉलर (45 लाख 30 हजार करोड़ रुपये) के उत्पाद खरीदने पर सहमति जताई है। भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते (आईटीए) का फ्रेमवर्क जारी किया है। इसके तहत भारतीय सामान पर अमेरिका का टैक्स 50 फीसदी घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है। रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25 फीसदी अतिरिक्त टैक्स भी हटा लिया गया है। पीयूष गोयल ने कहा कि समझौते में साफ किया गया है कि भारत में जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) खाद्य पदार्थों को अनुमति नहीं दी जाएगी। मसाले, चाय, कॉफी, नारियल तेल, काजू, एवोकाडो, केला, आम, अनानास, मशरूम जैसे कई फल-सब्जियां और कुछ बेकरी उत्पाद भी अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात हो सकेंगे। यह द्विपक्षीय व्यापार समझौता 2030 तक भारत-अमेरिका व्यापार को 50 हजार करोड़ डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखता है। दोनों देशों ने कहा कि इस फ्रेमवर्क को जल्द लागू किया जाएगा और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की दिशा में बातचीत आगे बढ़ेगी।

भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान के मुताबिक, यह फ्रेमवर्क 13 फरवरी 2025 को शुरू हुई भारत-अमेरिका बीटीए वार्ता को आगे बढ़ाएगा। इस समझौते में आगे चलकर बाजार पहुंच, सप्लाई चेन को मजबूत करने और ट्रेड बैरियर कम करने जैसे प्रावधान शामिल होंगे। पीयूष गोयल ने बताया कि दोनों देशों ने फैसला किया है कि वे इसके कुछ नियम तय करेंगे, ताकि इस समझौते का लाभ मुख्य रूप से अमेरिका और भारत को ही मिले, न कि किसी तीसरे देश को। भारत और अमेरिका का इस व्यापार समझौते में नॉन-टैरिफ बैरियर्स को दूर करने पर खास फोकस है। ये बाधाएं टैरिफ नहीं होतीं, लेकिन व्यापार को मुश्किल बनाती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मथुरा में बस यात्रियों को कंटेनर ने रौंदा, छह लोगों की मौत

**मथुरा।** सुरीर थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर शनिवार तड़के एक सड़क हादसे में छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्र में माइल स्टोन 88 के पास सुबह करीब पौने तीन बजे यह हादसा उस समय हुआ जब दिल्ली के नांगलोई से कानपुर के रसूलाबाद जा रही एक निजी बस यमुना एक्सप्रेस-वे से गुजर रही थी। रास्ते में कुछ यात्रियों ने लघुशंका के लिए चालक से बस रोकने का अनुरोध किया। बताया जा रहा है कि चालक ने निर्धारित ग्रीन जोन में बस न रोककर सड़क किनारे ही बस खड़ी कर दी। इसके बाद कई यात्री बस से उतरकर नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक कंटेनर ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कंटेनर ने बस के पास खड़े यात्रियों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में औरैया के सरवा कटरा निवासी सोनू, बस्ती के अलेवल निवासी देवेश, कन्नौज के गणेश का पुरवा निवासी असलम, दिल्ली के प्रेम नगर निवासी संतोष सहित दो अन्य यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। दो मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है।


### सूरजकुंड मेले में झूला टूटने से इंस्पेक्टर की मौत

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड मेले में एक झूला गिर जाने से एक की मौत और 13 लोग घायल हो गए। घायलों के इलाज के लिए तुरंत व्यवस्था की गई। इस हादसे में एक इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद की मौत हो गई है, जो पलवल में तैनात थे। मेला ड्यूटी पर यहां बुलाए गए थे। झूले वाले एरिया में इंचार्ज थे। बचाव कार्य के दौरान ऐसे दूसरी बार झूला गिरा। जिसके बाद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। झूले में उस समय लगभग 15 लोग सवार थे। हादसा होने पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों की मदद के लिए बचाव कार्य तुरंत शुरू किया गया। इसी बचाव कार्य के दौरान, एक स्टॉल संचालक राघव पर भी झूले की ग्रिल गिर गई, जिससे उनके कंधे में चोट आई। जो मेले में अपना स्टॉल चलाते हैं। राघव ने कहा कि उन्होंने घायलों की मदद करने का प्रयास किया। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई जिला उपायुक्त के मौके पर पहुंचने के बाद, घायलों के इलाज के लिए तत्काल व्यवस्था की गई।

# पीओके और अक्साई चिन भारत का हिस्सा: अमेरिका

## ट्रेड डील के बाद अमेरिका ने इंडियन मैप किया शेयर

वाशिंगटन, वार्ता




- अमेरिका ने मैप शेयर कर पाकिस्तान को दिया कड़ा संदेश
- पाक पीएम ने कहा था: कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा

**भारत और** अमेरिका ने एक अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क घोषित किया। इस घोषणा के साथ अमेरिकी ट्रेड ऑफिस (यूएसटीआर) ने इंडियन मैप शेयर किया। इस मैप में पूरा जम्मू-कश्मीर क्षेत्र, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) हैं, उन्हें भारत का हिस्सा दिखाया गया है। यह नक्शा सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

अमेरिका पहले के नक्शों में पीओके को अलग से दिखाता था। अंतर्राष्ट्रीय मंचों और पश्चिमी देशों के सरकारी नक्शों में भी विवादित हिस्सों को अलग रंग या डॉटेड लाइन्स से दिखाया जाता है। इस बार ट्रम्प प्रशासन ने जानबूझकर या अनजाने में एक ऐसा नक्शा शेयर किया जो भारत की सीमाओं को पूरी तरह मान्यता देता है। भारत हमेशा से जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानता आया है। भारत और पाकिस्तान के बीच पीओके विवाद जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से जुड़ा सबसे पुराना विवाद है। तनाव और कूटनीतिक लड़ाई का कारण बना हुआ है। भारत-पाकिस्तान विभाजन- भारत के विभाजन के समय जम्मू-कश्मीर एक रियासत (प्रिंसली स्टेट) थी, जिसके महाराजा हरि सिंह हिंदू थे, लेकिन आबादी में मुस्लिम बहुमत में थे। विभाजन के नियम के अनुसार, रियासतें भारत या पाकिस्तान में शामिल हो सकती थीं या स्वतंत्र रह सकती थीं। 1947-48- पहला भारत-पाकिस्तान युद्ध- पाकिस्तान से आए मिलिशिया ने कश्मीर पर हमला किया। महाराजा हरि सिंह ने मदद के लिए भारत से संपर्क किया और 26 अक्टूबर 1947 को इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन (विलय पत्र) पर हस्ताक्षर किए, जिससे जम्मू- कश्मीर भारत का हिस्सा बन गया। भारत ने सैन्य मदद भेजी। युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने क्षेत्र के पश्चिमी और उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया, जिसे अब पीओके कहा जाता है। 1949 में यूएन की मध्यस्थता से युद्धविराम हुआ और सीजफायर लाइन (बाद में लाइन ऑफ कंट्रोल - एलओसी) बनाई गई, जो दोनों देशों के नियंत्रण को अलग करती है। भारत कहता है कि पूरा जम्मू-कश्मीर (पीओके सहित) उसका अभिन्न अंग है।

## लंदन हाईकोर्ट ने ठुकराया भगोड़े नीरव मोदी का बहाना

- भारत से फरार हीरा व्यापारी का दृष्टि दोष और अवसाद के बावजूद 23 मार्च से होगा ट्रायल

**लंदन।** लंदन की हाईकोर्ट ने फरार हीरा व्यापारी नीरव मोदी की बैंक ऑफ इंडिया के बकाया ऋण मामले में ट्रायल स्थगित करने की याचिका खारिज कर दी। मोदी ने अपने स्वास्थ्य कारणों गंभीर दृष्टि दोष, क्लिनिकल डिप्रेशन और जेल की सीमाओं को आधार बनाकर ट्रायल में स्थगन की मांग की थी।

54 वर्षीय नीरव मोदी, जो भारत में अनुमानित 2 अरब डॉलर के पीएनबी धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रत्यर्पण का सामना कर रहे हैं, ने नॉर्थ लंदन की एचएमपी पेंटनविल जेल से वीडियो लिंक के जरिए 8 मिलियन डॉलर के बीओआई केस के प्री-ट्रायल रिव्यू में हिस्सा लिया। विशेष जज साइमन टिंक्लर ने कहा कि आरोपी को कोई महत्वपूर्ण नुकसान नहीं होगा और आठ दिन के ट्रायल में वह समान अवसर के साथ अपनी दलील पेश कर सकते हैं।

## रूस से तेल खरीद पर भारत अपने रुख पर कायम




- विदेश मंत्रालय ने कहा: देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** अमेरिका के बार-बार किए जा रहे इन दावों कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा के बीच भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है।

सरकार इस मामले में हां या नहीं के रूप में जवाब देने से बचती रही है। रूस से तेल खरीदने के मामले में वाणिज्य मंत्रालय सवालों को विदेश मंत्रालय के पाले में डाल देता है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को इस सवाल के जवाब में कहा कि इसका उत्तर विदेश मंत्रालय देगा। मीडिया की ओर से बार-बार यह सवाल पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को एक बार फिर गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में इस सवाल के जवाब में दिए गए वक्तव्य को ज्यों की त्यों दोहरा दिया।

### कूनो नेशनल पार्क में पांच चीता शावकों का जन्म

**नई दिल्ली।** कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से आई चीता आशा ने पांच चीता शावकों को जन्म दिया है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि प्रोजेक्ट चीता के लिए यह बहुत गर्व और खुशी का पल है, क्योंकि नामीबियाई चीता आशा दूसरी बार मां बनी और उसने शनिवार को कूनो नेशनल पार्क में पांच शावकों को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि पांच नए शावकों के साथ, भारत में पैदा हुए जीवित शावकों की संख्या 24 हो गई है। भारतीय धरती पर चीतों का आठवीं बार सफल जन्म हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पर्यावरण के प्रति जागरूक नेतृत्व में शुरू की गई और पोषित भारत की चीता संरक्षण यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।



## संक्षिप्त समाचार

### योगी ने अपने गांव के बुजुर्गों का पूछा हाल बच्चों से संवाद

**पंचूर (पौड़ी गढ़वाल)।** उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने पैतृक गांव पंचूर में रात्रि विश्राम किया। शनिवार सुबह उन्होंने अपने गांव के बड़े-बुजुर्गों का हालचाल जाना और बच्चों को दुलार किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बालप्रेम उमड़ आया। उन्होंने गांव के बच्चों पर अपना स्नेह बरसाया, उनसे बातचीत की और उन्हें चॉकलेट भी दी। योगी ने एक बच्चे को अपनी गोद में लेकर उसे प्रेम से खिलाया। बच्चों ने भी सहज भाव से मुख्यमंत्री से बातचीत की।

### सब कुछ अमेरिकी हिसाब से चल रहा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार पर निशाना साधा और कहा कि भारत सरकार अमेरिका के टाइम जोन के हिसाब से चल रही है, क्योंकि सारे निर्णय अमेरिका के हिसाब से हो रहे हैं। हमारे लिए इससे ज्यादा खेदजनक बात और कुछ नहीं हो सकती। डील सामने बैठकर तय की जाती है, लेकिन कनपटी पर बंदूक रख, सीडी दिखाकर, ब्लैकमेल कर जो किया जाए- वो सरेंडर होता है। खेड़ा ने कहा कि यह डील उन सभी चीजों के साथ धोखा है, जिनके लिए भारत खड़ा है, उन सभी चीजों के लिए जिनके लिए भारत पिछले 75 वर्षों से खड़ा रहा है। यह ऐसी डील नहीं है जो हमारे हित में हो। यह प्रधानमंत्री का पूरी तरह से सरेंडर है। प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए उन्होंने आगे कहा कि यह व्यक्ति सिर्फ देश के हितों को सरेंडर करना जानता है, क्या ऐसा प्रधानमंत्री देश के लिए फायदेमंद हो सकता है? वह हितों से समझौता है।

## भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक व्यापक पहुंच मिलेगी: योगी

# अमेरिकी डील मेक इन इंडिया को देगी गति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत-अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार ढांचे को दोनों देशों की आर्थिक साझेदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता मेक इन इंडिया को निर्णायक बढ़ावा देगा, जिससे भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक व्यापक पहुंच मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि यह व्यापार ढांचा किसानों के हितों, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण आजीविका की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए संतुलित तरीके से तैयार किया गया है। इससे देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को मजबूती मिलेगी, निर्यात को नई ऊर्जा प्राप्त होगी और आपूर्ति शृंखलाएं अधिक सशक्त होंगी। योगी ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भारत-प्रथम दृष्टिकोण पर आधारित एक संतुलित और पारस्परिक लाभ वाला समझौता है, जो युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करेगा। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बढ़ता सहयोग मेड इन इंडिया पर वैश्विक विश्वास को दर्शाता है और भारत को वैश्विक विकास का प्रमुख चालक बनने की दिशा में और सुदृढ़ करता है। वहीं योगी ने सेवा, समर्पण और त्याग की प्रतिमूर्ति तथा नारी चेतना की सशक्त प्रतीक माता रमाबाई आंबेडकर की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माता रमाबाई आंबेडकर का जीवन संघर्ष, आत्मबल और सामाजिक चेतना का प्रेरक उदाहरण है। शिक्षित, समरस और जागरूक समाज के निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है, जो सदैव समाज को नई दिशा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि माता रमाबाई आंबेडकर ने कठिन परिस्थितियों में भी शिक्षा और सामाजिक समानता के मूल्यों को जीवंत रखा, जिससे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती रहेगी।



### नारी चेतना की सशक्त प्रतीक रमाबाई आंबेडकर की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की

### डील एकतरफा नहीं होती, भाजपा से देश की जनता सवाल पूछ रही है: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि देश की जनता भाजपा से साफ तौर पर पूछ रही है कि 'डील' कभी एकतरफा नहीं होती। देश की जनता यह जानना चाहती है कि भारत के हितों के आत्मसमर्पण की मजबूरी के पीछे छिपा हुआ गहरा राज क्या है। अखिलेश यादव ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए यह बातें कहीं हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा यह बताए कि उसकी समझौता-गणित में शून्य (0) बड़ा है या अट्ठारह (18)-और क्या भाजपा के हिंसाब से 18 बराबर 0 हो जाता है। अखिलेश यादव ने सवाल उठाया कि देश के किसानों, दुकानदारों और उद्योगों को बचाने के लिए भाजपा के पास खोखले और जुमलेबाजी भरे शब्दों के अलावा कोई सुरक्षा-कवच या संरक्षण- योजना है भी या नहीं।

## नमस्ते ट्रम्प, हाउडी मोदी पर पड़ गया भारी: कांग्रेस

### व्यापार समझौते पर बोला हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का जो संयुक्त विवरण सामने आया है उससे साफ हो गया है कि अमेरिका इस समझौते में भारी पड़ गया है और इसका खामियाजा भारत के किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को भुगतना पड़ेगा।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश शनिवार को सोशल मीडिया 'एक्स' एक पर एक पोस्ट में कहा कि अभी जारी किए गए अमेरिका-भारत संयुक्त बयान में डिटेल्स पर कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा गया है, लेकिन जो बातें अब तक सामने आई हैं, उनसे यह साफ होता है कि इस समझौते में भारत के हितों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है और इसका पूरा फायदा अमेरिका को ही होने वाला है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से यह भी स्पष्ट हो गया है कि भारत अब रूस से तेल आयात नहीं करेगा। अलग से, अमेरिका ने यह भी घोषणा की है कि यदि भारत प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूस से तेल खरीदता है, तो 25 प्रतिशत कर का दंड दोबारा लगाया जा सकता है। इसमें भारतीय किसानों की कीमत पर अमेरिकी किसानों की मदद के लिए भारत आयात शुल्कों में भारी कटौती करेगा।



## गोवा को लेकर पेश गैर सरकारी विधेयक को पारित करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा के लोगों से किए वादे पूरे नहीं किए हैं इसलिए कांग्रेस सांसद कैप्टन विरियातो फर्नांडिस ने लोकसभा में एक गैरसरकारी विधेयक पेश किया है। पार्टी का कहना है कि इसमें गोवा के समग्र विकास का प्रावधान है इसलिए इसको पारित कराना आवश्यक है और यदि ऐसा नहीं होता है तो इसके लिए आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस के गोवा के प्रभारी माणिकराव ठाकरे, प्रदेश अध्यक्ष अमित पाटकर और गोवा से सांसद कैप्टन विरियातो फर्नांडिस ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया है कि गोवा के हितों को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है और गोवा को बर्बादी की तरफ धकेला जा रहा है।

## आकांक्षा को न्याय दिलाने में सरकार का रवैया संदिग्ध

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया है कि पटना में नीट की तैयारी कर रही आकांक्षा की दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के मामले में भी भाजपा सरकार का रवैया संदिग्ध बना हुआ है और जब सांसद पप्पू यादव इसे लेकर आवाज उठाते हैं, तो उनके साथ असंवेदनशील व्यवहार किया जाता है।

वाड्रा ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पटना के हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही छात्रा के साथ दुष्कर्म और हत्या का मामला झकझोर देने वाला है। यह केस सामने आने के बाद सरकार का रवैया उससे भी ज्यादा खौफनाक है। प्राथमिकी दर्ज होने से लेकर जांच और कार्रवाई तक-सब कुछ संदिग्ध बना दिया गया है। यह सब किसे बचाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाथरस, उन्नाव से लेकर अंकिता भंडारी और पटना तक- जहां भी महिलाओं के साथ अत्याचार होता है, भाजपा की सरकारें पीड़िता को न्याय दिलाने की जगह आरोपियों के साथ खड़ी हो जाती हैं। इस केस में आवाज उठा रहे सांसद पप्पू यादव जी की गिरफ्तारी इसी असंवेदनशील रवैए की एक और कड़ी है। भाजपा और उनके सहयोगियों का एजेंडा स्पष्ट है- वे अन्याय और अत्याचार के साथ खड़े हैं। आकांक्षा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत और उसके बाद की पूरी कार्रवाई ने एक बार फिर सिस्टम की गहरी सड़ांध को उजागर कर दिया है।



## विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज करें कार्यकर्ता: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को पार्टी की एक अहम बैठक में आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को अभी से पूरी ताकत के साथ जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं बचा है, ऐसे में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और जनता के बीच सक्रिय रहना बेहद जरूरी है।

मीडिया को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के चलते हाल के दिनों में पार्टी की गतिविधियां प्रभावित हुई हैं, लेकिन अब सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को पूरी ऊर्जा के साथ चुनावी तैयारी में लग जाना चाहिए। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और निरंतर जनसंपर्क बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। बसपा सुप्रीमो ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक पार्टियां बसपा के खिलाफ साजिश कर रही हैं और पार्टी को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से ऐसी साजिशों के प्रति सतर्क रहने और पार्टी की विचारधारा व नीतियों को मजबूती से जनता तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में मौजूद सरकारें जनहित के मुद्दों पर काम करने के बजाय धर्म और जाति की राजनीति को बढ़ावा दे रही हैं, जिससे समाज में विभाजन और नफरत का माहौल बन रहा है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि गरीबों, ओबीसी, एससी-एसटी, अल्पसंख्यकों, किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया जाए और जनता के बीच जाकर उनकी आवाज बना जाए। मायावती ने कहा कि बीएसपी हमेशा सामाजिक न्याय और 'सर्वजन हिताय' की राजनीति करती आई है और आगामी विधानसभा चुनावों में भी पार्टी जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी।



■ पूर्व सीएम ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा: बसपा के खिलाफ हो रही साजिशें

## इस्लामाबाद धमाके को लेकर कश्मीर में शिया-समुदाय का विरोध प्रदर्शन

**श्रीनगर।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद में हुए आत्मघाती बम धमाके में 31 लोगों की मौत के बाद कश्मीर के कई शिया-बहुल इलाकों में शुक्रवार रात विरोध प्रदर्शन भड़क उठे। अधिकारियों ने बताया कि बारामूला के चैनाबल पट्टन, श्रीनगर के इमामबाड़ा जादीबल एवं हरवान और बांदीपोरा के इंदरकोट-सुंबल में विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाते हुए नमाजयों पर हुए हमले की निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने पीड़ितों के साथ संवेदना व्यक्त करते हुए सांप्रदायिक हिंसा की निंदा की। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे और देर रात प्रदर्शनकारी अपने-अपने घर लौट गए। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में जुम्मे की नमाज के दौरान एक मस्जिद खदीजतुल कुबरा में विस्फोट से कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 85871.73
निफ्टी 25727.55



सोना रु. 156750
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



चांदी रु. 250300
प्रति किलो



## भारतीय बाजार के संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित: वाणिज्य सचिव

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि अमेरिका के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापारिक क्षमताओं के नए रास्ते खुलेंगे और इससे भारत को अमेरिकी बाजार के उन क्षेत्रों में निर्णायक बढ़त मिलेगी, जहां भारत की स्थिति पहले से मजबूत है। अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि इस समझौते में भारत के संवेदनशील क्षेत्रों को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त उपाय सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह अंतरिम समझौता भारत और अमेरिका के बीच वस्तुओं के व्यापार की क्षमताओं के लिए नए मार्ग प्रशस्त करेगा। यह अमेरिकी बाजार में भारत को उसकी ताकत वाले क्षेत्रों में बढ़त दिलाएगा। साथ ही, वर्जनाओं, चरणबद्ध टैरिफ रेट कोटा (टीआरक्यू) के प्रावधानों और शुल्कों के माध्यम से हमारे घरेलू संवेदनशील क्षेत्रों की प्रभावी ढंग से रक्षा भी करेगा। गौरतलब है कि इस अंतरिम समझौते को लेकर दोनों देशों ने शनिवार को ही एक साझा वक्तव्य जारी किया है। इसमें कहा गया है कि इस समझौते के लागू होने के बाद दोनों देश एक व्यापक और पूर्ण व्यापार समझौते की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

■ अमेरिकी डील को लेकर वाणिज्य सचिव राजेश ने रुख साफ किया

### अमेरिका से हार्ले डेविडसन बाइक का शून्य शुल्क पर हो सकेगा आयात

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते से भारत में हार्ले डेविडसन की की बाइकें और अमेरिकी कंपनियों की लग्जरी कारें सस्ती होंगी। समझौते के जानकार सूत्रों ने बताया कि भारत अमेरिकी कंपनियों की 1,500 सीसी से ऊपर की मोटरसाइकिलों पर सीमा शुल्क घटाकर शून्य करेगा। इसके अलावा 2,500 सीसी से ऊपर की डीजल कारों और 3,000 सीसी से ऊपर की पेट्रोल कारों पर भी सीमा शुल्क में कटौती की जाएगी।

## सोना और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली।** भारत के साथ-साथ इंटरनेशनल मार्केट में गोल्ड-सिल्वर के रेट घटे हैं। आज 7 फरवरी के दिन एमसीएक्स पर गोल्ड-सिल्वर के रेट्स में लगातार उतार-चढ़ाव दिख रहा है। राकेट की रफ्तार से चढ़े सोने-चांदी के दाम अपने ऑल टाइम हाई से काफी सस्ते हो गए हैं। एक बार फिर चांदी की कीमतों में 9,000 रुपये से ज्यादा का उछाल दिख रहा है। मार्च डिलीवरी वाली चांदी 2.5 लाख के पार पहुंच गई है। एमसीएक्स पर चांदी का ताजा भाव 2,50,300 रुपये/किलो चल रहा है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोने का दाम 1,56,750 रुपये/10 ग्राम है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,43,700 रुपये/10 ग्राम के भाव बिक रहा है, 18 कैरेट सोने का भाव 1,17,600 रुपये/ 10 ग्राम चल रहा है। मुंबई, कोलकाता और हैदराबाद में 24 कैरेट सोने का दाम दिल्ली से कम है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के अनुसार आखिरी सेशन में 24 कैरेट सोने की कीमत 424 रुपए कम होकर 1,52,078 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई थी। उससे पहले यह 1,52,502 रुपए पर बंद हुआ था। वहीं 22 कैरेट सोने के दाम 1,39,692 रुपए से घटकर अब 1,39,303 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गए।

## चावल और दालें सस्ती, गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए जबकि गेहूं में तेजी रही। चीनी के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे। दालों के दाम टूट गए। वहीं खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 29 रुपये घटकर 3,822 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं आठ रुपये महंगा हुआ और 2,863 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 26 रुपये सस्ता हुआ। दाल- दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 71 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। मसूर दाल 39 रुपये और चना दाल 36 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल का भाव 26 रुपये और मूंग दाल का 16 रुपये प्रति क्विंटल कम हुआ। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 165 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति में 20 रुपये की गिरावट रही। सोया तेल की कीमत 37 रुपये और पाम ऑयल की 28 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 25 रुपये और सरसों तेल 16 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी की कीमत गत दिवस के स्तर पर ही रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7778.16 रुपये, मसूर काली 8087.02 रुपये, मूंग दाल 10125.58 रुपये, उड़द दाल 10587.13 रुपये, तुअर दाल 10974.18 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.70 रुपये और चावल 3821.61 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3337.02 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4299.09 रुपये और गुड़ 5001.32 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17680.02 रुपये, मूंगफली तेल 17969.08 रुपये, सूरजमुखी तेल 16347.81 रुपये, सोया तेल 13996.31 रुपये, पाम ऑयल 12702.35 रुपये और वनस्पति 14537.85 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान के कार्यक्रम में किसानों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं का विरोध

**वाराणसी।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान के सर्किट हाउस स्थित कार्यक्रम के दौरान शनिवार को कुछ किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काशी द्वार योजना के तहत प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के विरोध में हंगामा किया। पासवान केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर निर्धारित प्रेस कांफ्रेंस के लिए सर्किट हाउस पहुंचे थे।

इसी दौरान कुछ किसान स्थानीय कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ वहां पहुंच गए और नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। सहायक पुलिस आयुक्त नितिन तनेजा ने बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कुछ लोग वैभव त्रिपाठी के साथ पहुंचे और अचानक विरोध करने लगे। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन पूर्व निर्धारित या विधिवत अनुमति प्राप्त नहीं था। सभी को वहां से हटा दिया गया। यदि तहरीर मिलती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिडरा क्षेत्र में काशी द्वार योजना के अंतर्गत आठ से दस गांवों की भूमि अधिग्रहित की जानी प्रस्तावित है। इसको लेकर किसान लंबे समय से विरोध जता रहे हैं। कुछ गांवों में सर्वे कार्य भी पूरा हो चुका है। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा, जिसमें भूमि अधिग्रहण पर पुनर्विचार की मांग की गई है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री पासवान ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि बजट में गरीब, किसान, युवा, महिलाएं और मध्यम वर्ग को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रमुख शहरों को जोड़ने के लिए सात हाई-स्पीड रेल लाइनों, पांच बड़े मेडिकल हब, सेमीकंडक्टर एवं चिप निर्माण के लिए 40 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान तथा लघु उद्योगों के पुनर्जीवन की योजनाओं से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

## एपस्टीन में नाम आने पर सफाई दें पीएम मोदी

वाराणसी, वार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जेफरी एपस्टीन फाइल में नाम आने से राजनीतिक सरगर्मी तेजी से बढ़ गई है। इसको लेकर तरह-तरह के चर्चाओं से बाजार गर्म है। विपक्ष पूरे मामले को लेकर सरकार से सफाई देने की मांग कर रही है। इस बीच आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि एपस्टीन ने अनिल अंबानी को उनका दोस्त बताया है, यह भी कहा गया है कि इजरायल में अनिल अंबानी के माध्यम से मीटिंग तय हुई थी। इन तथ्यों पर स्पष्टीकरण देना चाहिए है।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक जमीनी पकड़ मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो पदयात्रा निकाली। इसके तहत पीएम मोदी के गोद लिए आदेश गांव डोमरी से पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर तक यह पद यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोद लिए गांव डोमरी में किसानों के बीच सभा को संबोधित किया। पटेल चबूतरा पर आयोजित सभा में संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस गांव को प्रधानमंत्री ने गोद लिया है, उसी गांव को उजाड़ने की तैयारी की जा रही है।

लोगों को गांव खाली करने के नोटिस दिए जा रहे हैं, क्या कोई गोद लिया हुआ गांव उजाड़ता है? संजय सिंह ने कहा कि सरकार उद्योगपतियों के 16 हजार करोड़ रुपये तक के कर्ज माफ कर रही है, जबकि किसान कर्ज के बोझ से आत्महत्या करने को मजबूर हैं। विकास के नाम पर किसानों से जमीन छीनी जा रही है और वहीं जमीन उद्योगपतियों को कौड़ियों के भाव दी जा रही है। मणिकर्णिका घाट मूर्ति विवाद को लेकर उन्होंने कहा कि हमें नोटिस दिया गया था, जिसका जवाब दे दिया गया है। दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए प्रशासन को समय दिया गया है। अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो हम खुद मुकदमा दर्ज कराएंगे। संजय सिंह की रैली सभा में बड़ी संख्या में किसान और स्थानीय लोग मौजूद रहे। रैली को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी किसानों, युवाओं और वंचित वर्गों के हक की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ेगी। संजय सिंह चंदौली पहुंचे, इस दौरान जन जागरण यात्रा में शिरकत की। मीडिया से बातचीत करते हुए संजय सिंह ने भारत और अमेरिका के बीच होने वाली ट्रेड डील को लेकर भी सरकार पर बड़ा हमला किया। उन्होंने इस ट्रेड डील को किसानों के लिए डेथ वारंट बताया। संजय सिंह का दावा है कि इस समझौते से देश के कृषि सेक्टर को भारी नुकसान होगा। वहीं अमेरिका और वेनेजुएला से तेल खरीदने के फैसले पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि इससे देश को करीब 80 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होगा।



■ एपस्टीन ने अनिल अंबानी को मोदी का दोस्त बताया था: संजय

## अदालत ने मुर्दा घोषित किया आरोपी निकला जिंदा

आगरा, वार्ता

जिस आरोपी को अदालत ने मृत घोषित कर दिया गया था, वह शहर में स्कूटी दौड़ाते हुए पाया गया। आरोपी ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर मुकदमा बंद कर लिया था। वहीं अब उसको जीवंत देखकर वादी के पसीने छूट गए, उन्होंने पुलिस में शिकायत की। पुलिस जांच में भी मृत घोषित आरोपी जिंदा पाया गया है।

पुलिस की ताजा जांच रिपोर्ट ने आरोपी के इस बड़े फर्जीवाड़े की पोल खोल दी है। आरोपी की ओर से अदालत को गुमराह कर केस बंद करवाया गया था। फर्जीवाड़ा तब सामने आया, जब उसके नाम पर 2016 में एक्टिवा स्कूटरी खरीदी गई, वहीं साल 2019 में उस वाहन का चालान भी कटा था। अब मुकदमा पुनर्जीवित होगा और आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की नई धाराएं लगेंगी।

वादी ने सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है। मामला राजकुमार वर्मा बनाम विद्या देवी आदि वर्तमान परिवाद संख्या 1266/2012 से जुड़ा है, जो आगरा के थाना न्यू आगरा में मूल परिवाद संख्या 242/1999 के अंतर्गत धारा 467 और 468 (जालसाजी) के तहत चल रहा था। इस मामले में आरोपी तारा चंद्र शर्मा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी थे, लेकिन उसने कोर्ट को गुमराह कर मुकदमा बंद करा लिया। आरोपी तारा चंद्र शर्मा ने खुद को मृत घोषित करते हुए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाया।

■ आगरा में 12 साल पुराने केस में नया मोड़ आया

# भारत के आत्मविश्वास को दर्शाता है केंद्रीय बजट: हरदीप

## केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने देहरादून में केंद्रीय बजट 2026-27 पर मीडिया के सामने रखी खास बातें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि मोदी सरकार का बजट भारत के आत्मविश्वास को दर्शाता है। यह बजट एक ऐसी अर्थव्यवस्था के आत्मविश्वास और परिपक्वता को परिचायक है जिसमें 2014 से मौलिक बदलाव आया है।



शनिवार को देहरादून में राजपुर रोड स्थित केंद्रीय बजट 2026-27 पर एक प्रेस बातचीत के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बजट विकास को बढ़ावा देने और राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने के बीच एक सावधानीपूर्वक संतुलन बनाता है, जो भारत की कमजोर पांच देशों में गिने जाने से लेकर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे भरोसेमंद वैश्विक विकास कहानियों में से एक बनने तक की यात्रा को रेखांकित करता है। वित्त वर्ष 26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत अनुमानित है, जो खपत और निवेश से प्रेरित है, जो लगातार चौथे वर्ष सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की स्थिति की पुष्टि करता है, जबकि वैश्विक विकास लगभग 3 प्रतिशत के आसपास है।

मूल्य स्थिरता पर, केंद्रीय मंत्री ने 2014 के बाद से हासिल किए गए तेज सुधार पर प्रकाश डाला, यह देखते हुए कि भारत ने 2025 में प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में हेडलाइन मुद्रास्फीति में सबसे तेज कमी दर्ज की, जो लगभग 1.8 प्रतिशत थी। अप्रैल और दिसंबर 2025 के बीच, मुद्रास्फीति औसतन लगभग 1.7 प्रतिशत रही, जो कम खाद्य कीमतों, विशेष रूप से सब्जियों और दालों के कारण थी। उन्होंने बताया कि भारत में मुद्रास्फीति का स्तर कई उन्नत और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में काफी कम है।

2014 के बाद से पूंजी-संचालित विकास की ओर निर्णायक बदलाव पर जोर देते हुए, श्री पुरी ने कहा कि 2026-27 में कुल पूंजीगत व्यय लगभग 12.2 लाख करोड़ है, जो 2013-14 की तुलना में 430 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाता है। इस अवधि के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए आवंटन में लगभग 500 प्रतिशत, रक्षा में 210 प्रतिशत से अधिक, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण में लगभग 176 प्रतिशत और शिक्षा में 110 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च एक प्रमुख विकास इंजन बन गया है, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग विकास पर खर्च किए गए हर रुपये से जीडीपी में 3.2 की बढ़ोतरी होती है।

रक्षा और रणनीतिक क्षमताओं को मजबूत करने पर जोर देते हुए, मंत्री ने कहा कि 2014 से लगातार निवेश ने आयात पर निर्भरता कम करने में मदद की है, साथ ही आत्मनिर्भरता विजन के अनुरूप स्वदेशी रक्षा विनिर्माण में तेजी लाई है।

### इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार ने रोजमर्रा की जिंदगी को बदला

मंत्री ने कहा कि 2014 से इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार ने पूरे देश में कनेक्टिविटी और रोजमर्रा की जिंदगी को बदल दिया है। राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 2014 में लगभग 91,000 किमी से बढ़कर 2026 में लगभग 1.46 लाख किमी हो गई है, जबकि मेट्रो नेटवर्क 248 किमी से बढ़कर 1,000 किमी से अधिक हो गया है। हवाई अड्डों की संख्या 70 से बढ़कर लगभग 160 हो गई है, जो दोगुनी से भी ज्यादा है। अकेले पिछले पांच वर्षों में, 57,000 किमी से अधिक राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया है, जिससे सालाना लगभग 33 करोड़ व्यक्ति-दिन का रोजगार पैदा हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि आज 164 से अधिक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही हैं, 260 स्लीपर ट्रेनसेट की योजना है, और सात नए घोषित हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर को स्वदेशी तकनीकें पावर देंगी।

### भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बना

केन्द्रीय मंत्री पुरी ने आगे कहा कि भारत ने 2014 से घरेलू स्तर पर 2,000 से अधिक मेट्रो कोच बनाने में 2.5 लाख करोड़ से अधिक का निवेश किया है। उडान योजना के तहत, 1.5 करोड़ यात्रियों ने उन रूटों पर यात्रा की है जो पहले मौजूद नहीं थे, जिससे भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन गया है। एमएसएमई और स्वच्छ विकास पर, मंत्री ने कहा कि बजट 2014 से हुई प्रगति को आगे बढ़ाता है और प्रतिस्पर्धात्मकता को स्थिरता के साथ जोड़ता है। बायो-फार्मा शक्ति जैसी पहल, जिसमें 10,000 करोड़ का खर्च होगा, 10,000 करोड़ का एमएसएमई ग्रोथ फंड, और आत्मनिर्भर भारत फंड में 2,000 करोड़ का टॉप-अप, इनोवेशन और एंटरप्राइज को और मजबूत करेगा।

पुरी ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले एक दशक में भारत के विकास पथ में मानव पूंजी विकास केंद्रीय रहा है। 2014 से, आईआईटी की संख्या 16 से बढ़कर 23, आईआईएम की 13 से 21, एम्स की 7 से 23 और मेडिकल कॉलेजों की 387 से 819 हो गई है। उन्होंने कहा कि अब भारत के जांजीबार और अबू धाबी में अंतरराष्ट्रीय आईआईटी कैंपस हैं, जो भारत के शिक्षा इकोसिस्टम की वैश्विक पहचान को दर्शाता है।

पत्रकार वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेन्द्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक विनोद चमोली, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान व सह मीडिया प्रभारी राजेन्द्र नेगी मौजूद रहे।

# सीएम ने किया चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव का टीजर लॉन्च

**■ 18 से 24 फरवरी तक जनपद में होगा सात दिवसीय आयोजन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एनएचपीसी सभागार बनबसा में सरस कॉर्बेट महोत्सव का आधिकारिक टीजर लॉन्च किया।

यह भव्य 7 दिवसीय आयोजन 18 से 24 फरवरी तक जनपद चम्पावत में आयोजित होगा। महोत्सव का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने की दूरदर्शी परिकल्पना को साकार रूप देते हुए किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह महोत्सव चम्पावत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्था, प्राकृतिक सौंदर्य और साहसिक पर्यटन गतिविधियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि देवभूमि के सांस्कृतिक रंग, लोक परंपराएँ और प्रकृति की अद्भुत छटा इस आयोजन के माध्यम से देश-विदेश तक पहुँचेगी। महोत्सव में कुमाऊँ की लोकसंस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिलेगी। बांसुरी, मस्कबीन और हुड़का की धुनों के बीच झोड़ा, छपेली और चांचरी जैसे पारंपरिक लोकनृत्य सांस्कृतिक संध्याओं को विशेष बनाएँगे। जनपद के प्रमुख आस्था केंद्र ख्र बालेश्वर मंदिर, पूर्णागिरि मंदिर और गोल्ज्यू देवता मंदिर ख्र की आध्यात्मिक गरिमा भी महोत्सव की पहचान बनेगी।


सरस मेला महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेगा, जहाँ स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय शिल्पकारों और ग्रामीण उद्यमियों के उत्पाद प्रदर्शित होंगे। फूड फेस्टिवल में उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजनों के साथ देशभर के स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लिया जा सकेगा।

पर्यटन और रोमांच के शौकीनों के लिए कॉर्बेट महोत्सव विशेष रहेगा। पंचेश्वर क्षेत्र में एंगलिंग, शारदा नदी में राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, माउंटेन बाइकिंग और हॉट एयर बैलून जैसी गतिविधियाँ पर्यटकों को रोमांच का अनूठा अनुभव देंगी। रात्रि में लेजर शो आयोजन को और भव्य बनाएगा।

# महापंचायत की आड़ में कांग्रेस व क्षेत्रीय दलों की राज्य विरोधी दलों से साठगांठ दुर्भाग्यपूर्ण: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने महापंचायत को लेकर कांग्रेस समेत क्षेत्रीय दलों पर राज्य विरोधी पार्टियों के साथ सांठगांठ का आरोप लगाया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने आरोप लगाया कि जिस संवेदनशील मुद्दे पर पीड़ित परिवार और जन भावना अनुसार सीबीआई जांच हो रही है, उसे विपक्ष अपनी चुनावी राजनीति का एजेंडा बनाना चाहता है। आंदोलनकारियों के खून से सने हाथों से कांग्रेसी 'हाथ' मिलाने की साजिश को जनता देख रही है।



**■ परिवार, जनभावना अनुसार सीबीआई जांच, विरोध विपक्ष का चुनावी एजेंडा: भाजपा**

मीडिया के सवालों का जबाब देते हुए उन्होंने कल होने वाली विपक्षी पंचायत को राज्य विरोधी नकारात्मक राजनीति का हिस्सा बताया है। उन्होंने कहा, दुखद बेटी के साथ हुए अन्याय को लेकर सरकार ने पूरी गंभीरता और तत्परता से कार्रवाई की है। जिसका नतीजा रहा कि सभी दोषियों को अदालत से उम्रकैद की सजा हुई है। मुख्यमंत्री धामी और भाजपा सरकार के स्पष्ट निर्देश और मॉनिटरिंग का परिणाम रहा कि एक भी दिन दोषी सलाखों से बाहर नहीं आ पाए। इतना ही नहीं जब तथाकथित सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो वीडियो से भ्रम और संशय का माहौल खड़ा करने का प्रयास किया गया तो मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए उसे प्राथमिकता पर लिया। इसी क्रम में पीड़ित परिवार से अन्य उच्च स्तरीय जांच को लेकर मशवरा किया गया। उनकी राय के आधार पर ही सीबीआई जांच की संस्तुति की गई, जिसका उद्देश्य है सभी आशंकाओं का निवारण। प्रदेश की जनता पूर्व में भी इस मुद्दे पर सरकार के पूरी तरह साथ थी, ऐसे में अब सभी को विश्वास है कि सीबीआई जांच से पूरी तरह दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सभी शंकाओं पर पूर्ण विराम लगाने की यही कोशिश विपक्ष को नागवार गुजर रही है। क्योंकि उनके नेता अच्छी तरह जानते हैं कि इस दुर्भाग्यपूर्ण प्रकरण को लेकर जो कुछ वे विगत वर्षों से कर रहे हैं वो पूरी तरह झूठ, भ्रम, अफवाह और साजिश पर आधारित है।

# रिवर फ्रंट से बदलेगी चम्पावत की तस्वीर: धामी

**■ टनकपुर में विकास की नई धारा, मुख्यमंत्री ने रखी 300 करोड़ योजनाओं की आधारशिला**

**■ मुख्यमंत्री द्वारा शारदा घाट का शिलान्यास, टनकपुर को मिलेगी नई पहचान**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चम्पावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चम्पावत के समग्र विकास के लिए 300 करोड़ से अधिक लागत की विभिन्न महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया।

मुख्यमंत्री द्वारा शिलान्यासित प्रमुख कार्यों में जनपद चम्पावत के अंतर्गत शारदा घाट पुनर्विकास (प्रथम चरण) कार्य 10,735 लाख, सिटी ड्रेनेज प्लान (प्रथम चरण) 6,649 लाख, नायरख्रखेरा क्षेत्र में डिजास्टर रेजिलिएन्स हेतु इकोलॉजिकल कॉरिडोर विकास 8,523 लाख, टनकपुर स्थित ग्राम पंचायत बस्तिया में टनकपुर-अस्कोट सीसी मार्ग पुनर्निर्माण 115 लाख, चम्पावत-खेतीखान मोटर मार्ग (एसएचख्र64) के अंतर्गत सुयालखर्क-पुनावे मिलान मार्ग का सुधारीकरण 320 लाख, माँ पूर्णागिरि घाटी (चूका क्षेत्र) में हेलीपैड निर्माण 187 लाख, विकासखंड पाटी में धूनाघाट-बसौट मोटर मार्ग नवनिर्माण 83 लाख, लोहाघाट में कामज्यूलाखभनारख्रैघाड़ी मोटर मार्ग सुधारीकरण 666.84 लाख, पाटी विकासखंड अंतर्गत सांगोख्रघिंघारूकोटख्रबांस बसवाड़ी मोटर मार्ग पुनर्निर्माण 89.36 लाख, टनकपुर के ग्राम बेलखेत में कवेराला नदी से बाढ़ सुरक्षा कार्य 125.96 लाख, तहसील पूर्णागिरि के ग्राम बमनपुरी में हुड्डी नदी से हो रहे भू-कटाव की रोकथाम हेतु सुरक्षा कार्य 154.63 लाख, स्वामी विवेकानंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट में परीक्षा हॉल निर्माण 672.11 लाख, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के चम्पावत परिसर में केंद्रीय पुस्तकालय, चहारदीवारी एवं मिनी स्टेडियम निर्माण 2,045.78 लाख, कस्तूरबा गांधी छात्रावास टनकपुर का विस्तारीकरण 384.50 लाख तथा जिला कमांडेंट होमगार्ड्स कार्यालय के अनावासीय भवन का निर्माण 224.71 लाख शामिल हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शारदा रिवर फ्रंट परियोजना क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का आधार बनेगी और चम्पावत को पर्यटन, आस्था तथा आधुनिक शहरी सुविधाओं के मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगी।

### इन योजनाओं से सीमांत क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से शिक्षा, सड़क, पर्यटन, आपदा प्रबंधन, शहरी विकास तथा आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाया जाएगा। इससे सीमांत क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा युवाओं, किसानों, विद्यार्थियों और पर्यटकों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चम्पावत आस्था, संस्कृति और इतिहास से समृद्ध भूमि है। यहाँ की आध्यात्मिक चेतना जीवन को दिशा देने वाली शक्ति है। माँ शारदा ज्ञान, विद्या और संस्कार की प्रतीक हैं और उनके पावन धाम के घाटों का विकास करना सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि टनकपुर की धरती पर आते ही उन्हें विशेष ऊर्जा का अनुभव होता है।

कार्यक्रम के दौरान उपाध्यक्ष, उत्तराखण्ड वन एवं पर्यावरण सलाहकार समिति, श्याम पाण्डेय, अध्यक्ष, जिला पंचायत चम्पावत आनन्द सिंह अधिकारी, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, चम्पावत प्रेमा पाण्डेय समेत अन्य विभिन्न अधिकारी तथा लोग मौजूद रहे।

# सैन्यधाम करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र: जोशी

**■ सैनिक कल्याण मंत्री ने किया निर्माणाधीन सैन्यधाम के अंतिम चरणों के निर्माण कार्यों का निरीक्षण**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को देहरादून के गुनियाल गांव में निर्माणाधीन सैन्यधाम के अंतिम चरणों के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था एवं विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंत्री जोशी ने सैन्यधाम की भव्यता एवं दिव्यता पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने बताया कि सैन्यधाम करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है और इसका निर्माण कार्य अब लगभग अंतिम चरण में है। देशभर के प्रमुख स्मारकों के अध्ययन के बाद इस सैन्यधाम का निर्माण किया जा रहा है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि यह सैन्य धाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना और प्रदेश सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से समय लेकर सैन्यधाम का भव्य लोकार्पण किया जाएगा। मंत्री जोशी ने विश्वास जताया कि जैसे देश-विदेश से श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए उत्तराखण्ड आते हैं, उसी तरह सैन्यधाम भी देश-दुनिया के लोगों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनेगा। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय सैनिक बोर्ड सचिव ब्रिगेडियर दिग्विजय सिंह बसेरा, डिप्टी जीओसी ब्रिगेडियर आरएस थापा, मेजर जनरल सम्मी सबरवाल, निदेशक श्याम सिंह, परियोजना निदेशक रविंद्र कुमार, लक्ष्मण सिंह रावत, कैप्टन दिनेश प्रधान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंचायत की जमीनों से हटाए जाएंगे अवैध कब्जे: महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के पंचायतीराज, पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने पंचायतीराज विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए की पंचायत की भूमि पर जहां कहीं भी कब्जों और अतिक्रमण की स्थिति है उसे तुरंत हटाया जाना चाहिए।



**■ 29 विषयों को हस्तांतरित किए जाने की कार्रवाई को तुरंत अमल लाने के निर्देश**

उन्होंने लैंड बैंक की स्थिति का आंकलन करने के साथ-साथ 73वें संविधान संशोधन के फलस्वरुप संविधान की 11वीं अनुसूची में वर्णित 29 विषयों की निधियों, कार्यों एवं कार्मिक त्रिस्तरीय पंचायतों को हस्तांतरित किए जाने की कार्यवाही को भी तुरंत अमल में लाने के निर्देश दिए। पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज ने शनिवार को सहस्त्रधारा रोड, डंडा लखौंड स्थित पंचायती राज निदेशालय में पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की स्थिति का आंकलन करने के साथ-साथ विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान उन्होंने 15वें वित्त आयोग द्वारा प्रदेश को मिली धनराशि की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य को 2020-21 से 2025-26 तक 15वीं वित्त आयोग से टाइट फंड के तहत 1182.6 करोड़ और अनटाइड फंड से 1630.4 करोड़ की धनराशि सहित कुल 2813 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई है। उक्त धनराशि से पंचायतों में कंपोस्ट पिट, वर्मी कंपोस्ट पिट, कम्युनिटी डस्टबिन, कूड़ा कलेक्शन वैन, यात्री प्रतीक्षालय, रीसाइकलिंग प्लांट, प्लास्टिक वेस्ट प्रबंधन केंद्र, प्राथमिक कूड़ा संग्रहण केंद्र सहित गत पांच वर्षों में राज्य सेक्टर से 850 और आरजीएसए से 512 कुल 1362 पंचायत भवनों का निर्माण किया गया है। सरकार का लक्ष्य 2030 तक कुल 1953 पंचायत भवनों का निर्माण करना है। इसके लिए प्रति वर्ष औसतन 490 पंचायत भवन के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। महाराज ने बताया कि पांच दिवसीय आवासीय आधारभूत अभिमुखी करण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 58729 के सापेक्ष अभी तक 55274 नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों एवं वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। समीक्षा बैठक में पंचायती राज विभाग के विशेष सचिव पराग मधुकर धकाते, पंचायत निदेशक निधि यादव, संयुक्त निदेशक रविनाथ रमन त्रिपाठी, हिमाली जोशी पेटवाल, अपर निदेशक मनोज तिवारी आदि मौजूद रहे।

पंजाब नैशनल बैंक
.......भरोसे का प्रतीक
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)
punjab national bank
...the name you can BANK upon!
एसएएमबी दिल्ली, चौथी मंजिल, 7 भीकाजी कामा प्लेस, दिल्ली-110066
ई-मेल: zs8343@pnb.co.in
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।** एतद्वारा जनसामान्य को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) एवं जमानती(यों) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति क्रेडिटर के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक/प्रतिभूत क्रेडिटर के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा कर लिया गया था, की बिक्री सम्बद्ध कर्जदार(रों) एवं जमानती(यों) से बैंक/प्रतिभूत क्रेडिटर के बकायों की वसूली हेतु नीचे तालिका में वर्णित तिथियों पर "जहाँ है वहाँ है", "जो है वही है" तथा "जो कुछ भी है वहीं है" आधार पर की जायेगी। आरक्षित मूल्य तथा जमा धरोहर राशि नीचे तालिका में सम्बन्धित सम्पत्तियों के सम्मुख उल्लिखित के अनुसार होगी।

प्रतिभूत आस्तियों की अनुसूची

| लॉट संख्या | शाखा का नाम<br>खाते का नाम<br>कर्जदार/जमानतियों का नाम तथा पता खाता | अचल सम्पत्तियों का विवरण<br>बंधककर्ता/स्वामी का नाम<br>[सम्पत्ति(यों) के बंधककर्ता] | (A) सरफैसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत माँग सूचना की तिथि<br>(B) 30.06.2022 तक बकाया राशि<br>(C) सरफैसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा करने की तिथि<br>(D) कब्जे की प्रकृति (सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक) | (A) आरक्षित मूल्य<br>(B) ईएमडी<br>(C) संविदा वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि/समय | प्रतिभूति क्रेडिटर के संज्ञान में ऋणभारों का विवरण | अधिकृत प्राधिकारी का नाम एवं सम्पर्क नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सैम शाखा, दिल्ली<br>**मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया (पी) लिमिटेड**<br>मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया (पी) लिमिटेड पंजीकृत कार्यालय - 12, प्रथम तल, ईस्ट एंड एन्क्लेव, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली-110092<br>श्री राजीव गुप्ता (निदेशक एवं जमानती) मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पता: बी-102, जनसत्ता अपार्टमेंट, सेक्टर-9, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश- 201012<br>साथ ही: 12, प्रथम तल, ईस्ट एंड एन्क्लेव, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली-110092<br>प्रशांत कुमार शर्मा (जमानती) मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, लक्ष्मी विहार, बहादराबाद, हरिद्वार- 249402<br>श्रीमती चारु गुप्ता (जमानती) निवास पता - बी-102, जनसत्ता अपार्टमेंट, सेक्टर-9, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश- 201012<br>श्री राकेश शर्मा (निदेशक) मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 2386, चिपिवाड़ा, जामा मस्जिद, दिल्ली-110006<br>मेसर्स इस्पात उद्योग लिमिटेड मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से 12, प्रथम तल, ईस्ट एंड एन्क्लेव, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली-110092<br>श्री राकेश शर्मा (निदेशक एवं जमानती) मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 12, प्रथम तल, ईस्ट एंड एन्क्लेव, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली-110092<br>श्री आरपी गुप्ता (निदेशक एवं जमानती) मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बी-102, जनसत्ता अपार्टमेंट, सेक्टर-9, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश- 201012 | 1. विक्रय विलेख के अनुसार, संपूर्ण भूतल से छत तक, बिना छत के अधिकार के, क्षेत्रफल 102.84 वर्ग मीटर, भूतल पर दो कार पार्किंग सहित, प्लॉट संख्या 29 पर निर्मित, नगरपालिका संख्या 1/1873-ए वाली संपत्ति का एक भाग, खसरा संख्या 128 मीटर में से, चंद्रावली उर्फ शाहदरा गाँव के क्षेत्र में स्थित, मानसरोवर पार्क की आबादी में, दिल्ली, मेसर्स इस्पात अलॉयज इंडिया (प्रा.) लिमिटेड के नाम पर संपूर्ण संपत्ति के अंतर्गत भूमि का आनुपातिक हिस्सा।<br>सीमाएँ: पूर्व: गली 10 फीट, पश्चिम: सड़क 15 फीट, उत्तर: सड़क 20 फीट, दक्षिण: प्लॉट संख्या 32 (सांकेतिक कब्जे में) | A) 18.11.2014<br>B) रु. 29.58 करोड़ + भावी ब्याज एवं अन्य प्रभार सहित<br>C) 20.03.2015<br>D) सांकेतिक कब्जा | (A) रु. 49.50 लाख<br>(B) रु. 4.95 लाख<br>(C) रु. 0.50 लाख | 27.02.2026 को 11:00 बजे पूर्वा. से 04:00 बजे अप. | ज्ञात नहीं | पवन सिंह यादव मोबाइल: 9717133327 |
| | | 2. विक्रय विलेख के अनुसार, संपूर्ण द्वितीय तल से छत तक, बिना छत के अधिकार के, क्षेत्रफल 102.84 वर्ग मीटर, भूतल पर दो कार पार्किंग के साथ, प्लॉट संख्या 29 पर निर्मित, नगरपालिका संख्या 1/1873-ए वाली संपत्ति का एक हिस्सा, खसरा संख्या 128 मिन में से, दिल्ली के मानसरोवर पार्क की आबादी में चंद्रावली उर्फ ??शाहदरा गाँव के क्षेत्र में स्थित, साथ ही संपूर्ण संपत्ति के अंतर्गत भूमि का आनुपातिक हिस्सा श्री राजीव गुप्ता के नाम पर।<br>सीमाएँ: पूर्व: गली 10 फीट, पश्चिम: सड़क 15 फीट, उत्तर: सड़क 20 फीट, दक्षिण: प्लॉट संख्या 32 (सांकेतिक कब्जे में) | | (A) रु. 44.10 लाख<br>(B) रु. 4.41 लाख<br>(C) रु. 0.50 लाख | | | |

**ई-नीलामी बिक्री की नियम एवं शर्तें** : बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियम एवं शर्तों तथा आगे निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी : (1) सम्पत्तियों की बिक्री "जहाँ है जैसे है", "जो है वही है" तथा "जो कुछ भी है वहीं है" आधार पर की जा रही है। (2) यहाँ ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट प्रतिभूत आस्तियों के विवरण अधिकृत प्राधिकारी की सर्वोत्तम सूचना के आधार पर बताये गये हैं, किन्तु अधिकृत प्राधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलतबयानी अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। (3) प्रतिभूत परिसंपत्ति को आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेचा जाएगा। पहली बोली आरक्षित मूल्य से किसी भी अधिक राशि पर आरंभ होनी चाहिए। (4) अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिक्री वेबसाइट **https://Baanknet.com** पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऊपर निर्दिष्ट नीलामी तिथि और समय पर की जाएगी।
(5) अधिक जानकारी और बिक्री की नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया (i) https://Baanknet.com AüSX (ii) https://pnb.bank.in/ देखें (पूर्व पता: www.pnbindia.in)

**सरफैसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत सांविधिक बिक्री सूचना**

दिनांक : 07.02.2026 स्थान : दिल्ली
अधिकृत प्राधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक

# नगर निगम का भव्य कार्यालय बनेगा : डॉ. रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर बोर्ड के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को नवनिर्मित रजत जयंती पार्किंग में विकास का एक साल कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

मौके पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के दौरान रजत जयंती पार्क (वेस्ट टू वंडर पार्क), महादेव पार्किंग, वाल्मीकि चौक का भूमि पूजन, मां धारी देवी ग्लो साइन बोर्ड, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन का शिलान्यास, श्वान पशुओं के लिए एबीसी सेंटर का लोकार्पण, डांग सिन्द्रीगाड़ एवं ग्लास हाउस तक पथ प्रकाश हेतु विद्युत स्तंभों का लोकार्पण सहित अनेक जनहितकारी योजनाओं का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर

**■ नगर निगम के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण**

**■ एक वर्ष विकास का सिर्फ नारा नहीं, जमीनी बदलाव: आरती भंडारी**

नगर निगम के पार्षदों को विकास कु एक साल स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही निगम के स्वच्छता प्रहरी पर्यावरण मित्रों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नगर निगम श्रीनगर के पंचांग (कैलेंडर) का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि श्रीनगर के विकास के लिये पैसों की कमी नहीं रहेगी। बताया कि पानी की समस्या



से निजात दिलाने के लिये 70 करोड़ की लागत से 24 घंटे पानी उपलब्ध मिलेगा।

मंत्री डॉ रावत ने कहा कि देशभर में यदि किसी विधानसभा में सबसे ज्यादा विकास कार्य हुए हैं तो वह श्रीनगर विधानसभा है। बताया कि नगर निगम कार्यालय को भव्य बनाया जायेगा। कैबिनेट मंत्री ने 16 करोड़ की लागत से नदी कटाव को रोकथाम करने, नगर निगम क्षेत्र में पांच चौक बनाए जाने, मकान, पानी, उज्वला कनेक्शन प्रत्येक जरूरतमंद को लाभ देने, अल्केश्वर घाट के जल्द शिलान्यास किये जाने की बात कही।

मंत्री ने नगर निगम श्रीनगर से स्वच्छता में टॉप रैंकिंग लाने को

### 165 आंतरिक सड़कों व नालियों का सुधारीकरण हुआ

**श्रीनगर।** महापौर आरती भंडारी ने कहा कि निगम क्षेत्र की 165 आंत. रिक सड़कों व नालियों का सुधारीकरण कार्य 6 करोड़ 36 लाख 46 हजार रुपये की लागत से पूर्ण किया गया है। इसके अतिरिक्त 1 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से अन्य आंतरिक सड़कों का डामरीकरण कार्य भी पूरा हो चुका है। वर्तमान में 3 करोड़ 25 लाख 30 हजार रुपये की लागत से अन्य मार्गों पर कार्य प्रगति पर है।

लेकर बेहतर कार्य किये जाने को प्रोत्साहित भी किया। महापौर आरती भंडारी ने कहा कि एक वर्ष विकास का सिर्फ नारा नहीं, जमीनी बदलाव है। कहा कि स्वच्छ श्रीनगर, सुंदर श्रीनगर की परिकल्पना के साथ निगम बोर्ड ने बीते एक वर्ष में जनसमस्याओं को प्राथमिकता देते हुए ऐतिहासिक कार्य किए हैं।

कहा कि तिवारी मोहल्ले के वासियों को लंबे समय से परेशान कर रहा नाला अब पूरी तरह बनकर तैयार हो चुका है। निगम क्षेत्र में डोर-टू-डोर कूड़ा उठान व्यवस्था शुरू की गई है। अब सुबह और शाम कूड़ा वाहन घर-घर जाकर कूड़ा एकत्र करते हैं। आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से 100 प्रतिशत घरों से कूड़ा उठान किया जा रहा है और सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया गया है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी नुपुर वर्मा, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष सुषमा रावत, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रमिला भंडारी, नगर अध्यक्ष विनय घिल्डियाल, सहायक नगर आयुक्त रविराज बंगारी, सफाई निरीक्षक शशि पंवार सहित आदि मौजूद थे।

# गढ़वाल की मुखौटा परंपरा पर शोध को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** जनपद रुद्रप्रयाग के ग्राम कविल्ठा, कालीमठ (केदारघाटी) निवासी डॉ. नवीन चन्द्र भट्ट को गढ़वाल हिमालय की समृद्ध मुखौटा परंपरा पर शोध के लिए भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) की प्रतिष्ठित पोस्ट-डॉक्टोरल फेलोशिप के लिए चयनित किया गया है। उनका यह चयन न केवल जनपद बल्कि पूरे गढ़वाल क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।

डॉ. भट्ट का प्रस्तावित शोध गढ़वाल क्षेत्र की प्राचीन लोक-सांस्कृतिक मुखौटा परंपरा के ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आयामों का गहन अध्ययन करेगा।

यह शोध लोक परंपराओं को अकादमिक दृष्टि से समझने और भविष्य के लिए संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

**■ डॉ. नवीन का आईसीएसएसआर पोस्ट-डॉक्टोरल फेलोशिप को लेकर चयन**

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व डॉ. नवीन चन्द्र भट्ट ने हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के हिन्दी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग से वर्ष 2025 में गढ़वाल हिमालय के लोकगीतों पर अपना पीएच. डी. शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। डॉ. भट्ट की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों और स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनका शोध गढ़वाल की लोक- सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होगा।

# मकानों के नक्शे पास न होने पर आमजन परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** शनिवार को उपजिलाधिकारी कार्यालय श्रीनगर में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में जिला विकास प्राधिकरण, पौड़ी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मकानों के नक्शे पास न होने की समस्याओं का रखा गया। बैठक में जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्राधिकरण के सचिव राज. शे कुमार से दूरभाष पर वार्ता की और समस्या के त्वरित समाधान के लिए मंगलवार को अपने शासकीय आवास पर बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया

**■ कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत ने प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार से की वार्ता**

कि यदि इसके बाद भी समाधान नहीं निकलता है, तो महायोजना में आवश्यक संशोधन के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इस अवसर पर एसडीएम पौड़ी अनील सिंह गर्व्याल, एसडीएम श्रीनगर नूपुर वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल किशोर रावत, डॉ. कोठियाल, विभोर बहुगुणा, दिनेश असवाल सहित आदि मौजूद थे।

# चारधाम यात्रा को सुरक्षित बनाने पर जोर

**■ वन्यजीव हमलों पर सख्त नीति की मांग**

**■ भाजपा नेता कमलेश ने डीएम से की अहम बैठक**

**■ केदारनाथ वैकल्पिक मार्ग पर सौंपा हस्ताक्षरयुक्त पत्र**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** वरिष्ठ भाजपा नेता कमलेश उनियाल ने जिलाधिकारी प्रतीक जैन से शिष्टाचार भेंट कर चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने चिरबटियाखगुप्तकाशी मोटर मार्ग को चारधाम यात्रा सर्किट



के वैकल्पिक मार्ग के रूप में विकसित किए जाने का प्रस्ताव रखा, जिससे यात्रा को अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और निर्बाध बनाया जा सके।

बैठक में आपदाओं से क्षतिग्रस्त तथा अब तक अधूरे पड़े विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने पर भी सकारात्मक एवं सार्थक विचार-विमर्श हुआ। साथ ही क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान और वन्यजीवों से हो रहे नुकसान को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड शासन द्वारा केदारनाथ वैकल्पिक मार्ग के संबंध में मांगी गई रिपोर्ट के संदर्भ में उनियाल ने हस्ताक्षरयुक्त पत्र जिलाधिकारी को सौंपा। वहीं दूसरी ओर उनियाल ने जनपद के सिन्द्रवाणी गांव में गुलदार के हमले में पांच वर्षीय मासूम बच्चे की असमय मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं और अब सरकार को जंगली जानवरों के बढ़ते हमलों पर रोक लगाने के लिए स्पष्ट व ठोस नीति बनाकर प्रभावी कदम उठाने चाहिए।उन्होंने शोक संतप्त परिवार से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी तथा हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिवार को यह असहनीय दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की गई।

## एक नजर .......

### छात्रों को स्टार्टअप योजनाओं की दी जानकारी

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय की संस्थान नवाचार परिषद (आईआईसी) द्वारा टेक्नोलॉजी प्री-इन्क्यूबेशन सेल के सहयोग से डिजाइन थिंकिंग, क्रिटिकल थिंकिंग एवं इनोवेशन डिजाइन विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। गढ़वाल विवि के वनस्पति एवं सूक्ष्म जैविकी विभाग में हुए कार्यक्रम में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के डॉ. रविंदर कुमार ने ने भारत सरकार की प्रमुख नवाचार एवं स्टार्टअप योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने नवाचार, स्टार्टअप ढांचे तथा अनुसंधान को व्यावहारिक उपयोग में लाने की आवश्यकता पर बल दिया। आईआईसी सेल के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राम कुमार साहू युक्ति इनोवेशन चौलेंजेस की प्रक्रिया, पंजीकरण एवं उद्योग-उन्मुख नवाचारों हेतु सरकारी सहयोग पर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर डॉ. रवि कांत, प्रो. एन गोविंदन, डॉ. भास्करन सहित आदि मौजूद थे।

### बधाणी संस्था के सहयोग से बांटे किट

**थराली।** थराली में जोनशन एंड जोनशन के सहयोग से अमेरिकेयर्स इंडिया फाउंडेशन ने बधाणी संस्था के माध्यम से थराली के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में आपदा राहत किटों का वितरण किया ,अब तक थराली के कुराड़,चेपडो डूंगाखोली,पारथा, सगवाड़ा,सिमलसैण, सूना ,पैनगढ में आपदा प्रभावित परिवारों को राहत किट का वितरण किया गया है बधाणी संस्था के प्रेम देवराड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि नवी मुंबई की संस्था अमेरिकेयर्स इंडिया फाउंडेशन ने थराली के आपदा प्रभावित परिवारों को जोनशन एंड जोनशन के सहयोग से मदद करने के लिए कुल 1600 आपदा राहत किट उपलब्ध करवाई हैं जिन्हें अमेरिकेयर्स इंडिया फाउंडेशन की टीम बधाणी संस्था के साथ मिलकर वास्तविक आपदा प्रभावित परिवारों तक पहुंचा रही है ,इस राहत किट में रोजमर्रा की जरूरत की चीजों के साथ ही अन्य आवश्यक वस्तुएं हैं जिन्हें ग्राम प्रधानों द्वारा उपलब्ध आपदा प्रभावित परिवारों की सूची के आधार पर वितरित किया जा रहा है..इस बधाणी संस्था के अध्यक्ष प्रेम देवराड़ी, अनिल देवराड़ी, नरेश देवराड़ी, बाला दत्त, घनानंद देवराड़ी, आदि लोग मौजूद थे

### 15 फरवरी को होगा विराट हिन्दू सम्मेलन

**चमोली।** निजमुला घाटी के ग्राम व्यारा शिव मंदिर ने आगामी 15 फरवरी को विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित होगा। इसके लिए आयोजन समिति की ओर से व्यापक तैयारियां की जा रही है कार्यक्रम संयोजक बादर सिंह ने बताया कि ग्राम व्यारा में 15 फरवरी को विराट हिन्दू सम्मेलन की तिथि घोषित की गई है। बताया कि इसके बेहतर आयोजन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। विनोद सिंह फर्स्वाण ने बताया कि सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम व कलश यात्रा निकाली जाएगी और लोगों को अधिक से अधिक विराट हिन्दू सम्मेलन में शामिल होने का आहान किया है। बताया कि आयोजन को लेकर घर घर संपर्क अभियान चल रहा है। लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

### कानून व्यवस्था के खिलाफ राजभवन घेराव की तैयारी

**चमोली।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी दशोली की बैठक बद्रीनाथ विधायक लखपत बुटोला के नेतृत्व में तथा जिलाध्यक्ष सुरेश डिमरी की गरिमामई उपस्थिति में ब्लाक अध्यक्ष गोविंद सिंह सजवांण की अध्यक्षता में दशोली ब्लाक मुख्यालय चमोली में बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत संगठन की मजबूती,



मनरेगा बचाओ अभियान पर चर्चा व भाजपा सरकार में प्रदेश में बेलगाम होती कानून व्यवस्था के खिलाफ 16फरवरी को राजधानी देहरादून में राजभवन घेराव कार्यक्रम की तैयारी पर चर्चा व रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य अरविंद नेगी, पूर्व पीसीसी सदस्य सुदर्शन शाह,जिलाध्यक्ष महिला ऊषा रावत, संरक्षक आनंद सिंह पंवार, भगत कनियाल, शैलेंद्र नेगी, हर्षवर्धन नेगी, नरेन्द्र पंवार,रुद्र सिंह भंडारी मोहन सिंह नेगी आदि सामिल थे।

# नगर पालिका अध्यक्ष का एक साल बेमिसाल, किया श्वेत पत्र जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला /उत्तरकाशी।** नगर पालिका अध्यक्ष पुरोला बिहारी लाल शाह के बोर्ड का एक वर्ष पूरा हो गया है।

शनिवार को उन्होंने अपने कार्य काल के ष्एक साल बेमिसाल ष्को मीडिया के सामने श्वेत पत्र जारी किया है। पालिकाध्यक्ष अध्यक्ष बिहारी लाल शाह के नेतृत्व में बीते एक वर्ष के दौरान नगर क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों, स्वच्छता व्यवस्था, सड़क-नाली निर्माण, प्रकाश व्यवस्था तथा नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने अपनी प्रमुख उपलब्धियों में नगर के विभिन्न वार्डों में इंटरलॉकिंग टाइल्स से सड़क निर्माण, नालियों का निर्माण व



सुधार, स्ट्रीट लाइट स्थापना, जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता अभियान, पार्कों का सौंदर्यीकरण, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना तथा सार्वजनिक स्थलों के विकास जैसे कार्य कराए गए। नगर की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और साफ-सफाई को बेहतर बनाने के लिए भी अनेक कदम उठाए गए।

नगर पालिका क्षेत्र के लगभग सभी वार्डों में गलियों, संपर्क मार्गों और मुख्य सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों का विवरण श्वेत पत्र में शामिल किया गया है। श्वेत पत्र में बताया गया है कि नगर को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से सार्वजनिक शौचालयों, पार्किंग व्यवस्था, नगर सौंदर्यीकरण और सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था किया गया है।

इस अवसर पर सभासद मनोज हिमानी, श्वेता असवाल,

### छात्रों के लिए डिजिटल लाइब्रेरी की सौगात

नगर पालिका परिषद पुरोला के तेजतर्रार अध्यक्ष बिहारी लाल शाह ने नगर के प्रतिभावान विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक नई पहल की है। पालिका पुरोला ने 21 लाख रुपये की धनरा. शि से भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर लाइब्रेरी का शुभारंभ किया है। जिससे सैकड़ों युवाओं के भविष्य साकार हो रहा है।

करणा बिष्ट, पूनम नेगी, अनुराधा गुसाई , अधिशासी अधिकारी प्रदीप दयाल सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों सफल कार्यकाल के लिए नगर पालिका अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं।

# बड़कोट के होटल में ठहरे हुए थे 11 विदेशी, मालिक ने नहीं दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** बड़कोट स्थिति दुबटा में एक होटल स्वामी को विद. शी नागरिकों को बिना सूचना दिए ठहराना भारी पड़ा है। शनिवार को बड़कोट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला दिसम्बर 2025 का बताया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी श्रीमती कमलेश उपाध्याय ने बताया गया कि बड़कोट क्षेत्र के एक होटल में बिना पुलिस की जानकारी के 11 विदेशी नागरिकों ठहराने पर होटल स्वामी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आगे की विवेचनात्मक कार्यवाही जारी है, मामले में साक्ष्य व तथ्यों के आधार होटल स्वामी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की

**■ बिना सूचना विदेशी नागरिकों को ठहराना पड़ा भारी, होटल स्वामी पर मुकदमा दर्ज**

जायेगी। बड़कोट क्षेत्र में बिना पुलिस और एलआईयू को सूचना दिए 11 विदेशी नागरिकों को होटल में ठहरने के मामले में होटल मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि, दि फॉरनर एक्ट 1946 व भारत सरकार के गजट नोटिफिकेशन के अनुसार विदेशी नागरिकों के आगमन व ठहरने कि सूचना 24 घंटे के अंदर विदेशी पंजीकरण कार्यालय को देनी होती है।

# चमोली के सीमांत गांवों के पशुपालकों को मिली बड़ी सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

चमोली। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'वाइब्रेंट विलेज' योजना के तहत चमोली के सीमांत गांवों में पशुपालन और स्वास्थ्य सेवाओं को नया विस्तार देते हुए सरकार ने एक अनूठी पहल की है।

शनिवार को डीएम गौरव कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से पशुपालन विभाग और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के संयुक्त प्रयासों के तहत 'वेटेनरी मेडिकेयर यूनिट' वाहन को हरी

**■ 'वेटेनरी मेडिकेयर यूनिट' का शुभारंभ**

झंडी दिखाकर आईटीबीपी को सौंपा। यह सचल चिकित्सा इकाई दुर्गम क्षेत्रों में मवेशियों के उपचार के लिए मील का पत्थर साबित होगी, जिसका संचालन आईटीबीपी द्वारा किया जाएगा जबकि दवाइयों और आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति पशुपालन विभाग सुनिश्चित करेगा।

# अगस्त्यमुनि में विज्ञान और नवाचार का उत्सव मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अगस्त्यमुनि/रूद्रप्रयाग।** जनपद स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन अटल आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज, अगस्त्यमुनि में किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विकासखंडों से आए छात्रछात्राओं ने विज्ञान, तकनीक और नवाचार से जुड़े अपने-अपने प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने रचनात्मक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समस्या-समाधान

**■ जनपद स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत भव्य विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता संपन्न**

क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन कर अतिथियों व निर्णायकों को प्रभावित किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कृषि अनुसंधान केंद्र, जाखधार की वैज्ञानिक निवेदिता कुकरेती ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे मंच छात्रों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के साथ-साथ समाज की समस्याओं के समाधान की दिशा में नवाचार को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर प्रयोग, खोज और अनुसंधान की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेन्द्र सिंह बिष्ट ने कहा कि इंस्पायर अवार्ड मानक योजना विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें वैज्ञानिक नवाचार की दिशा में प्रोत्साहित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही भविष्य के वैज्ञानिक और नवप्रवर्तक हैं। ऐसे आयोजनों से छात्रों में आत्मविश्वास के साथ-साथ समस्या-समाधान की क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम में राजकीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष आलोक रौथाण, महामंत्री शंकर भट्ट, प्रधानाचार्य राइका अगस्त्यमुनि संजय सजवाण, रविंद्र पंवार, आशुतोष गौड़, दलीप सिंह, पंकज भट्ट, अश्विनी गौड़, लीला गैरोला, कुसुम गुसाई सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# एक कमरे में चल रही जूनियर हाई स्कूल की सभी कक्षाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** चमोली जनपद के देवाल विकासखंड के दूरस्थ प्राथमिक विद्यालय बमोटिया में प्राथमिक विद्यालय में चल रही हैं एक से लेकर 8 तक की सभी कक्षाएं विद्यालय का भवन जर्जर स्थिति में है। यहां विद्यार्थियों को शिक्षा से ज्यादा अपनी जान की फिक्र रहती है क्योंकि भवन जर्जर स्थिति में है।

बमोटिया में 2003 में प्राथमिक विद्यालय पूरी तरह संचालित हो चुका था। वहीं वर्ष 2012-13 में विद्यालय का उच्चारण किया गया और जूनियर हाई स्कूल बना दिया गया लेकिन वह केवल कागजों तक ही रह गया क्योंकि जूनियर हाई स्कूल तो बन गया लेकिन विद्यालय के लिए भवन का निर्माण नहीं हो

**■ जर्जर स्थिति में है बमोटिया में प्राथमिक विद्यालय भवन**

पाया जिससे प्राइमरी विद्यालय में ही जूनियर हाई स्कूल भी संचालित हो रहा है और इस विद्यालय में आंगनबाड़ी के बच्चे भी पढ़ते हैं लंबे समय से अभिभावकों ने और विद्यालय ने शिक्षा निदेशालय को लगातार पत्राचार भी किया लेकिन उसका सकारात्मक परिणाम आज तक नहीं मिला ग्रामीण रमेश राम ने बताया कि कई वर्षों से शिक्षा निद. शालय एवं शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को लगातार पत्राचार भी कर चुके हैं लेकिन विद्यालय के भवन कि अभी तक स्वीकृत नहीं मिल पाई है। और जो प्राइमरी



विद्यालय है. वह जर्जर हालत में है. एक कमरे में कक्षा 1 से लेकर 8 तक के सभी बच्चों की पढ़ाई होती है।

इन दिनों कुछ बच्चे विद्यालय के बरामदे में पठन-पाठन का कार्य चल रहा और बाहर शीतलहर का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है. विद्यालय में भवन न होने के चलते यहां छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि विद्यालय की भवन की स्वीकृति के लिए पैसा भी मिल चुका है. लेकिन फॉरेस्ट लैंड होने के चलते विद्यालय के भवन बनने में दिक्कतें हो रही है. विद्यालय का भवन बन सकता है जिसकी फाइल निदेशालय में तो है लेकिन वन भूमि हस्तांतरण नहीं हो पाया है।

खंड शिक्षा अधिकारी देवाल योगेंद्र ने बताया कि विद्यालय केवल एक कक्षा में संचालित किया जाता है क्योंकि विद्यालय का अन्य भवन जर्जर स्थिति में है स्कूली छात्र बरामदे में पठन-पाठन का काम करते हैं. उच्च अधिकारियों को लगातार पत्राचार किया गया है. समय पर धनराशि स्वीकृत होती है. तो विद्यालय के भवन की मरमत कार्य एवं सुधारीकरण का काम किया जाएगा. उन्होंने बताया कि प्राथमिक में 19 जूनियर हाई स्कूल में 18 छात्र छात्राएं हैं।

# वाल्मीकि चौक के निर्माण कार्य का शिलान्यास

**■ वाल्मीकि चौक का निर्माण सामाजिक समरसता का प्रतीक: आरती भंडारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर के अंतर्गत पीपलचौरी के पास वाल्मीकि चौक के निर्माण कार्य का शनिवार को महापौर आरती भंडारी ने शिलान्यास किया। इस मौके पर सुंदरकांड का पाठ भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नगर निगम की महापौर आरती भंडारी ने कहा कि शपथ ग्रहण के बाद सबसे पहली महर्षि वाल्मीकि चौक के निर्माण



करने की घोषणा की थी, जो कि अब धरातल में उतरने वाला है। कहा कि महर्षि वाल्मीकि चौक का निर्माण सामाजिक समरसता, आस्था और सम्मान का प्रतीक है। कहा कि नगर निगम श्रीनगर द्वारा शहर के चहुंमुखी विकास, सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। मौके पर सेवादल के अध्यक्ष भगवती सिंह कठैत, राजेंद्र बर्थवाल, आशीष उनियाल, हरि सिंह बिष्ट के साथ ही पार्षद विजय चमोली, राजकुमार, विकास चौहान, सुमित बिष्ट, प्रमेश चमोली, आशीष नेगी, अनुराग चौहान, नरेंद्र सिंह रावत, हर्ष सिंह रावत, रमेश रमोला, पंकज सती, दिनेश पटवाल, सुनीता गैरोला आदि मौजूद रहे।

# सशक्त नारी विकसित भारत की कुंजीःहरदीप पुरी

■ कहा - मोदी सरकार में बजट महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित ,कहा -महिला सशक्तिकरण और जेंडर बजटिंग पर सरकार का फोकस




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा महिला मोर्चा द्वारा विकसित भारत बजट 2026ख्27 विषय आधारित ष्महिला संवादष् कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने जोर देकर कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार के 13 साल के कार्यकाल में नवीं बार वित्त मंत्री के रूप में श्रीमती निर्मला सीतारमण ने बजट पेश किया है, ये हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि 2014 से पहले उत्तराखंड को बजट में औसतन केवल 190 करोड़ रुपये दिये जाते थे लेकिन इसको लगातार बढ़ते हुए केंद्र सरकार ने 26 गुना बढ़ाकर इस बार के बजट में 4760 करोड़ रुपये से भी ऊपर कर दिया है। उन्होंने ये भी याद दिलाया कि 2014 से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में 11 वे नंबर पर थी लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार हम जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। इसके साथ ही बजट में महिला सशक्तिकरण,नारीशक्ति को बढ़ाने और जेंडर बजटिंग पर ज्यादा जोर है। उन्होंने बताया कि पूर्व में जब वो 7 साल केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री रहे उसी दौरान सरकार ने स्वच्छता अभियान शुरू किया जिसमें महिलाओं के सम्मान के लिए देश भर में शौचालय बनाए गए, प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू की 70 प्रतिशत मकानों की मालिक महिलाएं ही बनीं। 14 करोड़ गैस कनेक्शन बढ़कर अब 33 करोड़ हो चुके है। ये सभी इसलिए किया गया क्योंकि मोदी का विकास का विजन महिलाओं पर केंद्रित है। उनका मानना है कि जब महिलाएं नेतृत्व करती हैं तभी जमीनी बदलाव आता है। इसके साथ ही उन्होंने उत्तराखंड की ढांचागत व्यवस्था के बेहतरीन सुधार की भी तारीफ की और बताया कि कैसे 8 घंटों का लंबा सफर अब मात्र 3 घंटों में पूरा हो जाता है। ये सब पूरे देश में इसीलिए हो पकड़ेगा है क्योंकि मोदी सरकार का विश्वास है कि जब पूंजीगत संसाधनों पर खर्च किया जाता है तभी देश सही मायनों में दीर्घकालिक प्रगति करता है।

इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने हरदीप पुरी का स्वागत किया।

उन्होंने ये भी बताया कि पूरे प्रदेश में महिला मोर्चा आज तक बजट संवाद और चौपाल के 33 सफल कार्यक्रम कर चुका है।

कार्यक्रम का संचालन मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ हिमानी वैष्णव ने किया।कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजय कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, राज्यमंत्री श्रीमती विनोद उनियाल एवं मधु भट्ट और भारी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता बहनें अपनी साथी महिलाओं के साथ उपस्थित रहीं।

# टनकपुर में संस्कृति और समरसता का उत्सव, सीएम ने लिया खिचड़ी प्रसाद

■ माघ खिचड़ी भोज में शामिल हुए मुख्यमंत्री धामी, खड़ी होली की धुनों पर झूम उठा टनकपुर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चंपावत :**टनकपुर स्थित शारदा घाट में आयोजित पारंपरिक माघ खिचड़ी भोज कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सहभाग कर प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति से जुड़ाव का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को स्वयं प्रसाद वितरित किया तथा स्थानीय नागरिकों के साथ बैठकर माघ खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्थानीय महिलाओं के साथ कुमाऊँ की प्राचीन लोक परंपरा "खड़ी होली" में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में घेरा बनाकर खड़े होकर कुमाऊँनी लोकगीत गाए, जिनमें मुख्यमंत्री ने भी स्वर मिलाया।

ढोल-दमाऊँ और लोकधुनों की मधुर लय पर पूरा वातावरण भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक गौरव से ओतप्रोत हो उठा। टनकपुर की गलियों में गूंजती खड़ी होली ने कुमाऊँ की जीवंत लोक परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि माघ मास श्रद्धा, सादगी, संयम और समरसता का प्रतीक है। खिचड़ी भोज जैसी परंपराएँ समाज को एक सूत्र में बांधती हैं, वहीं खड़ी होली जैसी लोक विधाएँ हमें अपनी जड़ों, संस्कृति और विरासत से जोड़ती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी परंपराएँ सामाजिक एकता को सुदृढ़ करती हैं और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक पहचान से परिचित कराती हैं।

# पंगरियाणा की महिलाओं को मिली नई सौगात,

**नई टिहरी।** सीमांत पर्वतीय क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक और सार्थक पहल की गई है। सामाजिक संस्था समूण फाउंडेशन ने अपनी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए भिलंगना विकासखंड के दूरस्थ क्षेत्र में हुनर को तराशने का बीड़ा उठाया है। शुक्रवार को ग्राम पंचायत पंगरियाणा में संस्था के 15वें समूण स्किल डेवलपमेंट सेंटर का भव्य उद्‌घाटन किया गया। इस केंद्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवेश की महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार और स्वरोजगार की मुख्यधारा से जोड़ना है।केंद्र का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य हिंदाव विक्रम घणाता ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहाड़ की नारी शक्ति अदम्य साहस और परिश्रम की प्रतीक है, बस आवश्यकता है उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर प्रदान करने की।

# राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज सुद्धोवाला में तम्बाकू जागरूकता कार्यशाला आयोजित

■ गाइडलाइन के मानक पूर्ण करने पर शैक्षिक संस्थान को तम्बाकू मुक्त घोषित किया गया



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा के निर्देशानुसार शनिवार को राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय महिला पॉलिटेक्निक सुद्धोवाला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मनोवैज्ञानिक डॉ अनुराधा द्वारा तम्बाकू के दुष्परिणामों कोटपा अधिनियम 2003 की विभिन्न धाराओं एवं इसकी शारीरिक एवं मानसिक निर्भरता के कारणों पर विस्तृत चर्चा की गयी।

इस कार्यक्रम में 70 छात्राओं तथा कॉलेज फैकल्टी द्वारा प्रतिभाग किया गया। साथ ही कार्यक्रम से पूर्व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें 35 छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया।

विजेता प्रतिभागियों को प्रकोष्ठ द्वारा पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। साथ ही तंबाकू मक्त

शिक्षण संस्थान

गाईडलाइन के मानक पूर्ण करने पर शैक्षिक संस्थान को तम्बाकू मुक्त घोषित किया गया। प्रकोष्ठ की ओर से संस्थान को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया।अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एन.एच.एम. डॉ बिमलेश जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के शैक्षिक संस्थानों में युवा वर्ग को तम्बाकू उत्पादों से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ताकि युवा पीढ़ी तम्बाकू उत्पादों का उपभोग ना करें। इस कार्यक्रम में संस्थान की प्रधानाचार्य श्रीमती सरिता कटियार, कॉलेज फैकल्टी रोमी, जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ से रेखा उनियाल एवं प्रवीन खत्री उपस्थित रहे।

# विकास एवं स्वच्छता के कार्य प्रतिबद्धता के साथ जारी रखे मसूरी नगर पालिका : जोशी

■ नगर पालिका परिषद के नव-निर्वाचित बोर्ड की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**मसूरी।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को मसूरी स्थित टाउन हॉल में नगर पालिका परिषद के नव-निर्वाचित बोर्ड की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिषद द्वारा बीते एक वर्ष की उपलब्धियों एवं आगामी प्रस्तावित विकास कार्यों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया।

प्रस्तुतीकरण में नगर क्षेत्र में किए गए एवं प्रस्तावित कार्यों में आरसीसी सड़क मार्गों एवं आंतरिक सड़कों का निर्माण, सुरक्षा रेलिंग, सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण, प्याऊं की सुविधा, टाउन हॉल का सुदृढ़ीकरण, वार्डों में सामुदायिक भवनों का निर्माण, पथ प्रकाश लाइट, हाई मास्क लाइट सहित अन्य जनहितक. ारी कार्य शामिल रहे।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोशी ने नगर की स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पर्यावरण मित्रों उपहार एवं गर्म कम्बल भेंट कर सम्मानित किया।

उन्होंने पर्यावरण मित्रों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मसूरी शहर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है, जिसके लिए शासन द्वारा नगर पालिका को 25 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। उन्होंने नगर पालिका परिषद को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी विकास एवं स्वच्छता के कार्य इसी प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेंगे।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी गौरव भसीन, मोहन पेटवाल, बोर्ड के सभी सदस्यगण सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का उत्तराखण्ड आगमन पर किया स्वागत

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को देहरादून में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के उत्तराखण्ड आगमन पर पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को उत्तराखण्ड के ब्रांड हाउस ऑफ हिमालयास के स्थानीय उत्पादों की किट भेंट की तथा बद्रीनाथ धाम का प्रसाद एवं शॉल भेंट किया।

# सांस्कृतिक सप्ताह का रंगारंग समापन

■ श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के अंतिम दिन पाक कला प्रतियोगिता ( फूड फेस्ट ) का हुआ आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** श्री गुरु राम राय विश्व. विद्यालय, देहरादून में विद्यार्थियों की सांस्कृतिक, रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित सांस्कृतिक सप्ताह का आज भव्य समापन हुआ। सप्ताह के अंतिम दिन पाक कला प्रतियोगिता (फूड फेस्ट) का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मकता एवं कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपने-अपने व्यंजनों की आकर्षक प्रस्तुति एवं सशक्त अभिव्यक्ति के माध्यम से निर्णायकों तथा दर्शकों का मन मोह लिया। पूरे सप्ताह विश्वविद्यालय परिसर में नृत्य, संगीत, फैशन शो, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, रंगोली तथा फूड फेस्ट जैसी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसी क्रम में 07 फरवरी को विश्वविद्यालय के पटेल नगर कैंपस के बास्केटबॉल कोर्ट में प्रतियोगिताओं का आयोजन संपन्न हुआ, जिनके परिणाम अंतिम दिन घोषित किए गए।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट श्रीमहंत देवेंद्र दास महाराज ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।ार्यक्रम का उद्‌घाटन विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) के. प्रतापन द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. लोकेश गंभीर ने कहा कि विश्व. विद्यालय अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर प्रदान करता है। डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. (डॉ.) मालविका सती कांडपाल ने कहा कि विद्यार्थियों के मानसिक, सामा. जिक एवं भावनात्मक विकास के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक समिति की चेयरपर्सन डॉ. प्रिया पांडे, चीफ प्रॉक्टर डॉ. गणराजन, विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों के डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता के साथ साथ विभाग की आर्थिक मजबूती भी अहमःअनिल

■ एमडी यूपीसीएल ने की कुमांयू दौरे में विद्युत व्यवस्थाओं की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एनएचपीसी बनबसा गैस्ट हाउस सभागार में विभागीय हितधारकों के साथ बजट पूर्व संवाद के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उत्तराखंड पावर कार्पोरेशन लीमीटेड के प्रबन्ध निदेशक ने यूपीसीएल की ओर से प्रतिभाग किया । बैठक में उनके साथ निद. ेशक (परिचालन), यूपीसीएल भी उपस्थित रहे।

इसके बाद प्रबन्ध निदेशक ने कुमॉयू क्षेत्र में विद्युत व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण एवं उपभोक्ता सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उददेश्य से दो दिवसीय दौरे की भी शुरूवात की गई। इस क्रम में प्रबन्ध निदेशक ने यूपीसीएल के काशीपुर मण्डल एवं रूद्रपुर जोन कार्यालय में क्षेत्रीय एवं फील्ड अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठकें की। प्रबन्ध निदेशक ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को लक्ष्यों के सापेक्ष पूर्ण राजस्व वसूली किये जाने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता के साथ साथ विभाग की आर्थिक मजबूती भी महत्वपूर्ण है, जिसके लिए सभी अधिकारी समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से राजस्व संग्रहण सुनिश्चित करें। बैठकों में विशेष रूप से राजस्व प्राप्ति, नियमित बिलिंग हेतु एनबी, एसबी एवं आईडीएफ से सम्बन्धित मामलों के निस्तारण पर बल दिया तथा वर्तमान में चल रही योजनाओं की प्रगति, स्मार्ट मीटरिंग कार्यों की स्थिति, विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता, लाइन लॉस में कमी, उपभोक्ता शिकायतों का त्वरित निस्तारण तथा अन्य परिचालन विषयों पर गहन चर्चा की गई।बैठक में प्रबंध निद. ेशक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व संग्रह में सुधार के लिए फील्ड स्तर पर सघन अभियान चलाया जाए, लंबित गागलो का रागगबद्ध निरतारण सुनिश्चित किया जाए व उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्मार्ट मीटरिंग परियोजना को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने तथा इसके लाभ उपभोक्ताओं तक स्पष्ट रूप से पहुंचाने पर भी विशेष बल दिया गया। इस दौरान प्रबंध निदेशक ने उपसंस्थानों, फीडरों एवं अन्य विद्युत परिसंपत्तियों का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। ग्राउंड लेवल रिव्यू के दौरान उन्होंने वास्तविक समस्याओं को नौके पर ही समझते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं का लाभ तभी सार्थक होगा जब उसका प्रभाव उपभोक्ता तक सीधे दिखाई दे।

प्रबंध निदेशक ने अधिकारियों को टीम भावना, उत्तरदायित्व एवं संवे. दनशीलता के साथ कार्य करने तथा उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, पारदर्शी और उपभोक्ता-केंद्रित विद्युत सेवाएँ उपलब्ध किये जाने के लिए प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि फील्ड स्तर की सक्रियता, नियमित मॉनिटरिंग और समयबद्ध निर्णय ही बेहतर विद्युत व्यवस्था की कुंजी है।

इस दौरान उनके साथ एमआर आर्य, निदेशक (परिचालन),एनएस टोलिया, मुख्य अभियन्ता (रूद्रपुर जोन) तथा अन्य उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# टिहरी नगर पालिका में लगा जनता दरबार

**नई टिहरी।** उत्तराखंड सरकार द्वारा सुदूरवर्ती क्षेत्रों में अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए शुरू की गई मुहिम अब शहरी क्षेत्रों में भी जोर पकड़ने लगी है। न्याय पंचायत स्तर पर मिली अभूतपूर्व सफलता के बाद शासन के निर्देशों के क्रम में अब नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में भी जन जन की सरकार, जन जन के द्वार कार्यक्रम के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज टिहरी नगर पालिका परिषद के प्रांगण में इस अभियान का दूसरा भव्य शिविर आयोजित किया गया, जहां प्रशासन ने जनता के द्वार पर पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान किया।

**सार्वसाधारण को सूचना**

परिषद की वीरभद्र ऋषिकेश योजना जिला देहरादून में स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या 01 क्षेत्रफल-336 वर्ग मीटर का आवंटन परिषद के प्रदेशन पत्र संख्या-1239 दिनांक 02-04-1992 द्वारा श्री रामबाबू पुत्र श्री चिरन्जीलाल के पक्ष में हुआ थां आवंटी द्वारा आवश्यक विलेखों का निष्पादनोंपरान्त उक्त भूखण्ड का कब्जा एवं पट्टा विलेख दिनॉक-27-3-1996 को परिषद से प्राप्त करते हुये, पट्टा विलेख का पंजीयन दिनांक 26 मार्च 1996 उप निबंधक के कार्यालय में पंजीकृत कराया गया ततपश्चात् आंबटी द्वारा अपने मुख्तोरआम् क्रांन्ति भूषण गर्ग पुत्र श्री एम0 सी0 गर्ग द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय श्रीमती सरस्वती गुप्ता पुत्र श्री दीनानाथ के पक्ष में दि0 10-7-1998 को निष्पादित कर पंजीयन दिनॉक 10-8-1998 को उप निबंन्धक कार्यालय ऋषिकेश जिला देहरादून में पंजीकृत किया गया थां क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड का नामान्तरण कार्यालय आदेश सं0 572 दि0 12-10-1998 द्वारा कराया गया हैं तत्पश्चात् क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय श्री सुभाष चन्द गुप्ता एवं श्रीमती ज्ञानती देवी, श्री इन्दर सिंह धीमान एवं श्रीमती शांति देवी, डा0 उषा अरूण, श्री रामवीर सिंह एवं श्री रामप्रकाश तिवारी एवं श्रीमती सरीन तिवारी के पक्ष में किया गया हैं केता श्री सुभाष चन्द गुप्ता एवं श्रीमती ज्ञानती देवी द्वारा अपने मुख्तारेआम् श्री ताराचंद शर्मा द्वारा स्वंय के कय भाग का विक्रय श्रीमती पन्ना देवी को करते हुये विक्रय विलेख दि0 10-4-2004 को उप निबंधक ऋषिकेश के कार्यालय में पंजीकृत कराया गया हैं श्रीमती पन्ना देवी की मृत्यू दिनांक 21-4-2021 को होने के उपरान्त उनके पुत्र श्री भगत राम शर्मा द्वारा श्रीमती पन्ना देवी द्वारा दी गयी वसीयत के आधार पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने एवं अन्य केतागणों के पक्ष करने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है, जिसके क्रम में उनके द्वारा श्रीमती पन्ना देवी का मृत्यू प्रमाणपत्र, वसीयत क्रेतागणों / विक्रेता के संयुक्त हस्ताक्षरित आवेदन पत्र, प्रमाणित फोटो, विक्रेता व क्रेता का शपथपत्र, क्षत्रिपूर्तिबन्धक पत्र एवं अन्य आवश्यक प्रपत्र जमा कराये गये है, जिसके आधार पर उक्त सम्पत्ति उपरोक्तानुसार क्रेतागणों एवं श्री भगत राम शर्मा के पक्ष में नामान्तण किया जाना हैं उक्त सम्पत्ति का नामान्तरण एकल सम्पत्ति के रूप में ही मान्य होगां यदि किसी व्यक्ति / पक्षकार को उक्त सम्पत्ति के नामान्तरण किये जाने में कोई आपत्ति हो, तो इस पत्र निर्गमन की तिथि से 21 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति, /अनापत्ति, साक्ष्य सहित प्रस्तुत करें, निर्धारित तिथि के उपरान्त उक्त सम्पत्ति का नामान्तरण क्रेतागणों के पक्ष में कर दिया जायेगा तथा नामान्तरण के उपरान्त कोई क्लेम (दावा) परिषद को मान्य नही होगां

**सह प्रभारी सम्पत्ति**
**उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद**

# पत्रकार पर हमला करने वाले शीघ्र हों गिरफ्तारः गोदियाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने वरिष्ठ पत्रकार हेम भट्ट पर हुए जानलेवा हमले की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए इसे अभिव्यक्ति की आजादी तथा लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पर हमला बताते हुए हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। गोदियाल ने घायल पत्रकार हेम भट्ट के निवास पर पहुंचकर मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। हेम भट्ट ने अपने साथ हुए प्रकरण के बारे में गोदियाल को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जनहित के मुद्दे पर न्यूज दिखाने के चलते उन पर हमला किया गया तथा भविष्य में ऐसी न्यूज न चलाने की धमकी दी गई।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इसे लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है तथा उत्तराखंड में आम आदमी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनता और पत्रकारों को जनहित से जुडे मुद्दे उठाने पर इस प्रकार के हमलों का सामना करना पड़ रहा है यह स्थिति राज्य के लिए उचित नहीं है तथा कानून व्यवस्था की पूरी तरह से पोल खोलती है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाय तथा उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाय।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com
UJVNL

पत्रांक-109 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक- 07/02/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-आर0एण्डआर0-टिहरी) लखवाड़ बहुद्‌देशीय परियोजना, यूजेवीएन लिमिटेड, डाकपत्थर (देहरादून), इच्छुक निविदादाताओं से पृथक एवं मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है-

**निविदा सं0-02/EE (Civil-R&R-Tehri)/LMP/2025-26**

**कार्य का नाम** -लखवाड़ बहुउद्‌देशीय परियोजना कु आर0एण्ड0आर0 कार्यों हेतु उपजिलाधिकारी, धनौल्टी/नैनबाग, टिहरी गढ़वाल के लिए 01 नग हल्का डीजल (महिन्द्रा मेक बोलेरो अथवा उच्च मॉडल) वाहन (पूल वाहन) चालक सहित एक वर्ष के लिए किराये पर लगाना।

**अनुमानित लागत**- रू 4,56,250/- (जी.एस.टी. अतिरिक्त)

**बेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि**- 09.02.2026 को 16.00 बजे से

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि**- 24.02.2026 को 16.00 बजे तक

अन्य विस्तृत जानकारी हेतु कृपया हमारी बेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की बेबसाइट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते है।

**अधिशासी अभियन्ता (जानपद-आर0एण्डआर0-टिहरी)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा
**उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) कुटुम्ब विहार, ग्रा0 व पो0 सिनौला, मसूरी, देहरादून-248003
फोन नं. : 0135-2736032 e-mail: jalnigam.mussoorie@yahoo.com

पत्रांक-310/135/15 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांकः- 06.02.2026

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यो के लिये सम्मुख अंकित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें दिनांक 21.02.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक कार्यालय में आंमत्रित की जाती है, जो उसी दिन (अथवा अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस में) अपराह्न 3:30 बजे उपस्थित निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष इस कार्यालय मे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी।

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा का मूल्य (रु0 में) | निविदा विक्रय की अन्तिम तिथि | पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मसूरी सीवरेज योजनान्तर्गत मसूरी नगर के फायर स्टेशन, रिवेरा होटल व आसपास के क्षेत्रों को सीवर लाईन से मुख्य सीवर लाईन तक जोड़ना एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 50000.00 | 03 माह | 1500.00 + GST@18% | 20.02.2026 | "डी" श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी (पाईप लाईन) |
| 2. | मसूरी सीवरेज योजनान्तर्गत मसूरी नगर के वार्ड नं0-7 में हीराभवन, रॉक्सी होटल व काली मन्दिर व वार्ड नं0-02 के मैरीविल स्टेट के आसपास के क्षेत्रों में सीवर लाईन बिछाना एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 50000.00 | 03 माह | 1500.00 + GST@18% | 20.02.2026 | |

नोटः- शर्तें कार्यालय दिवस एवं कार्यालय समय में इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अभियन्ता**

# महज एक मोबाइल के लिए दिव्यांग ई-रिक्शा चालक की हत्या, एक गिरफ्तार व दूसरा आरोपी फरार





सैफ सलमानी/शाह टाइम्स

**हरिद्वार।** रानीपुर क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां सिर्फ एक मोबाइल फोन छीनने और पुलिस की शिकायत के डर से दो युवकों ने मिलकर एक दिव्यांग ई-रिक्शा चालक की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले की गुत्थी सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसकी निशानदेही पर शव भी बरामद करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। वहीं दूसरे फरार आरोपी की तलाश की जारी है। हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने शनिवार को रानीपुर कोतवाली में प्रेस वार्ता कर घटना का खुलासा करते हुए बताया कि विष्णुलोक कॉलोनी के रहने वाले रामआसरे ने 4 फरवरी को रानीपुर कोतवाली में अपने 38 वर्षीय दिव्यांग बेटे मनीष की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मनीष एक फरवरी से लापता था। पुलिस जब मनीष की तलाश में जुटी, तो पता चला कि ज्वालापुर के रहने वाले अयान उर्फ सुन्नत ने बैरियर नंबर-5 के पास मनीष से फोन करने के बहाने मोबाइल मांगा था और उसे लेकर भाग गया था। जब मनीष ने अयान के घर जाकर अपने मोबाइल की शिकायत की और पुलिस के पास जाने की धमकी दी, तो अयान डर गया। उसने अपने साथी बिलाल के साथ मिलकर मनीष को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। आरोपियों ने मनीष को शराब पीने के बहाने बीएचईएल के पास झाड़ियों में बुलाया। वहाँ विवाद होने पर अयान ने गला घोंटकर मनीष की हत्या कर दी और शव को प्लास्टिक के कट्टे में भरकर सुपरवाइजर हॉस्टल के पास फेंक दिया।

रानीपुर कोतवाली प्रभारी आशुतोष राणा ने बताया कि आरोपी अयान को गिरफ्तार उसके पास से मृतक का मोबाइल भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर झाड़ियों से मनीष का शव बरामद कर लिया है। मामले में शामिल दूसरे आरोपी बिलाल की तलाश अभी जारी है। आरोपी बिल्ला हत्या के मामले में पूर्व जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। कोतवाली रानीपुर प्रभारी निरीक्षक आशुतोष राणा, व.उ.नि. नितिन चौहान, चौकी प्रभारी विकास रावत, मन्दीप सिंह और कां. दीप गौड, सुमन डोभाल, रविन्द्र बिष्ट व अजीतराज की मुख्य भूमिका रही।

## मासूमों के सिर से उठा पिता का साया, अब किसके सहारे कटेगी इन मासूमों की जिंदगी की राहें?

**हरिद्वार।** समाज में बढ़ती अपराध की मानसिकता ने न केवल एक बेगुनाह की जान ली, बल्कि तीन मासूम बच्चों के भविष्य पर भी अंधेरा छा दिया है। दिव्यांग ई-रिक्शा चालक मनीष की हत्या महज एक वारदात नहीं, बल्कि एक हंसते-खेलते छोटे से संसार की तबाही है। मनीष की पत्नी पहले ही अपने परिवार का साथ छोड़ चुकी थी और अब पिता के चले जाने के बाद ये तीन मासूम दुनिया में बिल्कुल अकेले पड़ गए हैं। मनीष अपने पैरों से लाचार जरूर था, लेकिन अपने तीनों बच्चों के लिए वह किसी पहाड़ जैसी हिम्मत से कम नहीं था। ई-रिक्शा चलाकर जो भी रूखा-सूखा कमाता, उससे अपने बच्चों का पेट पालता था। घर में मां नहीं थी, इसलिए पिता ही उनके लिए मां और बाप दोनों था। बच्चों को क्या पता था कि जिस पिता का वो शाम को घर लौटने का इंतजार कर रहे हैं, वह अब कभी वापस नहीं आएगा।

हैरानी की बात यह है कि हत्यारों ने सिर्फ एक साधारण से मोबाइल के लिए इस परिवार को उजाड़ दिया। मनीष ने सिर्फ अपना हक मांगा था और पुलिस की धमकी दी थी, लेकिन आरोपियों की दरिंदगी ने यह भी नहीं सोचा कि इस हत्या के बाद उन तीन मासूमों का क्या होगा? जिनका दुनिया में मनीष के अलावा कोई और सहारा नहीं है।

आज मनीष का ई-रिक्शा खामोश खड़ा है और घर के कोने में बैठे तीन बच्चे टकटकी लगाए दरवाजे की ओर देख रहे हैं। पिता की मौत ने उनके सिर से इकलौती छत और सहारा छीन लिया है। यह घटना समाज के चेहरे पर एक गहरा घाव छोड़ गई है कि क्या चंद रुपयों के लालच और पकड़े जाने के डर के आगे मासूमों की जिंदगी की कोई कीमत नहीं रह गई है?

# केंद्रीय बजट विकास और समावेशी भारत का रोडमैप : त्रिवेन्द्र सिंह रावत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने केंद्रीय बजट को विकास, निवेश, रोजगार और समावेशी भारत की दिशा में एक संतुलित व भविष्यपरक बजट बताया। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि यह बजट तेज आर्थिक विकास, क्षमता निर्माण और 'सबका साथख्रसबका विकास' की भावना पर आधारित है।

उन्होंने बताया कि बजट में विनिर्माण, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, एमएसएमई और स्टार्टअप्स पर विशेष ध्यान दिया गया है। हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, कर सुधार और निर्यात को बढ़ावा देने से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

सांसद ने कहा कि बजट में उत्तराखंड के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। राज्य को केंद्रीय करों में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी तथा रेल बजट में 4800 करोड़ रुपये का



प्रावधान किया गया है। पर्यटन और जलवायु परिवर्तन को लेकर भी अहम कदम उठाए गए हैं। मनरेगा पर उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना समाप्त नहीं हुई है, केवल प्रावधानों में बदलाव किया गया है। इस दौरान विधायक मदन कौशिक, आदेश चौहान, मेयर किरण जैसल, भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, विकास तिवारी, लव शर्मा, धर्मेंद्र चौहान, हीरा सिंह, बिष्ट विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर मेयर किरण जैसल को बधाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मेयर किरण जैसल के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, नगर विधायक मदन कौशिक एवं रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने डामकोठी में उन्हें बुके भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर बधाई दी। सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि मेयर किरण जैसल का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा रहा है और वे शहर के विकास में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं को नेतृत्व का अवसर देकर उन्हें सम्मान दे रही है और मेयर किरण जैसल अपनी कार्यकुशलता से अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी हैं। विधायक मदन कौशिक व आदेश चौहान ने कहा कि मेयर किरण जैसल के नेतृत्व में धर्मनगरी का चहुंमुखी विकास हो रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, विकास तिवारी, विमल कुमार, हीरा सिंह बिष्ट और अभिनव चौहान भी उपस्थित रहे।

## सड़क में गड्ढा बनने पर नगर निगम सख्त, जल संस्थान को नोटिस जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नारायणी शिला मार्ग पर सड़क में गड्ढा बनने के मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम, हरिद्वार ने जल संस्थान, हरिद्वार को नोटिस जारी किया है। नगर निगम का कहना है कि हाल ही में जल संस्थान द्वारा विभागीय कार्य के अंतर्गत सड़क किनारे मरम्मत कार्य कराया गया था, जिसके बाद उक्त स्थान पर सड़क धंस गई। नगर निगम के अनुसार, सड़क में बने गड्ढे से आम नागरिकों के जान-माल को खतरा उत्पन्न हो गया था। जांच में यह भी सामने आया है कि जल संस्थान ने मरम्मत कार्य शुरू करने से पूर्व नगर निगम से न तो कोई अनुमति ली और न ही विभाग को इसकी सूचना दी। नगर निगम द्वारा जारी नोटिस में जल संस्थान को निर्देशित किया गया है कि संबंधित स्थल पर तत्काल प्रभाव से मानकों के अनुरूप मरम्मत कार्य कराया जाए, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके। साथ ही नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में निगम क्षेत्र में किसी भी प्रकार का कार्य कराने से पहले संबंधित विभाग को नगर निगम से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना सूचना किए गए कार्यों से होने वाली किसी भी अप्रिय घटना की पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। नगर निगम ने दो टूक कहा कि शहर की सड़कों की सुरक्षा और नागरिकों की जान-माल की रक्षा निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है और लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## हरिद्वार में मेगा स्वच्छता अभियान, डाम कोठी से भागीरथी घाट तक चला सफाई अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन एवं जिलाधिकारी के आदेश पर हरिद्वार में मेगा स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत डाम कोठी परिसर से हुई, जहां प्राधिकरण के सचिव मनीष सिंह ने अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। इसके बाद डाम कोठी से भागीरथी घाट तक व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाकर बड़ी मात्रा में कचरा एकत्र कर निस्तारित किया गया तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सोनिका ने कहा कि स्वच्छता निरंतर चलने वाली सामाजिक जिम्मेदारी है और गंगा नगरी की पवित्रता बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। सचिव मनीष सिंह ने स्वच्छता



को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। अधिकारियों ने कचरा प्रबंधन, नियमित सफाई और जनभागीदारी पर जोर दिया। अभियान में प्रशासनिक अधिकारी, अभियंता, कर्मचारी और स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## जोमेटों कर्मी से मारपीट कर लूटी नकदी, दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम बोगला के बाल्मीकि मन्दिर के पास तीन लड़कों ने जोमेटो सप्लाई कर अपने कमरे पर लोट रहे युवक को रोकबकर उस पर जान लेवा हमला कर दिया। जिसमें युवक बहोश हो कर गिर गया, बेहोश होने के बाद उसकी जेब से लगभग 5 हजार रुपये लूट कर फरार हो गए। पीड़ित ने चौकी बाजार में तहरीर देकर हमला व लूट करने वाले युवकों के खिलाफ कार्यवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित सचिन सैनी पुत्र पुराण सिंह, निवासी मुरादाबाद हाल निवासी ग्राम बोगला ने आशु, आजाद व अंशुल पटेल पर आरोप लगाया है कि उन्होंने उसके साथ मारपीट कर बेहोश होने पर उसके जेब में रखी 5 हजार की नगदी लूट दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार मामले ककी जांच शुरू कर दी है।

## पंजनहेड़ी गोलीकांड में अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने एसपी से मिले ग्रामीण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पंजनहेड़ी गोलीकांड प्रकरण में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित चौहान के भाई सचिन चौहान और रिश्तेदार कृष्णपाल पर गोली चलाने वाले अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीण एवं समर्थक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। जहां एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह ने उन्हें जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने खुलेआम घूम रहे आरोपियों से जान को खतरा बताया। मातृसदन के ब्रह्मचारी सुधानंद की शिकायत पर जांच कराने के दौरान 28 जनवरी को ग्राम पंजनहेड़ी में उषा टाउनशिप में हुए गोलीकांड प्रकरण में अभी तक चार आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। हालांकि मातृसदन के ब्रह्मचारी सुधानंद को अग्रिम जमानत मिल गई है। लेकिन अन्य आरोपी





भाजयुमो का प्रदेश मंत्री तरुण चौहान पुत्र दीपक, गौरव चौहान पुत्र प्रदीप कुमार, अभिषेक चौहान उर्फ सिम्मी पुत्र सतवीर, अभिषेक पुत्र त्रिलोक चंद गिरफ्तार नहीं किए जा चुके हैं। इनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित चौहान ग्रामीण परिजनों एवं समर्थकों के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। जहां पर उनकी समस्या एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह ने सुनी। अमित चौहान और ग्राम प्रधान प्रदीप चौहान ने आरोपियों के खुलेआम घूमने से अपने एवं परिवार को असुरक्षित बताया। उन्होंने कहा कि ये आरोपी कभी भी उनपर या परिवारजनों पर अटैक कर सकते हैं। क्योंकि तरुण चौहान और गौरव पर लाइसेंसी हथियार मौजूद है। उन्होंने इन सभी लाइसेंस निरस्त करने की गुहार लगाई। एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह ने उनकी एक सूत्री मांग सुनकर आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश जारी है। इस मौके पर अवनीश चौहान, राहुल चौहान, संजय चौहान, चंदन सिंह, अंकित चौहान, राजकुमार, आकाश कुमार, शंकर, गौतम कुमार, विनीत चौहान, सहदेव, अभिषेक उर्फ शानू चौहान, विशाल, शैलेंद्र मिश्रा, तरुण चौहान, राहुल, योगेंद्र चौहान, अंकित, दिवाकर, राकेश चौहान आदि शामिल हुए।

## पार्षद अहसान अंसारी के नेतृत्व में वार्ड में चलाया सफाई अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वार्ड 44 त्रिमूर्ति नगर के पार्षद अहसान अंसारी के नेतृत्व में वार्ड में वृहद सफाई अभियान चलाया गया और सड़कों एवं नाले नालियों की सफाई कर में बड़ी स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान में नगर निगम के पर्यावरण पर्यवेक्षक कुसुम पाल, अखिल कुमार एवं स्थानीय निवासी शामिल हुए। इस दौरान पार्षद अहसान अंसारी ने कहा कि बीमारियों एवं संक्रामक रोगों से बचाव के लिए अपने घरों के आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखें। गंदगी इधर-उधर ना फेंकें, वेस्ट सामग्री नियत स्थान पर ही डालें। नगर निगम के कर्मचारियों का सहयोग करें। हरिद्वार को स्वच्छ सुंदर बनाने में प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। अहसान अंसारी ने कहा कि वार्ड की जनता सफाई के प्रति जागरूक होगी तो



क्षेत्र स्वच्छ व सुंदर होगा। जाफिर अंसारी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को गंदगी मुक्त की शपथ लेनी चाहिए। नाले नालियों की नियमित सफाई होनी चाहिऐ। सड़कों को कूड़ा मुक्त मुक्त करने में सभी को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अन्य क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को स्वच्छ अभियान के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। पार्षद एहसान अंसारी लगातार स्वच्छता के प्रति जागरुक हैं। उन्हीं के प्रयासों से अन्य लोग भी सफाई अभियान में हिस्सा ले रहे हैं।

## स्वयं सेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को जनपद में चलाए गए मेगा स्वच्छता अभियान में सहभागिता करते हुए प्रेम नगर आश्रम से जुड़े 700 से ज्यादा श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं ने आश्रम प्रबंधक पवन कुमार, अनुज सिंह



रावत, शंकर लाल शर्मा एवं हेमेंद्र सिंह के नेतृत्व में सामूहिक श्रमदान किया। जानकारी देते हुए प्रेम नगर आश्रम के प्रबंधक पवन कुमार ने बताया कि क्लीन हरिद्वार कैंपेन योजना के तहत स्वच्छता सेवा के लिए आश्रम को लगभग 4 किलोमीटर का क्षेत्र दिया गया था। शनिवार को आश्रम में निवास करने वाले संत, सेवाकर्मी तथा आश्रम से जुड़े हरिद्वार, ऋषिकेश, लक्सर व रुड़की के 700 से ज्यादा कार्यकर्ता अभियान में शामिल हुए और ऋषिकुल मैदान से लेकर सिंहद्वार नहर पटरी एवं ऋषिकुल से शंकर आश्रम तक सड़क के दोनों और सफाई की तथा कूड़े का निस्तारण किया। मेयर किरण जैसल ने आश्रम पहुंचकर सभी स्वयंसेवकों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल, मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा ने भी आश्रम के स्वच्छता सेवा कार्य की प्रशंसा की।

## गंगा में मिला बुजुर्ग का शव

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली के खड़खड़ी क्षेत्र में गंगा नदी में एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। नगर कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि शनिवार को 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि खड़खड़ी शमशान घाट के पास गंगा नदी में एक शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने जब मृतक की तलाशी ली, तो उसके पास से कोई भी सामान या पहचान पत्र बरामद नहीं हुआ। मृतक की उम्र करीब 65 वर्ष बताई जा रही है। पहचान न हो पाने के कारण पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। अन्य थानों में मृतक की फोटो भेजकर उसकी पहचान करने की कोशिश कर रही हैं।

## न्यू चंद्राचार्य चौक व्यापार मंडल ने चलाया सफाई अभियान

### सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में सभी की सहभागिता जरूरी : मृदुल


शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** न्यू चंद्राचार्य चौक व्यापार मंडल के अध्यक्ष मृदुल कौशिक के नेतृत्व में व्यापारियों ने भगत सिंह चौक के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया और सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। जीएसएटी असिस्टेंट कमिश्नर सुनीत श्रीवास्तव भी व्यापारियों के साथ सफाई अभियान में शामिल हुए। व्यापार मंडल अध्यक्ष मृदुल कौशिक ने कहा कि स्वच्छता जीवन का हिस्सा है। शहर को गंदगी मुक्त करने और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी को सहभागिता करनी चाहिए। उन्होंने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं जिला अधिकारी मयूर दीक्षित के स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में अपना



सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहना है तो गंदगी को भगाना है। कूड़ा करकट, अपशिष्ट पदार्थ इधर-उधर ना फेंकें। नियत स्थान पर ही कूड़ा डालें। सुनील गुलाटी एवं अनूप सिंह सिद्धू ने कहा कि स्वच्छता जीवनचर्या का अभिन्न अंग हे। सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में मिलकर सहयोग करें। अन्य लोगों को भी सफाई के प्रति प्रेरित करें। इस दौरान पराग चाकलान, सुरेश सिंह, प्रेम थापा, पवन दवे, हिमांशु सैनी, राजेश कुमार, ब्रजराज खरे, सचिन गुप्ता आदि व्यापारी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## नाले पर बनाई पुलिया को किया ध्वस्त



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** उत्तराखंड सिचाई विभाग ने शनिवार को बालाजी मंदिर के निकट इब्राहिमपुर में दीवान एंकलेव द्वारा सिचाई के माइनर पर अतिक्रमण कर बनाई गई पुलिया को विभाग के डी.आर.ओ. कुलदीप सिंह रावत के नेतृत्व में जेसीबी से ध्वस्त कर दिया।

इस अवसर पर विभाग के जे.ई. आदेश कुमार, रजत कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। विभाग ने सख्त आदेश दिया हैं कि सिचाई विभाग की किसी भी भूमि, नहर, नालों की पटरियों पर अतिक्रमण बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

# बड़े पर्दे पर फिर नजर आए हरिद्वार के शादाब सलमानी

### भाबी जी घर पर हैं, फिल्म में की दमदार एंट्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** देवभूमि से निकलकर मायानगरी तक पहचान बना चुके हरिद्वार के युवा अभिनेता शादाब सलमानी ने एक बार फिर अपनी अभिनय क्षमता का लोहा मनवाया है। टीवी की दुनिया में मजबूत पकड़ बनाने के बाद अब शादाब ने लोकप्रिय कॉमेडी शो 'भाबी जी घर पर हैं' की फिल्म के जरिए बड़े पर्दे पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है, जो हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। ज्वालापुर ईदगाह रोड निवासी शादाब सलमानी लगातार टीवी और फिल्मों में सक्रिय रहे हैं। इससे पहले वे अक्षय कुमार की फिल्म 'कटपुतली', फिल्म 'मिली' और लोकप्रिय टीवी धारावाहिक



'जिंदगी की महक' समेत कई प्रोजेक्ट्स में नजर आ चुके हैं। अलग-अलग किरदारों में अपनी छाप छोड़ चुके शादाब अब 'भाबी जी घर पर हैं' की फिल्म में अहम भूमिका निभाते दिखाई दे रहे हैं। फिल्म की शूटिंग उत्तराखंड के आकर्षक पर्यटन स्थलों देहरादून और मसूरी में की गई है। शादाब के अनुसार शूटिंग के दौरान प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता को कैमरे में बेहद खूबसूरती से कैद किया गया है, जिससे उत्तराखंड को एक नई पहचान मिलती नजर आती है। फिल्म का निर्माण और शूटिंग दा इम्प्रेशंस ग्रुप के बैनर तले की गई है। इस फिल्म में टीवी शो की लोकप्रिय स्टार कास्ट के साथ भोजपुरी और हिंदी सिनेमा के चर्चित कलाकार रवि किशन, मनोज तिवारी और दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' भी प्रमुख भूमिकाओं में दिखाई दे रहे हैं। बड़े कलाकारों के बीच स्थानीय अभिनेता शादाब सलमानी की मौजूदगी को लेकर हरिद्वार में खासा उत्साह है और इसे जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत माना जा रहा है।

# महापौर किरण जैसल के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण, 35 विकास कार्यों का पत्रक जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार नगर निगम की महापौर किरण जैसल सहित भाजपा के बोर्ड को एक वर्ष पूरा हो गया है इस उपलक्ष में प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता करते हुए भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विकास तिवारी ने कहा कि आज से ठीक 1 वर्ष पूर्व हरिद्वार की सम्मानित जनता ने भारतीय जनता पार्टी की महापौर किरण जैसल को जिम्मेदारी सौंपी थी उस पर उन्होंने खरा उतरने का प्रयास किया है इस अवसर पर उन्होंने 35 विकास कार्यों के एक पत्रक का विमोचन भी प्रेस क्लब में किया। विकास तिवारी ने कहा कि शहर के सौंदर्यकरण, स्वच्छता एवं जल भराव के स्थाई समाधान को लेकर एक वृहद कार्य योजना तैयार की गई है शहर में दो नई पार्किंग, तीस नए कूड़ा वाहन,आयुष्मान आरोग्य मंदिर, देवपुरा में गंगा म्यूजियम का निर्माण जैसे कार्य प्रमुख है।





भाजपा के जिला महामंत्री हीरा सिंह बिष्ट ने बताया कि महापौर श्रीमती किरण जैसल के 1 वर्ष की सफलतम कार्यकाल के उपलक्ष में कल दिनांक 8 फरवरी रविवार को दोपहर 2बजे ऋषिकुल ऑडिटोरियम में हरिद्वार की महापौर किरण जैसल सहित सभी भाजपा पार्षदो अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि उत्तराखंड प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरिद्वार लोकसभा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत विधायक मदन कौशिक विधायक आदेश चौहान सहित प्रमुख भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे प्रेस वार्ता में सांसद प्रतिनिधि अनिल पुरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विपिन शर्मा, मंडल मीडिया प्रभारी राहुल शर्मा उपस्थित रहे।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# जनता दरबार में डीएम व विधायक ने मौके पर निपटाए कई मामले



**■ जन जन की सरकार कार्यक्रम के तहत नगर पालिका क्षेत्र में लगा पहला शिविर, बिजली-पानी और सड़क की समस्याओं की गूंज शिविर में 180 लोगों ने की शिरकत, 59 लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ, पर्यावरण मित्रों को बांटी गई स्वास्थ्य किट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तराखंड सरकार की महत्त्वाकांक्षी पहल जन जन की सरकार, जन जन के द्वार अब ग्रामीण क्षेत्रों से निकलकर शहरी निकायों तक पहुँच गई है। न्याय पंचायत स्तर पर मिली अपार सफलता के बाद अब नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में भी आम जनमानस की समस्याओं के त्वरित निदान के लिए शिविरों का आयोजन शुरू कर दिया गया है। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद चंबा के बादशाहिथौल में प्रथम भव्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल, स्थानीय विधायक किशोर उपाध्याय और नगर पालिका अध्यक्ष शोभनी धनोला ने संयुक्त रूप से जनता की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया।

शिविर के दौरान विभिन्न वार्डों से आए फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। सुमन कॉलोनी वार्ड संख्या एक से आई पूजा बडोनी ने कॉलेज रोड की खस्ताहाल स्थिति से अवगत कराया, जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए वहां इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने के निर्देश दिए। वहीं लोक निर्माण विभाग कॉलोनी चंबा निवासी मुन्नी देवी ने अपनी कॉलोनी में पुश्ते के टूटने से मकानों को हो रहे खतरे की गुहार लगाई, जिस पर संबंधित विभाग को सुरक्षात्मक कार्य करने को कहा गया। धरासू रोड निवासी राजेन्द्र प्रसाद थपलियाल ने सौर ऊर्जा संयंत्र के मीटर में गलत वायरिंग और अत्यधिक बिल आने की शिकायत की, जिसे गंभीरता से लेते हुए विद्युत विभाग को तुरंत ठीक करने के आदेश दिए गए। इसके अलावा पिंगलदास द्वारा रोजगार हेतु दुकान की मांग पर नगर पालिका को उचित स्थान आवंटित करने के निर्देश जारी किए गए।

शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपने क्षेत्रों के विकास से जुड़े मुद्दे उठाए। वार्ड सदस्य शक्ति जोशी ने राष्ट्रीय राजमार्ग 707 ए पर नाली निर्माण और बंद नालियों की सफाई का मुद्दा उठाया, तो वार्ड सदस्य मनोरमा नकोटी ने पार्किंग की समस्या रखी। इस दौरान नगर पालि. का के पर्यावरण मित्रों ने भी अपनी आवाज बुलंद की और एक धर्मशाला, मंदिर निर्माण के लिए भूमि, वाल्मीकि चौक की स्थापना और आवास की मांग प्रशासन के सामने रखी।

शिविर में बंदरों के आतंक, बिजली के झूलते तार, पेड़ों की लॉपिंग और साफ-सफाई को लेकर कुल 29 शिकायतें दर्ज की गईं, जिन्हें संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण के लिए सौंप दिया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि एक ही छत के नीचे लगभग दो दर्जन विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी से जनता को दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे हैं और समस्याओं का समाधान तेजी से हो रहा है।

जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने सभी नगर निकायों को सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी। शिविर की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें 180 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया और मौके पर ही 59 पात्र लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण मित्रों को स्वास्थ्य रक्षक किट और बाल विकास विभाग द्वारा महालक्ष्मी किट का वितरण भी किया गया। शिविर में शक्ति जोशी, महेश पैन्यूली, विक्रम चौहान, दीपक गुनसोला, गौरव फोन्दणी, अरविन्द मखलोगा, सरोजनी गैरोला, सुशील बहुगुणा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### सीएम योगी ने गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय का किया स्थलीय निरीक्षण

कोटद्वार । शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यमकेश्वर स्थित महायोगी गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने महाविद्यालय परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक रेनू बिष्ट, अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, महाविद्यालय प्रशासन एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### ड्रेनेज प्रणाली का मेयर ने किया स्थलीय निरीक्षण

**कोटद्वार।** नगर निगम के महापौर शैलेन्द्र रावत ने निगम अधिकारियों के साथ क्षेत्र में ड्रेनेज प्रणाली का स्थलीय निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य आगामी बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए जल निकासी व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का आकलन करना तथा आमजन को हो रही समस्याओं का मौके पर निरीक्षण कर उनके समाधान को सुनिश्चित करना रहा। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नालियों में अवरोध, गंदगी का जमाव, टूट-फूट एवं जलभराव की समस्या पाई गई। इस पर महापौर ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण किया जाए, नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा जहां आवश्यक हो वहां मरम्मत एवं सुधार कार्य तत्काल प्रारंभ से किया जाए। इस अवसर पर महापौर ने स्पष्ट किया कि जल निकासी की सुचारु व्यवस्था आमजन के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से सीधे तौर पर जुड़ी हुई है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। नगर निगम द्वारा निरंतर निगरानी रखते हुए समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य सफाई निरीक्षक सुनील चौधरी, जल संस्थान के कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता एवं स्थानीय आमजन उपस्थित रहे।

### सेलाकुई पुलिस ने गुमशुदा को बिहार से तलाश कर किया परिजनों के सुपुर्द

**सेलाकुई।** थाना सेलाकुई पुलिस ने गुमशूदा लड़की को बिहार से तलाश कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजेश कुमार पुत्र राम कुमार निवासी पीलीभीत हाल निवासी सेलाकुई ने अपनी पुत्री के घर से बिना बताए चले जाने के संबंध में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी वर्तमान में प्रचलित अभियान के दृष्टिगत एसएसपी देहरादून द्वारा दिये गए निर्देशों पर तत्काल थाना सेलाकुई पर टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा गुमशुदा के घर तथा उसके आसपास आने जाने वाले मार्गो पर लगे सीसीटीवी कैमरो को चेक किया गया तथा अन्य परिचितों से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी एकत्रित की गई। पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा को जनपद बिहार से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस टीम में एसआई कृपाल सिंह, अपर उप निरीक्षक उमेद असवाल, सिपाही मुकेश, प्रवीण शामिल रहे।

### शिवालिक एकेडमी में विदाई समारोह का आयोजन




**विकासनगर।** शिवालिक एकेडमी में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा 12 के विद्यार्थियों के मनोरंजन हेतु विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया, जिनका बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। इसके पश्चात रैंप वॉक और प्रश्नोत्तर दौर का आयोजन किया गया। इन सबके उपरांत अभिनव रमोला को मिस्टर शिवालिक तथा जेसमिथा पिंटो को मिस शिवालिक के खिताब से सम्मानित किया गया। विद्यालय के हेड बॉय प्रिंस भंडारी तथा हेड गर्ल जया दास द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही "स्टार्स ऑफ शिवालिक एकेडमी" शीर्षक के अंतर्गत विद्यार्थियों को विशेष टाइटल प्रदान किए गए जिसमें सुमित झा को द रिलाइबिल लीडर, वंश राणा को द आइडियल लरनर, जेसमिथा पिंटो को क्यून, प्रियंशी रावत को क्रियेटिव एक्सीलेंस विद रिसपोन्सीबिलिटी टाइटल से सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी त्यागी ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# सेपियंस स्कूल हरबर्टपुर में कला प्रदर्शनी का आयोजन

**■ विद्यार्थियों ने विविध प्रकार की कलाकृतियों को किया प्रदर्शित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सेपियंस विद्यालय हरबर्टपुर में अभिभावक-शिक्षक बैठक के अवसर पर एक भव्य कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'वेस्ट से बेस्ट की ओर' रखा गया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई विविध प्रकार की कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया, जिनमें रचनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संदेश देखने को मिला।

यह प्रदर्शनी कला शिक्षिका उमा पुंडीर एवं मोनिका वर्मा के कुशल संरक्षण एवं मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के अथक प्रयासों से सफलतापूर्वक संपन्न हो सकी। प्रदर्शनी में बेकार समझी जाने वाली वस्तुओं से तैयार की गई आकर्षक एवं उपयोगी कलाकृतियाँ सभी के आकर्षण का केंद्र रहीं। विशेष रूप से नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी कक्षा तक के नन्हे विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियाँ दर्शकों के लिए अत्यंत मनमोहक और प्रेरणादायक रहीं। बच्चों की कल्पनाशक्ति, रंगों का संयोजन और नवाचार ने सभी अभिभावकों व अतिथियों को अत्यधिक प्रभावित किया।

इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका रश्मि गोयल एवं प्रधानाचार्या गीता नेगी ने विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में नवाचार, आत्मविश्वास तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करती हैं। इस अवसर पर विभू गोयल, विद्या जोशी, अदिति आले, ममता शर्मा, वंदना, विनीता शर्मा आदि समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

# विकासनगर पहुंचने पर राज्यसभा सांसद ने केंद्रीय बजट पर दी अपनी प्रतिक्रिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** विधानसभा विक. ासनगर में आज राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी ने हाल ही में पेश हुए केंद्रीय बजट पर चर्चा करते हुए उन्होंने इसे 'सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी' बताया। डॉ. सैनी ने कहा कि यह बजट मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देने के साथ-साथ विक. सित भारत के संकल्प को सिद्ध करने वाला है।



विकासनगर पहुंचने पर राज्यसभा सांसद डॉ कल्पना सैनी का पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया, इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए सांसद डॉ. कल्पना सैनी ने कहा कि बजट में मध्यम वर्ग के लिए टैक्स छूट का दायरा बढ़ाना सरकार का एक साहसी कदम है। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के लिए जारी बजट को अहम बताते हुए इस बात पर भी जोर दिया कि इस बजट में उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में बुनियादी ढांचे के विकास और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों पर विशेष ध्यान दिया गया है। डॉ. सैनी ने विपक्षी दलों की आलोचना को दरकिनार करते हुए स्पष्ट किया कि यह बजट केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि देश के अंतिम व्यक्ति तक सशक्तिकरण पहुँचाने का एक ठोस ब्लूप्रिंट और विकसित भारत 2047 की ओर बढ़ते कदम हैं।पत्रकार वार्ता में क्षेत्रीय विधायक मुन्ना सिंह चौहान, पूर्व विधायक कुलदीप कुमार और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान, जिला महामंत्री यशपाल नेगी, अमित डबराल, प्रदेश संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ अरुण मित्तल, जिला उपाध्यक्ष ऋषभ अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र चावला, पूर्व जिला महामंत्री विनोद कश्यप, मंडल अध्यक्ष अनुज गुलरिया, शुभम गर्ग, जिला सोशल मीडिया प्रभारी प्रशांत नेगी, जिला सह संयोजक सोशल मीडिया आकाश मुल्तानी, खालिद मंसूरी आदि उपस्थित रहे।

# द अल्टस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों को दी गई भावपूर्ण विदाई

**सहसपुर।** विकासखंड सहसपुर के क्षेत्र रामपुर स्थित द अल्टस इंटरनेशनल स्कूल में विदाई समारोह का शुभारंभ स्कूल मैनेजमैंट विजय नागर, चीयर पर्सन वन्दना नागर, प्रबंधक हर्ष नागर, प्रधानाचार्या अनु गुप्ता तथा सृष्टि नागर द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में कक्षा 9वीं तथा 11वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा मनोरंजक फिल्मी गानों पर डांस तथा हंसी मजाक से परिपूर्ण नाटक प्रस्तुत किए गए वहीं कक्षा 11 के शोएब तथा दिवस के हास्य नाटक ने सबका मन मुग्ध कर लिया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं तथा 12वीं के छात्र-छात्राओं को म्यूजिकल चेयर, बैलेंसिंग द वाटर जैसे खेल भी खिलाए गए और जीतने वाले को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनु गुप्ता ने बच्चों को बोर्ड परीक्षा तथा जीवन में शिक्षा का महत्व बताते हुए शुभकामनाएं दी।

# डागुरा न्याय पंचायत के गांव माख्टी में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों तक शासन-प्रशासन की सीधी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान धरातल पर प्रभावी साबित हो रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आयोजित बहुउद्देशीय शिविरों के माध्यम से सरकारी योजनाएं और सेवाएं सीधे ग्रामीणों तक पहुंच रही हैं, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिल रही है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर शनिवार को देहरादून जिला प्रशासन द्वारा कालसी विकासखंड की दूरस्थ न्याय पंचायत डागुरा के गांव माख्टी में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 354 ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी डॉ. हर्षिता सिंह ने जनसुनवाई करते हुए ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। शिविर के दौरान ग्रामीणों द्वारा सड़क, पेयजल, शिक्षा, विद्युत, राजस्व सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 38 शिकायतें प्रस्तुत की गईं। इनमें सड़क निर्माण एवं मरम्मत से जुड़ी लोक निर्माण विभाग एवं पीएमजीएसवाई की 12 शिकायतें सर्वाधिक रहीं। इसके अलावा राजस्व विभाग की 8, पेयजल की 5, सिंचाई की 3, शिक्षा, विद्युत एवं पशुपालन विभाग की 2-2 तथा कृषि, वन, पूर्ति एवं ग्राम्य विकास विभाग की 1-1 शिकायतें शामिल थीं।

एसडीएम डॉ. हर्षिता सिंह ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने विभागीय स्टालों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एलोपैथिक पद्धति से 101 तथा आयुर्वेदिक पद्धति से 62 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।शिविर में ज्येष्ठ उप प्रमुख मीरा राठौर, तहसीलदार प्रदीप नेगी, खंड विकास अधिकारी जगत सिंह, सहायक विकास अधिकारी धर्मपाल सिंह तेजवान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भाजपा महिला व विकास विरोधी: प्रीतम सिंह

**■ चकराता विधायक का भाजपा पर तीखा प्रहार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।**चकराता विधानसभा क्षेत्र के पुनिंग गांव में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, चकराता विधायक एवं कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) के सदस्य प्रीतम सिंह ने शिरकत की। सम्मेलन के दौरान उन्होंने केंद्र व राज्य की भाजपा सरकारों पर तीखा हमला बोलते हुए भाजपा को महिला विरोधी, जनविरोधी और विकास विरोधी करार दिया।पुनिंग गांव पहु. चने पर स्थानीय लोगों एवं कार्यकर्ताओं ने विधायक प्रीतम सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह सहित अन्य नेताओं का पारंपरिक वाद्ययंत्रों और फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत

प्रीतम सिंह ने कहा कि आज देश और प्रदेश की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। महंगाई आसमान छू रही है और आम आदमी अपनी बुनियादी जरूरतें पूरी करने में भी असमर्थ होता जा रहा है।कहा कि हालात ऐसे हो गए हैं कि लोग अपने बच्चों की शादी के लिए सोना-चांदी तक नहीं खरीद पा रहे हैं, जबकि सरकारें जनता की पीड़ा से बेखबर हैं। भाजपा सरकार द्वारा मुफ्त राशन देने के दावों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि यह ऐसी सरकार है जो एक हाथ से राहत देने की बात करती है, जबकि दूसरे हाथों से जनता पर महंगाई और करों का बोझ लाद रही है। इससे गरीब और मध्यम वर्ग का जीवन कठिन हो गया है। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, ज्येष्ठ प्रमुख फतेह सिंह, अनोद, पूर्व कनिष्ठ प्रमुख शमशेर सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य प्रवीन रावत 'प्रिंस', नरेंद्र राणा, चतर सिंह सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे।


कार्यालय अधिषासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड,
लोक निर्माण विभाग, रूद्रप्रयाग
Office of the Executice Engineer, Prov., Div PWD, Rudraprayag
Website-http://pwd.uk.gov.in, E-mail ID : eepwd_rpg@rediffmail.com, Fax: 01364-233204
UTTARAKHAND
उत्तराखण्ड राज्य

पत्र संख्या :–263 / 8ए.
दिनांक : 06.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिषासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, रूद्रप्रयाग द्वारा निम्न कार्य की सील्ड निविदा दिनांक 16.02.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं निविदा प्रपत्र दिनांक 09.02.2026 से दिनांक 13.02.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में 10.00 बजे पूर्वान्ह से 5.00 बजे सायं तक इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 16.02.2026 की अपरान्ह 3.00 बजे तक निम्नलिखित कार्यालयों में डाले जा सकते हैं

1. अधीक्षण अभियन्ता, सातवां वृत्त वृत्त, लोक निर्माण विभाग, गोपेष्वरं
2. अधिषासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रूद्रप्रयागं
3. अधिषासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, ऊखीमठं

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराषि (रू.मैं) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदारों की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वार्शिक अनुरक्षण मद वर्श 2025–26 के अन्तर्गत जैली मरगांव तैला मोटर मार्ग के किमी. 2 में पीसी द्वारा नवीनीकरण का कार्य | 31,000.00 | 1500.00 +18% GST | 2 माह | 45 दिन | मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत श्रेणी डी एवं उच्चतर |

निविदा दिनांक 17.02.2026 को 3.00 बजे सायं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी अन्य षर्तें निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेंगीं किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित हैं

**अधिषासी अभियन्ता**
**प्रा.ख., लो.नि.वि., रूद्रप्रयाग**


# उम्मीद की किरण, दिव्यांगजनों के लिए लगेंगे विशेष शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद के चंबा स्थित सत्कार होटल में मानवता और सेवा भाव की एक अनूठी मिसाल देखने को मिली। समदृष्टि, क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) टिहरी गढ़वाल इकाई द्वारा समाज कल्याण के उद्देश्य से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस कार्यक्रम में जनसेवा और दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल और नगर पालि. का अध्यक्ष शोभनी धनोला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान वक्ताओं ने समाज के वंचित वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है।

उन्होंने सक्षम संगठन के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि जब समाज का कोई संगठन निस्वार्थ भाव से सेवा कार्यों में जुटता है, तो उससे पूरे समाज को एक नई दिशा और प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से जनकल्याण के कार्यों को मजबूती मिलती है और प्रशासन के साथ-साथ सामाजिक संगठनों की भागीदारी से विकास के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने अपने संबोधन में प्रशासन की संवे. दनशीलता और भावी योजनाओं का खाका खींचा। उन्होंने सक्षम संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहनीय बताया और सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि हाल ही में जनपद में आयोजित जन-जन की सरकार शिविरों के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि जिले में अभी भी लगभग 90 दिव्यांगजन ऐसे हैं, जिनके प्रमाण पत्र नहीं बन पाए हैं। उन्होंने घोषणा की कि प्रशासन इन छूटे हुए लोगों के लिए आगामी दिनों में विशेष शिविर आयोजित करेगा ताकि शत-प्रतिशत दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र मिल सकें। उन्होंने सक्षम संगठन से भी अपील की कि वे इन शिविरों में प्रशासन का सहयोग करें और योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने में सेतु का कार्य करें।कार्यक्रम में संगठन के जिलाध्यक्ष हर्ष मणि बहुगुणा ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।इस गरिमामय आयोजन में स्वास्थ्य और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्याम विजय, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रेष्ठा भाकुनी, कार्यक्रम संयोजक राकेश बहुगुणा, प्रधान बलवंत रावत, हरि कृष्ण भट्ट, दिनेश सेमल्टी और विना. ेद बहुगुणा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए मिल-जुलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## सीएम धामी के दिशा-निर्देशों में विजन से विजिबल डेवलपमेंट की ओर एमडीडीए

# एमडीडीए उपाध्यक्ष तिवारी की अध्यक्षता में लिए गए बड़े फैसले

■ मानचित्र स्वीकृति प्रणाली पर कड़ा फोकस, शुल्क न जमा करने वाले प्रकरणों पर शिकंजा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड को सुनियोजित, सुरक्षित और भविष्य के अनुरूप विकसित करने के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के क्रम में मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) अब विजन को साकार करने के मिशन मोड में आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी की अध्यक्षता में 07 फरवरी 2026 को आयोजित समीक्षा बैठक केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि देहराद-ूनख्रमसूरी शहरी क्षेत्र के भविष्य का रोडमैप तय करने वाली बैठक साबित हुई। यह बैठक उस सोच का प्रतिबिंब रही, जिसमें विकास सिर्फ निर्माण तक सीमित नहीं, बल्कि कानून, पारदर्शिता, सुरक्षा, पर्यावरण और जनहित के संतुलन से जुड़ा हुआ है।

**प्लानिंग से परफॉर्मेंस तक:** बैठक की शुरुआत विगत तीन माह में स्वीकृति हेतु प्रस्तुत आवासीय एवं व्यवसायिक मानचित्रों की सेक्टरवार समीक्षा से हुई। उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाना प्राधिकरण की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें और नियमानुसार कार्य शीघ्र पूरा हो।

### अवैध निर्माण के खिलाफ मैदान में पूरा तंत्र

शहर की बेतरतीब होती तस्वीर पर लगाम कसने के लिए एमडीडीए अब सेक्टरवार संयुक्त अभियान चलाएगा। निर्धारित दिन पर समस्त अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करेंगे और अवैध निर्माणों पर तत्काल कार्रवाई होगी। उपाध्यक्ष तिवारी ने दो टूक कहा कि "अवैध निर्माणों पर अब जीरो टॉलरेंस नीति लागू रहेगी।" आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से एमडीडीए द्वारा अवैध प्लॉटिंग पर की गई कार्रवाई की जानकारी अब प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।इस पहल से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि लोग फर्जी कॉलोनियों के जाल में फंसने से भी बच सकेंगे।

**नियम तोड़ने वालों पर नर्मी नहीं:** बैठक में उन प्रकरणों को लेकर सख्त रुख अपनाया गया, जिनमें मानचित्र शमन अथवा स्वीकृति के बाद भी निर्धारित शुल्क जमा नहीं किया गया। इस विषय पर उपाध्यक्ष ने समिति गठित करने के निर्देश दिए। समिति द्वारा चिन्हित प्रकरणों पर नियमानुसार कार्रवाई कर यह संदेश साफ किया गया कि नियम सबके लिए समान हैं।

**शहर को मिलेगी नई हरियाली:** सहस्त्रधारा रोड स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड को एक आधुनिक पार्क के रूप में विकसित करने के लिए डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए गए। दिल्ली विकास प्राधिकरण के पार्कों की तर्ज पर विकसित होने वाले इस प्रोजेक्ट के लिए एमडीडीए की टीम दिल्ली जाकर अध्ययन करेगी। यह परियोजना शहरी जीवन में हरित विराम (ग्रीन ब्रेक) देने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं कि शहरी विकास नियोजित, सुरक्षित और पारदर्शी हो। एमडीडीए इसी सोच के साथ कार्य कर रहा है। अवैध निर्माण और अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हमारी प्राथमिकता है। साथ ही हम ऐसे विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं, जिनसे शहर को बेहतर बुनियादी ढांचा, हरियाली और सुरक्षित यातायात मिल सके। मानचित्र स्वीकृति से लेकर आवासीय योजनाओं तक हर स्तर पर पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है। हमारा उद्देश्य केवल निर्माण नहीं, बल्कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए संतुलित शहरी विकास करना है।

**उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी**

एमडीडीए उपाध्यक्ष के नेतृत्व में प्राधिकरण पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। सभी विभागों को समयबद्ध कार्य, गुणवत्ता और नियमों के कड़ाई से पालन के निर्देश दिए गए हैं। अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण और जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है।

**सचिव एमडीडीए मोहन सिंह बर्निया**

**मसूरी रोड पर रोशनी, सुरक्षा में बढ़ोतरी:** मुख्य सचिव के निर्देशों के क्रम में मसूरी रोड की वैली साइड पर लाइटिंग कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। रात के समय होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने में यह योजना बेहद अहम साबित होगी। धर्मपुर चौक के समीप मंदिर के पास खाली भूमि पर पार्क निर्माण और भगवान शिव की प्रतिमा स्थापना के निर्देश दिए गए। यह स्थल धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का नया केंद्र बनेगा।

**धूल पर नियंत्रण, हरियाली पर जोर:** सड़कों के किनारे खाली स्थानों पर फुटपाथ निर्माण और व्यापक पौधारोपण कर प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

लैंड पूलिंग के तहत खरीदी गई भूमि पर प्लॉटेड आवासीय योजना को मई 2026 तक धरातल पर लाने के निर्देश दिए गए। धौरण क्षेत्र में प्रस्तावित आवासीय योजना सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण-अनुकूल निर्माण सामग्री के साथ विकसित की जाएगी।

## सीएम धामी के निर्देश पर 'गोदान' उत्तराखंड में टैक्स फ्री



■ समाज को अपनी परंपराओं और मूल्यों से जोड़ने का सशक्त संदेश देती है फिल्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर किसान परंपरा, ग्रामीण जीवन और गोवंश के महत्व पर आधारित फिल्म 'गोदान' को उत्तराखंड राज्य में टैक्स फ्री कर दिया गया है। इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है, जिसके साथ ही यह निर्णय प्रदेशभर में तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

फिल्म 'गोदान' 6 फरवरी को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म भारतीय संस्कृति, ग्रामीण परिवेश और किसान जीवन की संवेदनशील झलक प्रस्तुत करते हुए समाज को अपनी परंपराओं और मूल्यों से जोड़ने का सशक्त संदेश देती है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि गाय केवल धर्म और आस्था का विषय नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति, समाज और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग है। इस तरह की फिल्मों के माध्यम से समाज में सकारात्मक सोच, संवे-दनशीलता और सांस्कृतिक चेतना विकसित होती है, इसलिए ऐसी फिल्मों को प्रोत्साहन दिया जाना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार गोवंश संरक्षण को लेकर निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में गोसदनों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिससे निराश्रित और बेसहारा गोवंश की बेहतर देखभाल सुनिश्चित हो सके। साथ ही गोपालकों और पशुपालकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उत्तराखंड सरकार सामाजिक, सांस्कृतिक और जनहित से जुड़े विषयों पर आधारित फिल्मों एवं रचनात्मक प्रयासों को भविष्य में भी निरंतर प्रोत्साहन देती रहेगी।

### 589 जनसेवा कैंपों में अब तक कुल 4,63,956 लाभान्वित

# जन-जन की सरकार बना सुशासन का सशक्त मॉडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार द्वारा संचालित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान राज्य में सुशासन, पारदर्शिता और त्वरित सेवा वितरण का प्रभावी उदाहरण बनकर उभरा है। इस अभिनव अभियान के माध्यम से सरकार स्वयं जनता के द्वार तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कर रही है।

इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी जनपदों में नियमित रूप से आयोजित किये जा रहे जनसेवा शि-विरों (कैंपों) के माध्यम से आमजन को प्रशासनिक सेवाएं, शिकायत निवारण, प्रमाण पत्र तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

**प्रमाण पत्र एवं योजनाओं का लाभ:** जन-जन के द्वार अभियान के माध्यम से विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों के लिए भी नागरिकों से आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। अब तक कुल 65,528 प्रमाण पत्रों हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिससे आमजन को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। साथ ही, विभिन्न राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अब तक 2,58,056 नागरिकों को लाभान्वित किया जा चुका है, जिससे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हुआ है। मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट किया है कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान इसी सोच का परिणाम है, जिसमें प्रशासन स्वयं जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान प्रदेश में लोक विश्वास को सुदृढ़ करने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और सेवाओं की आसान पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

**सुशासन की ओर सशक्त कदम:** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान ने यह सिद्ध कर दिया है कि उत्तराखंड सरकार आमजन के साथ संवाद, सेवा और समाधान के सिद्धांत पर कार्य कर रही है।

### अभियान की प्रगति एवं उपलब्धियाँ

अब तक प्रदेश भर में कुल 589 जनसेवा कैंप आयोजित किये जा चुके हैं, जिनमें से 8 कैंप 07 फरवरी, को आयोजित किये गये। इन कैंपों में अब तक कुल 4,63,956 नागरिकों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 4,237 नागरिकों ने रविवार को आयोजित कैंपों में सहभागिता की। अभियान के अंतर्गत नागरिकों से प्राप्त शिकायतों एवं प्रार्थना पत्रों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। अब तक कुल 45,601 शिकायत/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 30,723 शिकायतों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया जा चुका है।

# सीएमओ डॉ. शर्मा औचक निरीक्षण पर पहुंचे जिला चिकित्सालय

■ भर्ती मरीजों का हालचाल जाना तथा रोगियों की समस्या तथा दिए जा रहे उपचार के संबंध में जानकारी ली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कैलाश गुंज्याल द्वारा कोरोनेशन जिला चिकित्सालय तथा गांधी शताब्दी चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया।

कोरोनेशन जिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनु जैन तथा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कैलाश गुंज्याल के उपस्थित में निरीक्षण किया गया।

आपताकालीन चिकित्सा कक्ष में निरीक्षण के दौरान सीएमओ द्वारा संबंधित इंचार्ज को निर्देशित किया गया कि आपात चिकित्सा कक्ष में कम से कम 10 स्टिचिंग सेट की हर समय उपलब्धता रखें। ड्रेसिंग से संबंधित सामग्री एवं उपकरण ऑटोक्लेव हों तथा सुव्यवस्थित हो।

चिकित्सालय में आईपीडी के निरीक्षण के दौरान डॉ मनोज कुमार शर्मा ने वार्डों में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना तथा रोगियों की समस्या तथा दिये जा रहे उपचार के संबंध में जानकारी ली। सीएमओ द्वारा उपस्थित चिकित्सा सिस्टर इंचार्ज को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक वार्ड के बाहर मरीजों के खाने का मेन्यू चस्पा करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सालय में आई.पी.डी. को बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया।

ओटी कॉम्प्लेक्स के निरीक्षण के दौरान डॉ0 संजीव कटारिया द्वारा सीएमओ को व्यवस्थाओं की जानकारी दी गयी। कक्षों में साफ सफाई की उचित व्यवस्था पायी गयी तथा शल्य चिकित्सा सेवाएं व्यवस्थित पायी गयी।इसके उपरांत मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जिला चिकित्सालय स्थिति पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट को मेडली-पीआर पोर्टल पर दर्ज करने की प्रक्रिया को सुगम बनाने हेतु एक डाटा एंट्री ऑपरेटर की व्यवस्था करने के लिए डॉ मनोज कुमार शर्मा द्वारा एसीएमओ डॉ कैलाश गुंज्याल को निर्देशित किया गया। पोस्टमार्टम हाउस परिसर में एक वॉशबेसिन और शेड सहित परिजनों हेतु एक वेटिंग एरिया की व्यवस्था हेतु प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। चिकित्सालय परिसर में एलीवेटेड कार पार्किंग का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें पार्किंग सुव्यवस्थित एवं क्रियाशील पायी गयी। आपातकालीन कक्ष एवं ओपीडी में व्हीलचेयर और स्ट्रेचर उपलब्ध पाये गये।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनु जैन, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कैलाश गुंज्याल, डॉ यतेन्द्र सिंह, डॉ निखिल, डॉ प्रवीण पंवार, डॉ आलोक जैन, डॉ प्रियंका सहित जन संपर्क अधिकारी प्रमोद पंवार उपस्थित रहे।

### गांधी शताब्दी चिकित्सालय का भी किया निरीक्षण

गांधी शताब्दी चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान पेजयल आरओ में तकनीकी खराबी पायी गयी, जिसे मौके पर ही तकनीशियन को बुला कर ठीक करवाया गया। निरीक्षण में चिकित्सालय परिसर एवं वार्डों में साफ सफाई पायी गयी। चिकित्सालय परिसर में मॉडल टीकाकरण केन्द्र, एसएनसीयू तथा वार्डों का निरीक्षण भी किया गया, जहां व्यवस्था सही पायी गयी। बेसमेंट तथा सभी तलों का निरीक्षण किया गया, इस दौरान बेसमेंट में पानी जमा पाया गया। पूछने पर जानकारी दी गयी कि सीवर का पानी ओव-रफ्लो होने के कारण पानी का जमाव हो रहा है। इस संबंध में पूर्व में भी जल संस्थान को अवगत कराया गया था, जिसके बाद सफाई भी की गयी, किंतु जल रिसाव की समस्या बनी हुई है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कोरोनेशन हॉस्पिटल द्वारा ड्रेनेज सिस्टम की मरम्मत हेतु महानिदेशक स्वास्थ्य से बजट की मांग हेतु पूर्व में ही पत्र प्रेषित किया गया है। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय के इंचार्ज डॉ अनिल आर्य, मैटर्न इंचार्ज तथा अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# राज्य की दिशा तय करता है बजट : सीएम

■ एनएचपीसी बनबसा सभागार में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बजट-पूर्व संवाद कार्यक्रम आयोजित

■ जनभागीदारी, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था और संतु-लित विकास पर हुआ व्यापक मंथन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चंपावत।** एनएचपीसी बनबसा सभागार में माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित बजट-पूर्व संवाद कार्यक्रम में राज्य के समग्र विकास, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था तथा जनभागीदारी को केंद्र में रखते हुए व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम का संचालन अपर सचिव मुख्यमंत्री मनमोहन मैनाली ने किया ।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक गाँव में पिंक टॉयलेट जैसी सुविधाओं की दिशा में कार्य करेगी। उन्होंने वर्ष 2047 तक उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि छोटा राज्य होने के बावजूद उत्तराखण्ड ने वित्तीय प्रबंधन में देशभर में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है, जो गर्व का विषय है।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि प्राप्त सुझावों का गंभीरता से परीक्षण कर उन्हें आगामी बजट में यथासंभव सम्मिलित किया जाएगा, ताकि राज्य का संतुलित, समावेशी और सतत विकास सुनिश्चित हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट राज्य की दिशा तय करता है और यह नागरिकों की सहभागिता से ही प्रभावी बनता है। प्रत्येक वर्ग की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार निर्णय ले रही है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि जिनके सुझाव अभी प्राप्त नहीं हुए हैं, वे भी अपने विचार प्रेषित करें, ताकि सभी की आवश्यकताओं पर ध्यान दिया जा सके।

उन्होंने कहा रजत जयंती वर्ष में राज्य ने अनेक उपलब्धियाँ हासिल की हैं और अब नए संकल्प के साथ विकसित उत्तराखण्ड की दिशा में आगे बढ़ना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि सभी लोग अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तो राज्य प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा और प्रत्येक निर्णय जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप आगे बढ़ता रहेगा।

संवाद कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, विशेषज्ञों तथा हितधारकों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

ग्रामीण विकास को गति देने के लिए अनुदान में वृद्धि, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, सीवर लाइन एवं शौचालय निर्माण, पंचायतों को सशक्त बनाने हेतु रिक्त भूमि के उपयोग तथा जिला पंचायत सदस्यों के लिए मानदेय एवं अध्ययन भ्रमण की व्यवस्था जैसे सुझाव दिए गए।

शहरी विकास के अंतर्गत नगर निकायों के बजट और संसाधनों में वृद्धि, पर्यावरण संरक्षण के लिए सोलर पैनल स्थापना, सड़कों और नालियों के बेहतर रखरखाव तथा रजिस्ट्री शुल्क का आंशिक हिस्सा नगर निगमों को उपलब्ध कराने के सुझाव रखे गए।

कृषि एवं उद्यान क्षेत्र में बाग-वानी और वैल्यू क्रॉप्स को बढ़ावा देने, कीवी और ब्लूबेरी जैसे फलों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने, पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन और प्रोसेसिंग पर ध्यान केंद्रित करने, किसानों तथा विभागीय कार्मिकों के तकनीकी प्रशिक्षण, दूरस्थ क्षेत्रों के कृषकों को विशेष सहायता तथा फल उत्पादन सब्सिडी को 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 80 प्रतिशत किए जाने के सुझाव सामने आए। उद्योग विकास के अंतर्गत पर्वतीय क्षेत्रों में उपलब्ध खाली भूमि पर उद्योग स्थापित कर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन एवं पलायन रोकने, एमएसएमई को वित्तीय सहायता, सेवा क्षेत्र आधारित उद्योगों को बढ़ावा तथा औद्योगिक आधारभूत संरचना को मजबूत करने पर बल दिया गया। महिला सशक्तिकरण के लिए प्रत्येक जनपद में प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने, महिलाओं को ब्याज-मुक्त ऋण उपलब्ध कराने तथा अस्पतालों की कैंटीन जैसी सेवाओं में महिलाओं को प्राथमिकता से रोजगार देने के सुझाव प्रस्तुत किए गए।

पर्यटन क्षेत्र में हैली सेवा का विस्तार, वैकल्पिक मार्गों का निर्माण, सस्टेनेबल टूरिज्म को बढ़ावा, छोटे पर्यटन स्थलों का विकास, नेचर टूरिज्म एवं ट्रैकिंग को प्रोत्साहन तथा एग्री-टूरिज्म के माध्यम से स्थानीय समुदाय को पर्यटन से जोड़ने की बात कही गई। इसके अतिरिक्त राज्य में सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण, ऊर्जा संकट के समाधान के लिए ऊर्जा नेटवर्क सुदृढ़ीकरण, कृषि आधारित उद्योगों पर जीएसटी में कमी, मंडी शुल्क में कमी, ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण, नगर निकायों को अधिक संसाधन उपलब्ध कराने तथा जिला पंचायतों को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट देने जैसे सुझाव भी प्राप्त हुए।

### उत्तराखण्ड के कैपिटल आउटले में उल्लेखनीय वृद्धि: जावलकर

इस अवसर पर सचिव वित्त दिलीप जावलकर ने राज्य की आर्थिक प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पिछले पाँच वर्षों में उत्तराखण्ड के कैपिटल आउटले में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यह राशि 7,534 करोड़ से बढ़कर 14,765 करोड़ तक पहुँच गई है। राज्य की जीडीपी वर्ष 2021-22 के 2,54,000 करोड़ से बढ़कर वर्तमान में 4,29,000 करोड़ हो गई है, जो लगभग 60 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाती है। इसे राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

### कार्यक्रम में ये अधिकारी रहे मौजूद

कार्यक्रम के दौरान आरके सुधांशु प्रमुख सचिव वन, दिलीप जावल-कर, सचिव वित्त, धीराज गर्ब्याल, सचिव पर्यटन, नरेन्द्र सिंह भण्डारी, अपर सचिव नियोजन, मनुज गोयल, अपर सचिव तकनीकि शिक्षा, विनोद गोस्वामी, निदेशक शहरी विकास, मनमोहन मैनाली, अपर सचिव मुख्यमंत्री, दीपक रावत, आयुक्त, कुमाऊँ मण्डल, मनीष कुमार, जिलाधिकारी चम्पावत, कृष्ण नाथ गोस्वामी, अपर जिलाधिकारी चम्पावत, डॉ जीएस खाती, मुख्य विकास अधिकारी चम्पावत, सौरभ गहरवार, महानिदेशक/आयुक्त, उद्योग, मनबर सिंह राणा, संयुक्त निद-ेशक, पचायती राज विभाग, पूनम चंद, अपर निदेशक पर्यटन, संदीप भट्ट, उप मुख्य परियोजना अधिकारी, उरेडा, पी0के0 सिंह, संयुक्त निदेशक, कृषि कुमायूँ हल्द्वानी, अशोक कुमार जोशी, निदेशक, डेयरी विकास, अवीनाश कुमार, सहायक निदेशक, मत्स्य विभाग अल्मोड़ा, महेन्द्र पाल, निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, श्री प्रदीप कुमार पाण्डे, एसीईओ, यूएसआरएलएम, देहरादून, मेहरबान सिंह बिष्ट, अपर सचिव, ऊर्जा विभाग, संदीप भट्ट, उप मुख्य परियोजना अधिकारी, उरेडा, डॉ बी0वी0आर0सी0 पुरुषोत्तम, सचिव डेयरी, अशोक कुमार जोशी, बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विकास कार्यों की अनदेखी पर नपेंगे अधिकारी: रेखा आर्या

■ कैबिनेट मंत्री ने की सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा

■ डीएम को दिए पेयजल योजना निर्माण कार्य की जांच के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अल्मोड़ा।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि जनहित से जुड़ी सभी योजनाएं समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतरें और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणाओं और अन्य विकास योजनाओं की प्रगति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यह निर्देश उन्होंने शनिवार को अल्मोड़ा विकास भवन में सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री घोषणाओं व अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों से कहा कि सभी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा किया जाए ताकि आम जनता को समय पर लाभ मिल सके।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सोमेश्वर में नवनिर्मित उप जिला अस्पताल का उद्घाटन जल्द से जल्द किया जाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्घाटन के दिन अस्पताल में चिकित्सकों व अन्य आवश्यक स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाए, जिससे कि उद्घाटन के साथ ही अस्पताल की सेवाएं आम जनता के लिए शुरू हो सकें।

बैठक के दौरान विकासखंड ताकुला के गांव बीना के तोक दुर्गाथल और गांव भेटुली के तोक लोहारखोला में सोलर पेयजल पंपि-ंग योजना के निर्माण कार्य में गड़बड़ी की जानकारी सामने आने पर कैबिनेट मंत्री ने जिलाधिकारी को मामले की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि फरवरी माह में बड़ी संख्या में योजनाओं का शिलान्यास किया जाना प्रस्तावित है, इसके लिए सभी विभाग समय रहते प्रारंभिक औपचारिकताएं पूरी करें, ताकि कार्यक्रमों का आयोजन सुचारु रूप से किया जा सके।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो अधिकारी जनहित के कार्यों की अवहेलना करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सरकार की मंशा है कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनी रहे तथा जनता को योजनाओं का पूरा लाभ मिले।

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष महेश नयाल, जिलाधिकारी अंशुल सिंह, मंडल अध्यक्ष गणेश जलाल, जगदीश डंगवाल, सुंदर राणा, जिला मंत्री बिशन कन्वाल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पंकज भाकुनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र चीलवाल, ललित तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के एन तिवारी, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी अरविंद पांगती, जिला विकास अधिकारी एसके पंत, उपजिलाधिकारी सदर संजय कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रेणु भंडारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खेल समाचार

### दे दनादन क्रिकेट को लेकर गूगल ने बनाया डूडल

**नई दिल्ली, वार्ता।** सोशल मीडिया सर्च इंजन गूगल ने भारत और श्रीलंका की सह मेजबानी में आज से शुरु हुए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 के लिए डूडल बनाया है। शनिवार से शुरू हुए विश्वकप को लेकर गूगल द्वारा बनाए गए इस खास डूडल में क्रिकेट की गेंद, बल्ले, स्टंप और रनों की आकृति को उकेरा है। इस बार के विश्वकप में तकनीक की भी विशेष भूमिका रहेगी। गूगल का जेमिनी मंच आधिकारिक 'एआई फैन कंपेनियन' के रूप में पेश किया गया है, जो दर्शकों को क्रिकेट के नियमों की सरल व्याख्या करेगा और 'क्रेजी फैन' अवतार कॉन्टेस्ट जैसे रोचक अनुभव उपलब्ध कराएगा। तकनीक और क्रिकेट के अनूठे संगम के साथ आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप न केवल खेल के मैदान पर, बल्कि डिजिटल दुनिया में भी एक नई चमक बिखेरेगा।

### भारतीय अरबपति आरसीबी के लिए बोली लगाने वालों में शामिल

**बेंगलुरु, वार्ता।** आरसीबी 2025 में अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने के बाद लगभग 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की ग्लोबल बोली की जंग का केंद्र बन गया है, जिससे फेंचाइजी की छवि अंडरअचीवर से बदलकर लीग की सबसे कीमती संपत्तियों में से एक हो गई है। क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े सितारों के होने के बावजूद दिल टूटने और करीबी हार के लिए लंबे समय तक मजाक उड़ाए जाने के बाद, आरसीबी ने आखिरकार 2025 में अपना पहला इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीतकर इस सिलसिले को तोड़ा। इस जीत के तुरंत बाद दूसरा महिला प्रीमियर लीग खिताब भी जीता, जिससे फ्रेंचाइजी को देखने का नजरिया नाटकीय रूप से बदल गया है।

# सचिन, विराट व गंभीर ने अंडर-19 टीम को दी बधाई




- सचिन तेंदुलकर ने लिखा चैंपियंस, युवा ग्रुप और उनके निडर क्रिकेट पर बहुत गर्व, कोच व सपोर्ट स्टाफ समेत पूरी टीम को शाबाशी




- विराट कोहली ने लिखा कि अंडर-19 भारतीय टीम को एक बार फिर विश्व कप जीतने के लिए बधाई



- गौतम गंभीर ने कहा कि तुम लड़कों पर गर्व, तुम्हारा भविष्य उज्ज्वल है

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर-19 टीम को शुक्रवार को हरारे के हरारे स्पोर्ट्स क्लब में फाइनल में इंग्लैंड पर 100 रन की जबरदस्त जीत के साथ रिकॉर्ड छठा आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप टाइटल जीतने के बाद क्रिकेट जगत से बहुत तारीफ़ मिली। महान बैटिंग सचिन तेंदुलकर ने युवा टीम के निडर अप्रोच की तारीफ की और बैटर वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की। तेंदुलकर ने एक्स पर पोस्ट किया कि चैंपियंस! इस युवा ग्रुप और उनके निडर क्रिकेट पर बहुत गर्व है। कोच और सपोर्ट स्टाफ समेत पूरी टीम को शाबाशी। इस पल का आनंद लें! जब आपके पास एक सूर्यवंशी हो, तो एक टाइमलेस ब्लॉकबस्टर की उम्मीद होती है! शाबाश, वैभव! एज-ग्रुप लेवल पर भारत के लगातार दबदबे को हाईलाइट करते हुए, भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने लिखा कि अंडर-19 भारतीय टीम को एक बार फिर वर्ल्ड कप जीतने के लिए बधाई। एज-ग्रुप क्रिकेट और उससे आगे भी हमारा दबदबा जारी है। पूरी टीम और सपोर्ट स्टाफ को शाबाशी। भारत के हेड कोच गौतम गंभीर ने भी टीम की तारीफ करते हुए कहा कि तुम लड़कों पर गर्व है! तुम्हारा भविष्य उज्ज्वल है। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने भारतीय टीम को बधाई दी और साथ ही इंग्लैंड और टूर्नामेंट होस्ट की भी तारीफ की। शाह ने पोस्ट किया कि भारत को उनके छठे आईसीसी अंडर-19 मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप टाइटल के लिए बहुत-बहुत बधाई! वे इसके हकदार हैं, लेकिन फाइनल तक शानदार प्रदर्शन के बाद इंग्लैंड भी अपना सिर ऊंचा रख सकता है और जिम्बाब्वे क्रिकेट और क्रिकेट नामीबिया को एक शानदार टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए शाबाशी, जिसने हमारे खेल के भविष्य के सितारों को दिखाया। भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया और 50 ओवर में 9 विकेट पर 411 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इंग्लैंड ने शुरुआत में ही एलेक्स ग्रीन के सेमी-फ़ाइनल सेंचुरी बनाने वाले एरॉन जॉर्ज को आउट करके बढ़त बना ली।

## ओम बिरला ने भारतीय टीम को दी शाबाशी

**नई दिल्ली, वार्ता।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है और इस जीत को देश के लिए गौरव का क्षण और भारत के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बताया है।

श्री बिरला ने बधाई संदेश में युवा क्रिकेटरों के वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन की सराहना की और पूरे टूर्नामेंट के दौरान उनके अनुशासन और दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की। अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा कि युवा भारत, विश्व चैंपियन भारत। अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप चैंपियन बनने पर भारतीय क्रिकेट टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि टीम की सफलता ने देश भर में लाखों लोगों को अपार खुशी दी है। श्री बिरला ने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए हमारी टीम ने लाखों भारतीयों को गौरवान्वित किया है। यह क्षण देश की युवा शक्ति को नई ऊर्जा और अपार प्रेरणा प्रदान करेगा। भारत ने शुक्रवार को हरारे में खेले गए अंडर-19 विश्व कप 2026 के फाइनल में इंग्लैंड को 100 रनों से हराकर रिकॉर्ड छठी बार अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप का खिताब जीता। भारत की अंडर-19 विश्व कप जीत ने आयु वर्ग क्रिकेट में देश के मजबूत रिकॉर्ड में एक और अध्याय जोड़ दिया है, जिससे युवा प्रतिभाओं के पोषण में वैश्विक शक्ति के रूप में इसकी प्रतिष्ठा और मजबूत हुई है।



# भारत की इलावेनिल ने जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की इलावेनिल वलारिवन ने शनिवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल कॉन्टिनेंटल टाइटल का सफलतापूर्वक बचाव किया।

यहां 26 साल की वलारिवन ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 252-0 का स्कोर करके अपना तीसरा व्यक्तिगत कॉन्टिनेंटल निशानेबाजी खिताब जीता। वलारिवन ने 2019 में अपना पहला एशियन खिताब जीता था। भारतीय निशानेबाज ने छठी सीरीज में बढ़त बनाई और आखिर तक इसे बनाए रखा। वलारिवन की तरह ओलंपियन मिसाकी नोबाटा 251-5 के स्कोर के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पोडियम पर तीसरे स्थान पर 32 साल की मेघना सज्जनार (229-5) रहीं, जिन्होंने अपनी हमवतन आर्या बोरसे को फाइनल राउंड में हराकर अपना पहला कॉन्टिनेंटल कांस्य पदक जीता। इससे पहले दिन में, वलारिवन ने 633-7 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में टॉप किया था, जबकि बोरसे (630-3) और सज्जनार (628-6) क्रमशः तीनों ने मिलकर इस स्पर्धा में 1892-6 के कुल स्कोर के साथ भारत के लिए टीम स्वर्ण पदक भी जीता।

जापान और कजाकिस्तान ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। भारत की श्रेया अग्रवाल (632-0) और सोनम उत्तम मस्कर (631-9) क्वालिफायर में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं। मिले तीन पदकों के साथ चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या 11 हो गई है।



- वलारिवन ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 252-0 का स्कोर करने निशानेबाजी खिताब जीता

# A+ प्सल से B वर्ग में खिसके रोहित-विराट

- इस बार किसी भी खिलाड़ी का नाम ए प्लस वर्ग में नहीं, शुभमन गिल, बुमराह, रवींद्र अनुबंध के ए वर्ग में रखे गए हैं

**मुंबई, वार्ता।** टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की अनुबंध सूची में ए प्लस से बी वर्ग में खिसक गए हैं। इस बार किसी भी खिलाड़ी का नाम ए प्लस वर्ग में नहीं है। टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और आलराउंडर रवींद्र जडेजा केंद्रीय अनुबंध के ए वर्ग में रखे गए हैं जबकि टी-20 कप्तान सूर्य कुमार यादव बी वर्ग में हैं। बीसीसीआई ने साल 2025-26 के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची को मंजूरी दी जिसमें कुल 30 पुरुष खिलाड़ियों को जगह दी गई है। पुरुष खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची **ए वर्ग:** शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा। **बी वर्ग:** रोहित शर्मा, विराट, सूर्यकुमार, वाशिंगटन, केएल राहुल, हार्दिक, सिराज, पंत, कुलदीप, जायसवाल, अय्यर। **सी वर्ग:** अक्षर, तिलक, रिंकू, शिवम दुबे, संजू , अर्शदीप, प्रसिद्ध, आकाश, ध्रुव, हर्षित, वरुण नीतीश कुमार रेड्डी, अभिषेक शर्मा, साई सुदर्शन, रवि बिश्नोई, रुतुराज गायकवाड़।

## BCCI ने विश्व विजेता भारतीय अंडर-19 टीम को दिए 7.5 करोड़ रुपये

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंडर-19 विश्वकप 2026 का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम के लिए साढ़े सात करोड़ रूपए के नगद पुरस्कार की घोषणा की है। बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने छठी बार अंडर-19 विश्वकप का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम, कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ और जूनियर क्रिकेट कमेटी के लिए साढ़े सात करोड़ रूपए के नगद पुरस्कार की घोषणा की। सोशल मीडिया मंच एक्स पर देवजीत सैकिया ने कहा कि भारत के इंग्लैंड को हराकर आईसीसी अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप जीतने के बाद पूरा देश खुश है। हमने विश्व कप जीतने वाली टीम के लिए 7-5 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को हरारे में खेले गए अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 100 रनों से हराकर छठी बार खिताब जीता था।

# चेन्नई सिंघम्स ने पहली बार जीता आईएसपीएल का खिताब

- खिताबी मुकाबला दर्शकों से खचाखच भरे सेलालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में खेला गया

**सूरत, वार्ता।** चेन्नई सिंघम्स ने शानदार और संतुलित प्रदर्शन करते हुए इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) सीजन 3 का अपना पहला खिताब जीत लिया। फाइनल मुकाबले में सिघम्स ने टाइगर्स ऑफ कोलकाता को 29 रनों से शिकस्त दी।

यह खिताबी मुकाबला शुक्रवार को लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में खचाखच भरे दर्शकों के बीच खेला गया। फाइनल के दौरान आईएसपीएल कोर कमेटी के सदस्य सचिन तेंदुलकर, आशीष शेलार, मिनल अमोल काले और सूरज समत के साथ-साथ लीग के ऑपरेशंस प्रेसिडेंट दीपक चौहान भी मौजूद रहे। चेन्नई ने शुरुआत से अंत तक मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा। टॉस जीतकर चेन्नई सिघम्स ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। सलामी बल्लेबाज केतन म्हात्रे और जगन्नाथ सरकार ने तेज शुरुआत दिलाई। शुरुआती ओवर में जगन्नाथ को जीवनदान मिला, जिसके बाद केतन ने दूसरे ओवर में 28 रन ठोकते हुए आक्रामक अंदाज अपनाया। जगन्नाथ 14 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन केतन ने रन गति बनाए रखी।

सरोज प्रमाणिक ने लगातार दो गेंदों पर विकेट लेकर चेन्नई की रफ्तार पर थोड़ी लगाम लगाई, हालांकि सरफराज खान के अहम छक्के ने स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया। केतन म्हात्रे ने 16 गेंदों में 30 रनों की पारी खेली, जबकि सरफराज खान ने 11 गेंदों में तेज 20 रन जोड़े। अंत के ओवरों में गणेश और संभाजी की विस्फोटक बल्लेबाजी, जिसमें संभाजी का शानदार 'नाइनर' भी शामिल रहा, चेन्नई को 10 ओवर में 7 विकेट पर 103 रन तक ले गई। 104 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइगर्स ऑफ कोलकाता की टीम कभी लय में नहीं आ सकी। रजत मुंढे और सरोज प्रमाणिक की शुरुआत धीमी रही। इसके बाद जगन्नाथ सरकार ने सरोज (11 रन) को आउट किया।

# आरिफ मोहम्मद खान ने हाथों में तिरंगा उठाकर की शीतकालीन ओलंपिक्स में भारतीय दल की अगुवाई

**मिलान कोर्टिना, वार्ता।** आरिफ मोहम्मद खान ने लिविग्नो स्नो पार्क में आयोजित मिलानो कोर्टिना 2026 शीतकालीन ओलंपिक्स के उद्घाटन समारोह में तिरंगा उठाए हुए भारतीय दल की अगुवाई की। शुक्रवार को मिलानो कोर्टिना 2026 का उद्घाटन समारोह मिलान के सैन सिरो स्टेडियम में, कोर्टिना, लिविग्नो और प्रेडाजो में एक साथ आयोजित किया गया।

समारोह में परेड के दौरान आरिफ खान ने भारतीय तिरंगा उठाए हुए थे वहीं इस प्रतियोगिता में देश के एकमात्र दूसरे एथलीट, स्टैनजनि लुंडुप ने भारतीय प्लेकार्ड पकड़ा हुआ था। मिलानो कोर्टिना 2026 उद्घाटन समारोह में मारिया केरी, लौरा पौसिनी और एंड्रिया बोसेली जैसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। मिलानो कोर्टिना आरिफ खान का दूसरा शीतकालीन ओलंपिक्स है। उन्होंने बीजिंग 2022 में शीतकालीन गेम्स में पर्दापण किया था, जहां उन्होंने स्लैलम और जायंट स्लैलम अल्पाइन स्कीइंग दोनों इवेंट्स में हिस्सा लिया था। आरिफ अकेले ऐसे भारतीय हैं जिन्होंने एक ही विटर ओलंपिक्स में दो अल्पाइन स्कीइंग इवेंट्स के लिए सीधे कोटा स्थान हासिल किया है। मिलानो कोर्टिना 2026 में आरिफ खान केवल स्लैलम इवेंट में हिस्सा लेंगे। आरिफ ने ओलंपिक एफआईएस पॉइंट्स सिस्टम के जरिए मिलानो कोर्टिना के लिए स्लैलम में भारत का कोटा स्थान हासिल किया है। टूर्नामेंट की स्लैलम रेस 16 फरवरी को होगी। क्रॉस-कंट्री स्कीयर स्टैनजिन लुंडुप दूसरे भारतीय एथलीट हैं जो मिलानो कोर्टिना में हिस्सा लेंगे। उनका नाम पुरुषों की 10 किमी इंटरवल स्टार्ट फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता की एंट्री लिस्ट में है। स्टैनजिन लुंडुप ने पिछले साल नॉर्वे में एफआईएच नॉर्डिक वर्ल्ड स्की चैंपियनशिप में भारत के लिए क्रॉस-कंट्री स्कीइंग कोटा हासिल किया था। उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने मिलानो कोर्टिना 2026 गेम्स के लिए चुना था।




- आरिफ खान अकेले ऐसे भारतीय हैं जिन्होंने एक ही विंटर ओलंपिक्स में दो उल्पाइन स्कीइंग इवेंट्स के लिए सीधे कोटा स्थान हासिल किया

## हर्षित राणा बाहर, सिराज भारतीय टीम में शामिल

**मुंबई।** भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह पर मोहम्मद सिराज को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। राणा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 फरवरी को नवी मुंबई में खेले गए अभ्यास मैच के दौरान घुटने में चोट लगी थी।

# पाकिस्तान ने कड़े संघर्ष में नीदरलैंड को हराया



- पाक ने नीदरलैंड पर तीन गेंदें शेष रहते तीन विकेट से जीत दर्ज कर ली

**कोलंबो, वार्ता।** सलमान मिर्जा (तीन विकेट) की अगुवाई गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद साहिबजादा फरहान (47 ) और फहीम अशरफ (29 ) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने शनिवार को टी-20 विश्वकप के कड़े संघर्षपूर्ण मुकाबले में नीदरलैंड पर तीन गेंदे शेष रहते तीन विकेट से जीत दर्ज की। 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में सैम अयूब 13 गेंदों में (24) का विकेट गंवा दिया। उन्हें आर्यन दत्त ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान आगा सलमान ने साहिबजादा फरहान के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान पांचवें ओवर में आर्यन दत्त ने आगा सलमान (12) का शिकार कर लिया। एक समय जब ऐसा लगा रहा था कि पाकिस्तान यह मैच आसानी से जीत लेगा लेकिन 12वें ओवर में पॉल वैन मीकरेन ने पहली ही गेंद पर साहिबजादा फरहान को आउटकर पाकिस्तान को तीसरा झटका दिया। साहिबजादा फरहान ने 31 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 47 रनों की पारी खेली। इसी ओवर की तीसरी गेंद पर उन्होंने उस्मान ख्वाजा (शून्य) को भी पवेलियन भेज दिया। अगले ओवर में रुलॉफ वैन डर मर्व ने बाबर आजम (15) का भी शिकार कर पाकिस्तान को संकट में डाल दिया। 16वें ओवर में में काइल क्लीन ने मोहम्मद नवाज (छह) को आउटकर दिया। अगले ही ओवर की पहली गेंद पर लोगन वैन बीक ने शादाब खान (आठ) को चलता कर दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए फहीम अशरफ ने मोर्चा संभाला और 19वें ओवर में तीन छक्के और एक चौका लगाकर पाकिस्तान की जीत सुनिश्चित की। पाकिस्तान ने 19-3 ओवर में 148 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। फहीम अशरफ ने 11 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 29 रनों की पारी खेली। शाहीन शाह अफरीदी पांच रन बनाकर नाबाद रहे। नीदरलैंड के लिए आर्यन दत्त और पॉल वैन मीकरेन ने दो-दो विकेट लिए। लोगन वैन बीक, काइल क्लीन और रुलॉफ वैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां पाक ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी नीदरलैंड पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे 19.5 ओवरों में 147 रन के स्कोर पर सिमट गई। कप्तान स्कॉट ने 29 गेंदों में (37), बास डलीडे 25 गेंदों में (30) रन बनाए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री **अशोक वासु** पुत्र श्री **सरदार सिंह वासु**, निवासी 10, तेग बहादुर रोड, देहरादून, बलबीर एवेन्यू रोड के सर्विस रोड पर स्थित 379 वर्ग मीटर के उस भूखंड के स्वामी हैं, जिसे वर्तमान में तेग बहादुर रोड के नाम से जाना जाता है, जो मौजा धर्मपुर, जिला देहरादून, उत्तराखंड में स्थित है। उन्होंने उपरोक्त संपत्ति से संबंधित दो मूल विक्रय विलेख खो दिए हैं, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

**1.** दिनांक 02/05/1988 की मूल विक्रय विलेख, जो देहरादून के उप-पंजीयक कार्यालय में पुस्तक संख्या 01, खंड 2696, पृष्ठ 72, एडीएफ संख्या 01, खंड 3083, पृष्ठ 343 से 354, क्रमांक 3990 पर दिनांक 02/05/1988 को विधिवत पंजीकृत है।

**2.** दिनांक 26/02/1988 की मूल विक्रय विलेख, जो उप रजिस्ट्रार, देहरादून के कार्यालय में पुस्तक संख्या 01 खंड 2692 पृष्ठ 105, एडीएफ संख्या 01 खंड 3033 पृष्ठ 341 से 356, क्रमांक 1925 पर दिनांक 26/02/1988 को विधिवत पंजीकृत है। दिनांक के अनुसार, इस संबंध में देहरादून के डालनवाला पुलिस स्टेशन में विधिवत शिकायत दर्ज कराई गई थी। यदि किसी को उक्त गुमशुदा दस्तावेज प्राप्त होते हैं या संपत्ति में किसी भी प्रकार का कोई दावा या पूर्व अधिकार या हित रखने वाला कोई व्यक्ति अधोहस्ताक्षरी से संपर्क कर सकता है और इस सार्वजनिक सूचना की तिथि से 14 दिनों के भीतर आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**अश्मीत सिंह मक्कड़ (एडवोकेट)**
**कार्यालय एवं निवास: डी-89 रेस कोर्स, देहरादून, उत्तराखंड।**
**मोबाइल: +91-88-5999-6999**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज, जू०डि० महोदय, टिहरी गढवाल, नई टिहरी।**

दी०वा०सं०-08
सन्-2020

शीशपाल सिंह **बनाम** विरेन्द्र दत्त बैलवाल आदि

**समन बनाम-** 1. अकबर सिंह पुत्र स्व० दीवान सिंह, 2. सुरेन्द्र सिंह पुत्र स्व० चतर सिंह, 3. राजेन्द्र सिंह पुत्र स्व० चतर सिंह, 4. राजेश सिंह पुत्र स्व० चतर सिंह, 5. श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी स्व० चतर सिंह सभी निवासी ग्राम कोट, पट्टी मनियार, तहसील टिहरी, जिला टिहरी गढवाल।

चूंकि वादी ने आपके विरूद्ध मेरे न्यायालय में एक दी०वा० प्रस्तुत किया है, जिसमें जवाबदावा हेतु मेरे न्यायालय में दिनांक 10 माह 02 सन्-2026 की तिथि नियत है। एतद्‌वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त नियत तिथि पर हाजिर आकर जवाबदावा प्रस्तुत करें, ऐसा करने में कोई चूक न हो अन्यथा आपके विरूद्ध उक्त वाद में एकपक्षीय कार्यवाही का आदेश पारित किया जायेगा। सूचना समझें।

यह समन आज दिनांक 31 माह 01 सन्-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**आदेशानुसार**
**सिविल जज (जू०डि०)**
**नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल**

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय 'उज्ज्वल' महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-107 **ई-निविदा सूचना** दिनांक- 07/02/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-प्रथम), यूजेवीएन लिमिटेड, श्रीकोट श्रीनगर गढ़वाल इच्छुक निविदादाताओं से ऑन लाईन निविदाये आमन्त्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:-

**निविदा सं0 : 12/अ.अ(जानपद-प्रथम)/कालीगंगा-प्रथम/2025-26**
**कार्य का नाम :** जनपद-रूद्रप्रयाग के अंतर्गत कालीगंगा-प्रथम लजवि परियोजना (2x2 मे0वा0) के इन्टेक के समीप ढलान पर सुरक्षात्मक कार्य।
**अनुमानित लागत :** रू० 33.90 लाख (जीएसटी अतिरिक्त)
**बेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता तिथि :** 09.02.2026 को 17:00 बजे से
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि :** 06.03.2026 को 16:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **http://uktenders.gov.in** देखें।
**अधिशासी अभियन्ता (जानपद-प्रथम)**

"बिजली के दुरुपयोग से बचें"

# महास्वच्छता : शहर से देहात तक चला अभियान

## शहर में नगर आयुक्त व जेएम नेतृत्व में चला सफाई अभियान, अफसरों, जन प्रतिनिधियों व शिक्षकों ने लगाई झाड़ू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पर जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित के निर्देशन में जनपद चलाया गया जिसमें अनेक सामाजिक संगठनों ने भी भागीदारी की। इस शहर के महा स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में निगम

❖निगम अधिकारियों-कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान में निभाई अपनी अहम भूमिका

❖पार्कों, गली मोहल्लों व नगर व ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर आज नहीं दिखाई दी गंदगी



में शहर से देहात तक खूब सफाई अभियान चला।

शिक्षानगरी में नगर आयुक्त राकेश चंद तिवारी व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्रन सेठ व निगम के अधिकारियों कर्मचारियों के नेतृत्व में शहर के गली माहल्लों व सडकों पर सफाई अभियान के सफाई कर्मियों व अधिकारियों का अहम किरदार रहा। आज सुबह से ही अफसर' जन- प्रतिनिधि' समाजसेवी व स्कूल के शिक्षक व छात्र अपने हाथों में झाड़ू लेकर सड़क पर उतरे और शहर की सड़कों के अलावा गली मोहल्लों व देहात में गांव की सड़कों पर भी जमकर स्वच्छता अभियान चलाया ।शनिवार को दिन निकलते ही शहर की सड़कों पर गंदगी नहीं दिखाई दी ।इस स्वच्छता अभियान में नगर निगम रुड़की के अधिकारी कर्मचारियों ने जहां अहम भूमिका निभाई तो निकाय क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों ने भी अपने क्षेत्र में सफाई अभियान में बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया । और नगर निगम व निकाय कर्मचारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में इस स्वच्छता महा अभियान को सफल बनाने में अहम किरदार निभाया।

## बीएसएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में चला स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** स्वच्छ हरिद्वार' के संकल्प को साकार करने हेतु "एक दिन, एक घंटा, एक साथ" अभियान में सम्मिलित होकर सभी छात्र-छात्राओं एवं कॉलेज स्टाफ ने श्रमदान किया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा 2026 के अंतर्गत कॉलेज से हरिद्वार नेशनल हाईवे फ्लाईओवर ग्राम नगला इमरती तक रैली निकालकर अपने घर, परिवार, पड़ोस व अन्य को स्वच्छता का संदेश देने की शपथ ली। एडवोकेट श्री ममतेश कुमार शर्मा जी (अध्यक्ष बी0एस0एम0 शिक्षण संस्थान, रुड़की) सचिव एडवोकेट श्री रजनीश कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष श्री राम कुमार शर्मा, सहसचिव श्री संजीव कुमार शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर संस्थान निदेशक डॉ0 राजाराम प्रसाद, श्री आनंद भारद्वाज, ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय लेखपाल एवं कॉलेज स्टाफ मे पॉलिटेक्निक प्रधानाचार्य श्री विवेक सैनी, रजिस्ट्रार श्री रामनारायण, पल्लव जोशी, सादिक रजा, राव मोहम्मद शारीफ, रूबी शर्मा, वर्णिका सिंह, योगेश्वर, सुहेल अली आदि का सहयोग रहा।




## खंड विकास अधिकारी लक्सर के नेतृत्व में चला सफाई अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** उत्तराखंड सरकार और जिलाधिकारी हरिद्वार के कड़े निर्देशों के अनुपालन में, लक्सर विकासखंड में व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज लक्सर ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी प्रवीण भट्ट के नेतृत्व में समस्त स्टाफ द्वारा विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया।इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी प्रवीण भट्ट ने बताया कि शासन के आदेशानुसार ब्लॉक के सभी कार्यालयों, ग्राम पंचायतोंव पंचायत घरों, आम रास्तों, तालाबों, नालियों और सड़कों पर सफाई अभियान युद्धस्तर पर जारी है।उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों और ग्राम पंचायत अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वच्छता से ही बीमारियों को कम किया जा सकता है और आम जनमानस को सुरक्षित रखा जा सकता है। आज के स्वच्छता अभियान में ब्लॉक के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्रेस क्लब रुड़की रजिस्टर्ड का भव्य शपथ ग्रहण समारोह

## लोकतंत्र को मजबूत बनाने में पत्रकारों की जिम्मेदारी अहम : जेएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पत्रकारिता की गरिमा, निष्पक्षता और सामाजिक सरोकारों को मजबूती देने के उद्देश्य से प्रेस क्लब रुड़की रजिस्टर्ड का शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत गरिमामय और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया।

समारोह के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेट ने प्रेस क्लब के नवगठित कार्यकारिणी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेते समय पूरे सभागार में तालियों की गूंज और उत्साह का माहौल देखने को मिला। प्रेस क्लब रुड़की रजिस्टर्ड के अध्यक्ष पद की शपथ दीपक मिश्रा ने ली, जबकि उपाध्यक्ष रियाज कुरेशी, महासचिव



अश्वनी उपाध्याय, कोषाध्यक्ष विनीत त्यागी, सचिव नितिन कश्यप, डायरेक्टर दीपक अरोड़ा एवं अंकित त्यागी ने भी अपने-अपने दायित्वों की शपथ लेकर पत्रकार हितों की

❖ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्रम सेठ ने दिलाई पत्रकारों को शपथ

रक्षा और निष्पक्ष पत्रकारिता के प्रति प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेट ने अपने संबोध न में कहा कि पत्रकार समाज और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं और उनकी जिम्मेदारी लोकतंत्र को मजबूत बनाने में बेहद अहम है। उन्होंने प्रेस क्लब की नई टीम को शुभकामनाएँ देते हुए निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता की अपेक्षा जताई। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में नगर आयुक्त राकेश चंद्र तिवारी, एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल, जिला सूचना अधिकारी,रोटी लाल शाह , बीएसएम डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर सुरजीत सिंह गांधी, सिविल अस्पताल रुड़की के सीएमएस एवं बाल रोग विशेषज्ञ एसके मिश्रा तथा डीएवी डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल एमपी सिंह उपस्थित रहे।

## ज्ञानदीप स्कूल में स्वच्छता अभियान पर निकाली रैली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ज्ञानदीप पब्लिक हाई स्कूल में आज दिनांक 7 फरवरी 2026 को स्वच्छता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं तथा शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा रैली निकाली गई। इसमें सभी छात्रों ने प्रतिभाग किया । छात्रों ने रैली के माध्यम से क्षेत्र की जनता को स्वच्छता रखने के लिए जागरूक किया। विद्यालय प्रबंधक वासुदेव पंत ने कहा कि कहा कि यह सिर्फ एक औपचारिक अभियान नहीं है, बल्कि लोगों की सोच और जीवनशैली में स्वच्छता को शामिल करने की पहल है। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती रेखा बने कहा कि भविष्य में भी हमारे छात्र जनता को स्वच्छता के लिए जागरुक करते रहेंगे।

### बीएसएम इंटर कॉलेज रुड़की के छात्रों ने

## रेलवे स्टेशन तक चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आज महा स्वच्छता अभियान .के तहत बीएसएम इंटर कॉलेज रुड़की के छात्रों द्वारा बी एस एम तिराहे से लेकर रेलवे स्टेशन तक विशेष स्वच्छ भारत अभियान दिनांक 7 फरवरी 2026 को सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र अपने हाथों में झाड़ू व अन्य सामान लेकर सड़कपर निकले जिनकी रहनुमाई खुद कॉलेज के प्रधानाचार्य में शिक्षकों ने की और शिक्षकों ने बीएम किराए से लेकर रेलवे स्टेशन तक झाड़ू लगाई वह जहां ज्यादा गंदगी थी उसको इकट्ठा करके भी सही जगह फेंका।

प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने बताया कि आज मुख्यमंत्री के आदेश पर जिलाधिकारी के निर्देशन में पूरे जनपद में शहर से देहात तक स्वच्छता महा अभियान चल रहा है जिसमें बीएसएम



इंटर कॉलेज के छात्रों व शिक्षकों है खुलकर भागीदारी कीस्कूल के छात्रों के साथ शिक्षकों ने भी बीएम तिराहे से रेलवे स्टेशन तक सड़क पर झाड़ू लगाई और मांस स्वच्छता अभियान में भागीदारी की।

## नगर पालिका मंगलौर ने चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** नगर पालिका परिषद मंगलौर ने कस्बे में आज स्वच्छता अभियान चलाया इस अभियान में अध्यक्ष मोहिउद्दीन अंसारी व अधि शासी अधिकारी के अलावा नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने अहम किरदार निभाया नगर पालिका के कर्मचारी आज सुबह से ही जनप्रतिनिधियों के साथ गली मोहल्ले में पहुंचे औ रकूड़ा इकट्ठा करने के लिए छोटी गाड़ियां साथ रहे वहीं सब ने हाथों में झाड़ू लेकर गली मोहल्ले में स्वच्छता अभियान चलाया और लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया। नगर पालिका अध्यक्ष मोहिउद्दीन अंसारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेश पर जिलाधिकारी के निर्देशन मेंयह स्वच्छता अभियान चल रहा है जिसमें नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि भी स्वच्छता अभियान में जिम्मेदारी सेकाम कर रहे हैं पूरे कस्बे की गली मोहल्ले में स्वच्छता अभियान चलाया गया नगर पालिका के कर्मचारियों ने इस अभियान में अहम किरदार निभाया।

## गंगनहर में पैर फिसलने से एक युवक डूबा, दूसरे को पुलिस ने बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** गंगनहर में फिसलने से एक युवक डूबकर लापता हो गया, जबकि उसके साथी को जल पुलिस के जवान ने स्थानीय गोताखोर की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया ओर डूबकर लापता युवक की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय आदित्य पुत्र फोनी एवं 18 वर्षीय कृष्णा पुत्र राकेश, निवासी अलावलपुर भगवानपुर पिरान कलियर आए हुए थे। इस दौरान दोनों युवक बिजली घर के पास कांवड़ पटरी की ओर गंगनहर किनारे गए। इसी बीच पैर फिसलने से दोनों युवक गंगनहर में गिर गए और डूबने लगे। घटना की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे ओर पुलिस को सूचना दी सूचना मिलने पर हेड कांस्टेबल रविन्द्र बालियान व जल पुलिस के जवान राधे पाटिल ने तत्परता दिखाते हुए स्थानीय गोताखोर की मदद से कृष्णा को सकुशल बाहर निकाल लिया। लेकिन आदित्य तेज बहाव में बहकर लापता हो गया। गंगनहर में डूबे युवक की तलाश के लिए सर्च अभियान शुरू कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक युवक का कोई सुराग नहीं लग सका था।थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार में बताया कि डूबकर लापता हुए युवक की तलाश जारी है।

### जमीनी रंजिश में भतीजे ने किया था चाचा पर जानलेवा हमला

## पुलिस ने 12 घंटे में दबोचा आरोपी, हमले में इस्तेमाल लोहे की पाठल भी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेडा थाना क्षेत्र के ग्राम शेरपुर खेलमऊ में पुश्तैनी जमीन को लेकर चल रहे पारिवारिक विवाद ने उस समय हिंसक रूप ले लिया, जब एक भतीजे ने अपने ही चाचा पर जानलेवा हमला कर दिया। हालांकि, झबरेडा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मात्र 12 घंटे के भीतर मामले का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना 05 फरवरी 2026 की है, जब सुबह करीब 11 बजे ग्राम शेरपुर खेलमऊ निवासी अनुज पुत्र महेन्द्र अपने घर की सीढ़ियों पर मौजूद थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश और जमीन विवाद को लेकर उनके भतीजे अभिषेक पुत्र नीटू ने जान से मारने की नीयत से उन पर पाठल से ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे अनुज गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल की मां की तहरीर पर 06 फरवरी 2026 को थाना झबरेडा में मुकदमा अपराध संख्या 18/2026 धारा 109(1), 352, 351(2) बीएनएस के तहत पंजीकृत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष झबरेडा अजय शाह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शेरपुर खेलमऊ गेट के पास सड़क से आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर गांव के बाहर से घटना में प्रयुक्त पाठल भी बरामद कर ली गई। पूछताछ में सामने आया कि जमीन को लेकर चल रहा विवाद ही इस खौफनाक हमले की मुख्य वजह था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए आज माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस टीममें थानाध्यक्ष अजय शाह, उप निरीक्षक रोहित कुमार, हेड कांस्टेबल हरेन्द्र कुमार शामिल रहे

## स्कूल टीचर पर छोटे बच्चे के साथ गलत टच का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा थाने में तहरीर देकर कक्षा एक में पढ़ने वाले अपने पुत्र के साथ स्कूल के एक शिक्षक पर गलत टच करने तथा गलत काम करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका 8 वर्षीय पुत्र गांव के पास स्थित एक पब्लिक स्कूल में कक्षा एक में पढता है। शुक्रवार को जब उसका पुत्र स्कूल गया तो स्कूल के ही एक शिक्षक द्वारा उसके पुत्र को गलत तरीके से टच किया गया तथा उसके साथ गलत काम किया गया। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## फैक्ट्री के गंदे जहरीले पानी की शिकायत पर जांच करने को पहुंचे कानूनगो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** बेडपुर स्थित सिल्वर क्राउन फूड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से निकलने वाले गंदे और जहरीले पानी से फसलों को हो रहे भारी नुकसान को लेकर किसानों द्वारा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की से की गई शिकायत पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए नायब तहसीलदार अनिल कांबोज ने मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया और कंपनी से खेतों की ओर जा रहे दूषित पानी को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया। नायब तहसीलदार अनिल कांबोज ने बताया कि किसानों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मौके पर जांच की गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कंपनी से निकलने वाला गंदा पानी खेतों में पहुंच रहा था, जिससे फसलों को नुकसान हो रहा था। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पानी की निकासी को बंद कराया गया है।उन्होंने बताया कि संबंधित लेखपालों को फसलों को हुए नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दे दिए गए हैं। लेखपालों द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट कृषि विभाग को भेजी जाएगी। कृषि विभाग की जांच के बाद किसानों को फसल क्षति के अनुसार उचित मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के किसानों ने राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई है कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## नपं लंढौरा ने चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ नसीम ने कर्मचारियों व वार्ड सभासदों के साथ कस्बे में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ नसीम ने कर्मचारियों वार्ड सभासदों राजकीय इंटर कॉलेज व कन्या हाईस्कूल की छात्र-छात्राओं के साथ स्वच्छता की शपथ ली। बाद में नगर पंचायत कर्मचारियों व पर्यावरण मित्रो के साथ जौरासी मार्ग पर स्वच्छता अभियान चलाकर सड़क के दोनों ओर सफाई की इस मौके पर डॉ नसीम ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है जो एक स्वस्थ जीवन और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करता है। हर व्यक्ति के लिए उनके आस-पास स्वच्छता बनाए रखना जरूरी है। एक साफ वातावरण न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। बल्कि रोगों से बचाव में भी मदद करता है। अधिशासी अधि कारी हेमंत गुप्ता ने बताया कि सरकार ने स्वच्छता महाअभियान चलाया हुआ है। जिससे समय समय पर कस्बे में अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके सफाई निरीक्षक आदेश कुमार, राव



गुलशेर, राहुल पाल, अब्दुर्रहमान, अमित तिवारी, मुंतजिर, तसलीम, सफाई नायक राजू, परवेज के अलावा सभासद राजेश वालिया, फरमान अली, हाजी सलीम अहमद, यशविन्दर सिंह, मोहम्मद रब्बान आदि लोग मौजूद रहे।

## विधायक शहजाद व पालिका अध्यक्ष संजीव के नेतृत्व में चला स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र में लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद नगर पालिका अध्यक्ष संजीव उर्फ नीटू के नेतृत्व में जोर-शोर से स्वच्छता अभियान चलाया गया है लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने कहा कि आज लक्सर नगर अध्यक्ष के साथ केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा भारत को स्वच्छ रखने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है उन्होंने कहा लक्सर नगर पालिका क्षेत्र में अलग-अलग मोहल्ले गलियों व सड़कों पर स्वच्छता अभियान जोर शोर से चला जा रहा है उन्होंने कहा अगर इसी तरह से सभी जगह सभी लोग स्वच्छता पर जोर दें तो तमाम बीमारियों से बचा जा सकता है इसीलिए सभी को स्वच्छता अभियान में भाग लेना चाहिए । नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संजीव उर्फ नीटू ने कहा कि आज नगर पालिका परिषद क्षेत्र की छोटी-छोटी नालियों में छोटी-छोटी सड़कों में लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद के साथ स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है उन्होंने कहा अगर सभी जगह स्वच्छता अभियान सही तरीके



से चलाया जाए तो आम जन को सभी बीमारी से बचाया जा सकता है इस स्वच्छता अभियान में नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारियों ने भी अहम किरदार निभाया ।



कोलकाता। केंद्र में मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन के तहत सुनवाई के दौरान इंतजार करते लोग।

## यूक्रेन के पास गतिविधि की रिपोर्ट, पोलैंड ने विमानों को अलर्ट किया

**वारसॉ।** यूक्रेन में युद्ध के संबंध में रूस की 'लंबी दूरी की हवाई गतिविधि' का हवाला देते हुए पोलैंड ने शनिवार को सैन्य विमानों को सतर्क किया और हवाई रक्षा प्रणालियों को हाई अलर्ट पर रखा। देश की सशस्त्र सेना परिचालन कमान ने यह जानकारी दी। कमान ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि यूक्रेन में लक्ष्यों पर किए गए हमलों के संबंध में संचालित रूस की लंबी दूरी की विमानन गतिविधि के कारण, पोलैंड के और सहयोगी विमानों ने पोलिश हवाई क्षेत्र में परिचालन शुरू कर दिया है।

## सेना प्रमुख ने पूंछ दौरे पर तैयारियों का जायजा लिया

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पूंछ जिले में अग्रिम क्षेत्रों में तैनात जवानों से मुलाकात की और सेना की तैयारियों का जायजा लेने के साथ पड़ोस के गांव में अपने पुराने सहकर्मी सेवानिवृत सूबेदार परवेज अहमद से मुलाकात कर उनकी कुशल क्षेम भी पहुंची। सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्थानीय स्तर पर जवानों की मदद करने के लिए सूबेदार अहमद को सम्मानित भी किया। उन्होंने अग्रिम इलाकों में तैनात जवानों के मनोबल और सतर्कता की भी सराहना की। अग्रिम क्षेत्रों के दौरे के बाद जनरल द्विवेदी पूंछ के कामसर गांव भी गए। वहां उन्होंने 18 जम्मू-कश्मीर राइफल्स के सेवानिवृत्त सूबेदार (मानद कैप्टन) परवेज़ अहमद से मुलाकात की।

# मलेशिया में मोदी का गर्मजोशी से स्वागत

## रिसीव करने पहुंचे प्रधानमंत्री इब्राहिम, मोदी ने कहा: ये उनका भारतीयों के लिए प्रेम

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 8 साल बाद दो दिन के मलेशिया दौरे पर पहुंचे। उन्हें मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम ने एयरपोर्ट पर अपनी कार से रिसीव किया। इसके बाद पीएम मोदी कुआलालंपुर में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम खुद एयरपोर्ट पर मेरा स्वागत करने आए।

वे मुझे अपनी कार से यहां लाए। इतना ही नहीं, उन्होंने मुझे अपनी सीट पर भी बैठाया। उन्होंने कहा यह खास सम्मान भारत और भारतीय समुदाय के प्रति उनके प्यार और सम्मान को दिखाता है। भारत जल्द यहां अपना पमेंट सिस्टम यूपीआई लॉन्च करेगा। मोदी ने कहा: पिछले साल मैं आसियान शिखर सम्मेलन के लिए मलेशिया नहीं आ सका था,



■ मलेशियाई पीएम अनवर बोले: हमारे भारत के साथ ऐतिहासिक रिश्ते

लेकिन मैंने अपने दोस्त से वादा किया था कि मैं जल्द मलेशिया आऊंगा। आज मैं अपना वादा निभाने आया हूं। साल 2026 में यह मेरी पहली विदेश यात्रा है। पीएम मोदी और मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम एक ही कार से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। पीएम मोदी के स्वागत में भारतीय मूल के कलाकारों ने क्लासिकल डांस किया। पीएम मोदी के स्वागत में भारतीय मूल के कलाकारों ने क्लासिकल डांस किया। पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि आपने रोटी चनाई को मलाबार परोट्टा से जोड़ा है। नारियल, मसाले और चाय भी हमारे रिश्ते को जोड़ते हैं। चाहे कुआलालंपुर हो या कोच्चि, स्वाद एक जैसे लगते हैं। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं, शायद इसलिए क्योंकि हमारी भाषाओं और मलय भाषा में कई शब्द समान हैं। मोदी ने कहा कि मैंने सुना है कि मलेशिया में भारतीय संगीत और फिल्में काफी लोकप्रिय हैं। प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम बहुत अच्छा गाते हैं, लेकिन भारत में बहुत से लोगों को यह बात पहले नहीं पता थी। उनके पिछले भारत दौरे के दौरान जब उन्होंने एक पुराना हिंदी गीत गाया, तो उसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। भारतीय पीएम ने कहा कि यह जानकर खुशी होती है कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को महान अभिनेता और नेता एमजीआर के तमिल गीत बहुत पसंद हैं। मोदी ने कहा कि दुनिया भारत को सिर्फ एक बड़ा बाजार मानती थी, लेकिन अब भारत निवेश और व्यापार का एक बड़ा केंद्र बन चुका है। आज भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जाता है। चाहे ब्रिटेन हो, यूएई, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ (ईयू) या अमेरिका, कई देशों ने भारत के साथ व्यापार समझौते किए हैं। भारत आपके दिलों में एक खास जगह रखता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी के बीच 45 लोगों की मौत

**टोक्यो।** जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी के कारण मरने वालों की संख्या 45 हो गई है, जबकि घायलों की संख्या 600 के करीब पहुंच रही है। देश की मुख्य अग्निशमन सेवा से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करने पर यह जानकारी सामने आई। बीस जनवरी से अब तक कुल 585 लोग अलग-अलग गंभीरता से घायल हुए हैं, इनमें से 187 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। कम से कम 45 लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले सप्ताह, उत्तरी जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी की दूसरी लहर देखी गई।

### मिस्र के अबू फना मठ में दीवार गिरने से चार बच्चों की मौत

**काहिरा।** मिस्र के मिस्रन्या प्रांत में स्थित प्राचीन कॉप्टिक ऑर्थोडॉक्स संत फना मठ (देइर अबू फना, जिसे क्रॉस मठ के नाम से भी जाना जाता है) में दीवार गिरने से चार बच्चों की मौत हो गई। मिस्र के मीडिया ने यह जानकारी दी है। अल मसरी अल यौम अखबार के अनुसार, यह हादसा हुआ, जब चौथी शताब्दी के इस मठ की एक इमारत की भीतरी दीवार गिर गई। कॉप्टिक ईसाई संत फना के नाम पर बने इस मठ में इमारत की ईंटें और बड़े-बड़े पत्थर आगंतुकों पर गिर पड़े।

### 'अय्यावास्का' पेय का नए केंद्र बने स्पेन, पुर्तगाल


**बार्सिलोना/मैड्रिड।** अमेजन के घने जंगलों में तैयार होने वाला 'अय्यावास्का' पेय अब यूरोप के आलीशान होटलों तक पहुंच गया है और खासकर स्पेन, यूरोप के उन गिने-चुने देशों में शामिल हो गया है जहां कानूनी अस्पष्टता के कारण इसके सेवन संबंधी 'रिट्रीट' बड़े पैमाने पर आयोजित किए जा रहे हैं। यूरोप के देशों में हाल के वर्षों में 'अय्यावास्का' पेय का सेवन एक वेलनेस प्रैक्टिस के रूप में तेजी से लोकप्रिय हुआ है। यह अय्यावास्का पेय दक्षिण अमेरिका के अमेजन बेसिन में मिलने वाली औषधियों से बनने वाला विशेष काढ़ा है।

# एपस्टीन फाइल्स: अनिल अंबानी की चैट आई सामने

## दावा: सुनहरे बालों वाली स्वीडिश महिला की पेशकश हुई, अनिल बोले: अरेंज करो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने यौन अपराधी जेफी एपस्टीन ने जो दस्तावेज जारी किए हैं, उसमें अनिल अंबानी से जुड़े नए खुलासे सामने आए हैं। ये दस्तावेज एपस्टीन और उद्योगपति अनिल अंबानी के बीच 2017 से 2019 के दौरान हुई बातचीत से जुड़े हैं।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें कारोबार, वैश्विक मामलों और महिलाओं को लेकर चर्चा हुई। 9 मार्च 2017 की बातचीत में अनिल ने एपस्टीन से पूछा: क्या सुझाव है? इस पर एपस्टीन ने लिखा: मुलाकात 'मजेदार' बनाने के लिए 'लंबी स्वीडिश ब्लान्ड महिला' बेहतर होगी। इसके बाद अंबानी ने जवाब दिया, 'इसे अरेंज करो।' बातचीत तब की है। यौन अपराधी जेफी एपस्टीन की जेल में मौत हो गई थी। आधिकारिक रिपोर्ट्स के मुताबिक उसने आत्महत्या की थी। यह बातचीत उस समय की है, जब एप्सटीन को पहले ही 2008 में नाबालिगों से जुड़े यौन आपराध के मामले में सजा मिल चुकी थी। इसके



■ ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें कारोबार, वैश्विक मामलों और महिलाओं को लेकर चर्चा हुई

बावजूद एप्सटीन दुनिया के कई प्रभावशाली और ताकतवर लोगों के संपर्क में बना हुआ था। रिकॉर्ड बताते हैं कि दोनों के बीच पेरिस और न्यूयॉर्क में मिलने की योजना बनीं। मई 2019 में अनिल अंबानी के न्यूयॉर्क दौरे के वक्त एपस्टीन ने उन्हें मैनहैटन स्थित अपने घर बुलाया, जहां दोनों मिले। दूसरे ईमेल्स से यह भी पता चलता है कि अंबानी और एपस्टीन के बीच अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं, बिजनेस मीटिंग्स और वैश्विक मंचों पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर बातचीत हुई थी। इनमें पेरिस, न्यूयॉर्क और वर्ल्ड इकोनामिक फोरम के कार्यक्रमों में संभावित मुलाकातों का जिक्र है। एप्सटीन को 2019 में संघीय स्तर पर सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोपों में फिर से गिरफ्तार किया गया था, लेकिन मुकदमा शुरू होने से पहले ही उसकी हिरासत में मौत हो गई। इसके बाद दुनियाभर में विवाद खड़ा हुआ और उसके नेटवर्क को लेकर कई तरह की जांच शुरू हुई। चैट्स में डोनाल्ड ट्रम्प और हालीवुड से जुड़े संदर्भ भी हैं। एक बातचीत में एपस्टीन ने पसंदीदा महिला पर सवाल किया, जिस पर अंबानी ने हालीवुड अभिनेत्री स्कारलेट जोहानसन का जिक्र किया। तब रिलायंस एंटरटेनमेंट उनकी फिल्म 'घोस्ट इन द शेल' की सह-निर्माता थी। इसी अवधि में एपस्टीन ने अंबानी परिवार से जुड़ी किताबें मंगवाई थीं। ब्लूमबर्ग के मुताबिक अनिल अंबानी के प्रतिनिधि ने इस मामले पर किसी टिप्पणी से इनकार किया। अनिल अंबानी अनिल अंबानी रिलायंस एडीए ग्रुप के चेयरमैन हैं। साल 2008 में उनकी संपत्ति करीब 42 अरब डालर आंकी गई थी। उस समय फोर्ब्स की अमीरों की सूची में उनका छठा स्थान था। अंबानी के अलावा भी कई भारतीय और भारतीय मूल के सेलिब्रिटी एपस्टीन के संपर्क में थे। इनमें फिल्मकार मीरा नायर, डायरेक्टर अनुराग कश्यप, अभिनेत्री नंदिता दास, वेलनेस गुरु दीपक चोपड़ा का नाम शामिल है। हालांकि, फाइल में नाम होना किसी अपराध का सबूत नहीं है। ये सिर्फ सामाजिक या पेशेवर संपर्क दिखाते हैं। मीरा नायर से जुड़ा मेल अमेरिकी पब्लिसिटी मैनेजर पेगी सीगल ने एपस्टीन को 21 अक्टूबर 2009 को भेजा था। इसमें सीगल ने लिखा है कि वह गिस्लीन मैक्सवेल (एपस्टीन की गर्लफ्रेंड और अपराधी) के मैनहट्टन टाउनहाउस से एक आफ्टर-पार्टी से लौटी हैं। मीरा नायर न्यूयार्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी की मां हैं।


## ब्रिटेन में डॉक्टर को 24 साल जेल की सजा बच्चों के यौन शोषण मामले में दोषी

**लंदन।** ब्रिटेन में बच्चों के यौन शोषण के एक गंभीर मामले में 76 साल के रिटायर्ड वेटनरी डाक्टर जान रुबेन को 23 साल 10 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। आरोपी ने समर कैंप में बच्चों को दी जाने वाली कैंडी में नशीली दवाएं मिलाकर उनका यौन शोषण किया। यह मामला पिछले साल जुलाई का है, जब इंग्लैंड के एक समर कैंप से जुड़े 8 से 11 साल के 8 बच्चों और एक वयस्क को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। जांच के बाद पुलिस ने रुबेन को गिरफ्तार किया था। जान रुबेन ने नवम्बर में कोर्ट में 17 मामलों में दोष स्वीकार किया था। इनमें 13 साल से कम उम्र के दो बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न और 8 बच्चों के साथ क्रूरता के आरोप शामिल हैं। कोर्ट में यह भी सामने आया कि आरोपी ने अपनी पत्नी सूसन रुबेन को भी नशीली दवाई दी थी, ताकि वह सोती रहे और उसे पता न चले कि वह बच्चों के साथ यौन शोषण कर रहा है। बाद में आरोपी ने इस बात को भी स्वीकार किया। प्रासिक्यूटर मैरी प्रायर ने कोर्ट को बताया कि आरोपी ने अपने धार्मिक छवि का इस्तेमाल कर बच्चों का यौन शोषण किया। साथ ही, उसने वेटनरी सर्जन के तौर पर अपने मेडिकल ज्ञान का इस्तेमाल बच्चों को बेहोश करने के लिए किया।

## इस्लामाबाद शिया मस्जिद धमाका मामला, तीन गिरफ्तार

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** पाकिस्तान में पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें दो भाई और एक महिला शामिल है। ये तीनों लोग शुक्रवार को इस्लामाबाद के एक शिया मस्जिद में हुए आत्मघाती हमले से जुड़े बताए जा रहे हैं। इस हमले में 31 लोग मारे गए थे और 169 अन्य घायल हो गए थे। आत्मघाती हमलावर ने खदीजा अल-कुबरा मस्जिद (इमामबाड़ा) में खुद को उड़ा लिया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इन तीनों से पूछताछ जारी है और जांच एजेंसियां इस हमले के पीछे की पूरी साजिश का पता लगाने में जुटी हुई हैं।

दूसरी ओर भारत ने हमले की निंदा करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय ने देर रात बयान जारी कर कहा कि हमले में भारत के शामिल होने का दावा निराधार है। विदेश मंत्रालय ने कहा-यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान इन मुद्दों का हल ढूंढने के बजाय, दूसरों को अपनी परेशानियों के लिए दोषी ठहरा रहा है। विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि पाकिस्तान खुद को ही धोखा दे रहा है। भारत का ये बयान पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के उस दावे के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि हमले में भारत और अफगानिस्तान शामिल थे।



■ पाक ने भारत को जिम्मेदार बताया, विदेश मंत्रालय बोला: पाकिस्तान खुद को धोखा दे रहा

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने धमाके में मारे गए लोगों के लिए शोक जताया है। उन्होंने कहा कि बेगुनाह लोगों को निशाना बनाना इंसानियत के खिलाफ है। जरदारी ने घायलों के जल्द ठीक होने की दुआ की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों को हर संभव बेहतर इलाज की सुविधा दी जाए। पार्लियामेंट्री अफेयर्स के मंत्री डा. तारिक फजल चौधरी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस्लामाबाद में हुए धमाके की मैं कड़ी निंदा करता हूं। इस हमले में मारे गए लोगों के लिए दुखी हूं। ऐसी आतंकी घटनाएं देश और लोगों का हौसला नहीं तोड़ सकती। जरूरत है कि हम सब मिलकर शांति के लिए एकजुट हों और कानून व्यवस्था संभालने वाली एजेंसियों के साथ मजबूती से खड़े रहें।

## ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर टैरिफ को मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान संबंधी एक खास कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। यह आदेश अमेरिका को उन देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की अनुमति देता है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ईरान से सामान या सेवाएं खरीदते हैं।

व्हाइट हाउस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह आदेश विशिष्ट टैरिफ स्तर तो निर्धारित नहीं करता है, लेकिन अधिकारियों को बदलती परिस्थितियों के आधार पर उन्हें तय करने और समायोजित करने के लिए अधिकृत करता है। इस आदेश में यह भी कहा गया है कि अगर हालात बदलते हैं, जवाबी कार्रवाई होती है, या यदि ईरान अथवा कोई प्रभावित देश राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति एवं आर्थिक मामलों पर

■ यह आदेश विशिष्ट टैरिफ स्तर तो निर्धारित नहीं करता है

संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ तालमेल बिठाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाता है, तो राष्ट्रपति इस आदेश में संशोधन कर सकते हैं। यह आदेश विदेश मंत्री, वाणिज्य मंत्री और व्यापार प्रतिनिधि को टैरिफ प्रणाली एवं संबंधित उपायों को लागू करने के लिए नियम और दिशा-निर्देश जारी करने सहित सभी आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अधिकृत करता है। इसका उद्देश्य ईरान के ऐसे कदमों का सामना करना है, जिसमें उसकी परमाणु क्षमता हासिल करने की कोशिश, आतंकवाद का समर्थन, बैलिस्टिक मिसाइल विकास और क्षेत्रीय अस्थिरता शामिल है।

## एआई शिखर सम्मेलन समावेशी, जिम्मेदार राष्ट्रों को एक मंच पर लाएगा


**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 16 से 20 फरवरी तक होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट' समिट का उद्देश्य वैश्विक एआई चर्चाओं को जमीनी स्तर पर लोगों, विशेष रूप से विकासशील अर्थव्यवस्थाओं और वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए वास्तविक और उपयोगी परिणामों में बदलना है। यह बात इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट पर इंडिया एआई मिशन के सीईओ अभिषेक सिंह ने शुक्रवार को डिजिटल इंडिया-हमारे विशेषज्ञों से पूछो (आस्क अवर एक्सपर्ट्स) कार्यक्रम में कही। सिंह ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अब भविष्य की अवधारणा नहीं है। यह भारतीयों के सीखने, काम करने, सेवाओं तक पहुंचने और रोजमर्रा की समस्याओं को हल करने के तरीके को नया आकार दे रहा है।

# बांग्लादेश को 30 साल बाद नया पीएम मिलेगा

## चुनाव पर भारत-पाक व चीन की टिकी है नजर, बदल जाएगा साउथ एशिया का पावर बैलेंस

**ढाका।** बांग्लादेश में 12 फरवरी को संसदीय चुनाव होने जा रहे हैं। पूर्व पीएम शेख हसीना के देश छोड़ने और खालिदा जिया के निधन के बाद यह पहला चुनाव है। 1991 से 2024 तक बांग्लादेश की राजनीति में इन दो नेताओं का दबदबा रहा। ऐसे में 35 साल बाद देश को नया प्रधानमंत्री मिलेगा। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को इस चुनाव में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी गई है।

चुनाव आयोग का कहना है कि 2024 में हुए छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में पार्टी की भूमिका की वजह से यह फैसला लिया गया है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि बांग्लादेश के ये चुनाव सिर्फ देश की राजनीति ही नहीं, बल्कि पूरे साउथ एशिया की डिप्लोमेसी और पावर बैलेंस को बदल सकते हैं। इसलिए भारत, पाकिस्तान और चीन भी इन चुनाव पर नजर बनाए हुए हैं। बांग्लादेश में अगस्त 2024 से नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस की लीडरशिप में अंतरिम सरकार काम कर रही है। राजनीतिक



■ शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को इस चुनाव में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी गई है

जानकारों के मुताबिक, हसीना के सत्ता से हटने के बाद बांग्लादेश की विदेश नीति में बड़ा बदलाव आया है। भारत के साथ रिश्ते अब अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं, जबकि पाकिस्तान के साथ संबंध बेहतर हुए हैं और चीन के साथ रणनीतिक रिश्ते और मजबूत हुए हैं। बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना को सत्ता छोड़नी पड़ी। वे भारत आ गईं, जिससे दोनों देशों में तनाव शुरू हुआ। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले, मंदिर तोड़ने और हिंसा की खबरें आने लगीं, जिस पर भारत ने चिंता जताई। बांग्लादेशी सोशल मीडिया पर 'ग्रेटर बांग्लादेश' के नक्शे और भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर भड़काऊ बातें फैलीं। मोहम्मद यूनुस ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लैंड-लाक बताया, जिससे विवाद छिड़ा। पाकिस्तान से संबंध बेहतर हुए तथा दोनों देशों के बड़े नेताओं और अधिकारियों ने आपस में सीधे बात करना शुरू किया, जिससे पुराने तनाव धीरे-धीरे कम होने लगे। 2025 में कराची और चटगांव के बीच कार्गो जहाज फिर से चलने लगे, जिससे समुद्री व्यापार आसान हो गया। 2026 की शुरुआत में ढाका और कराची के बीच कई साल बाद सीधी फ्लाइट्स शुरू हुईं। पाकिस्तान और बांग्लादेश ने वीजा के नियम आसान करने पर बात की, खासकर सरकारी काम से आने-जाने वालों के लिए। अंतर्राष्ट्रीय बैठकों में पाकिस्तान और बांग्लादेश कई मुद्दों पर एक-दूसरे के साथ खड़े नजर आए, जिससे तालमेल बढ़ा।

# बराक और मिशेल ओबामा से माफी नही मांगूंगा: ट्रम्प

## कहा: स्टाफ की गलती से वीडियो शेयर हुआ, पूर्व राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को बंदर दिखाया था

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया से पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा का वीडियो डिलीट कर दिया है। इस वीडियो में ओबामा और उनकी पत्नी को जंगल में प्राइमेट्स (बंदर) के रूप में दिखाया गया था।

हालांकि, ट्रम्प ने सफाई देते हुए माफी मांगने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मैंने शुरुआत देखी, वो ठीक थी। इसके बाद उन्होंने इसे किसी स्टाफ को भेज दिया, जिन्हें पूरा वीडियो देखना चाहिए था।' ट्रम्प का दावा है कि स्टाफ ने वीडियो के अंतिम छोटे हिस्से को मिस कर दिया, जिसमें आपत्तिजनक सामग्री थी। उन्होंने कहा कि जैसे ही उन्हें इसकी जानकारी हुई, वीडियो हटा दिया गया। ट्रम्प ने स्पष्ट रूप से माफी मांगने से इन्कार करते हुए कहा 'नहीं, मैंने कोई गलती नहीं की। हालांकि, उन्होंने नस्लवादी हिस्से



■ वीडियो को लेकर ओबामा ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी यह वीडियो ट्रम्प के उन कई पोस्ट्स में से एक था

की निंदा की। व्हाइट हाउस ने कहा कि यह पोस्ट एक स्टाफ की गलती से शेयर हुई थी। कुछ घंटे पहले प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा था कि पोस्ट में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। वीडियो को लेकर ओबामा ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जाएगी। यह वीडियो ट्रम्प के उन कई पोस्ट्स में से एक था, जिनमें उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में धांधली का दावा किया। करीब एक मिनट के वीडियो में उन्होंने कहा किया कि 2020 के चुनाव में बैलेट गिनने वाली कंपनी डोमिनियन वोटिंग सिस्टम्स ने ट्रम्प के खिलाफ गड़बड़ी की थी। वीडियो के आखिर में कुछ सेकंड के लिए ओबामा दंपती के चेहरे बंदरों के शरीर पर दिखाए जाते हैं। उसी दौरान बैकग्राउंड में 'द लायन स्लीप्स टुनाइट' गाना बजता है। यह सीन एक अलग इंटरनेट मीम वीडियो से लिया गया था, जिसे पहले भी एक प्रभावशाली कंजर्वेटिव मीम मेकर ने फैलाया था। उस वीडियो में ट्रम्प को 'जंगल का राजा' और डेमोक्रेट नेताओं को जानवरों के रूप में दिखाया गया था। बराक ओबामा के करीबी और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बेन रोड्स ने इसे लेकर ट्रम्प के इतिहास का काला धब्बा बताया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अमेरिकी लोग ओबामा दंपती को सम्मानित शख्सियतों के तौर पर याद करेंगे, जबकि ट्रम्प को इतिहास के एक काले अध्याय की तरह पढ़ा जाएगा। यह विवाद ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका में ब्लैक हिस्ट्री मंथ चल रहा है। कुछ दिन पहले ही ट्रम्प ने एक आधिकारिक घोषणा में अश्वेत अमेरिकियों के योगदान और आजादी, न्याय और समानता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की बात कही थी। यह पहली बार नहीं है जब ट्रम्प ने इस तरह का वीडियो पोस्ट किया हो। पिछले साल उन्होंने एक एआई वीडियो डाला था, जिसमें बराक ओबामा को ओवल ऑफिस में गिरफ्तार होते और जेल में दिखाया गया था। बाद में उन्होंने एक और एआई वीडियो पोस्ट किया, जिसमें अश्वेत नेता हकीम जेफीज को नकली मूंछ और सोमब्रेरो पहने दिखाया गया था।

# अमेरिका ने लागू की नई हथियार हस्तांतरण रणनीति

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर 'अमेरिका फर्स्ट आर्म्स ट्रांसफर स्ट्रेटेजी' की स्थापना की है, जिसका उद्देश्य विदेशी सैन्य बिक्री में अमेरिकी हितों को प्राथमिकता देना और घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना है।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सैन्य प्रभुत्व और तकनीकी बढ़त बनाए रखने के लिए अब समय आ गया है कि अमेरिका को आगे रखने वाली हथियार हस्तांतरण रणनीति को स्थापित, लागू और क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह रणनीति एक तकनीकी रूप से श्रेष्ठ, तैयार और लचीले राष्ट्रीय

■ वाणिज्य विभागों को आपसी समन्वय से काम करने का निर्देश दिया गया

सुरक्षा औद्योगिक उद्यम को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि यह पहल अमेरिकी रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूत करेगी, ताकि उसमें अमेरिकी सेना, उसके सहयोगियों और साझेदारों का समर्थन करने की पर्याप्त क्षमता बनी रहे, विशेष रूप से ऐसे समय में जब अमेरिका साझा रक्षा बोझ बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस आदेश के तहत युद्ध, विदेश और वाणिज्य विभागों को आपसी समन्वय से काम करने का निर्देश दिया गया है, ताकि अमेरिकी निर्मित सैन्य उपकरणों का उपयोग एक ओर विदेश नीति के साधन के रूप में किया जा सके और दूसरी ओर देश के रक्षा औद्योगिक आधार को सशक्त बनाया जा सके। आदेश में कहा गया है, अमेरिका में निर्मित सैन्य उपकरण दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं। आदेश में कहा गया है कि यह रणनीति सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में होने वाले हथियार हस्तांतरण घरेलू उत्पादन, तकनीकी श्रेष्ठता और राष्ट्रीय सुरक्षा को समर्थन दें। रणनीति के तहत संघीय एजेंसियों के लिए समय-सीमा तय की गई है, जिसके भीतर उन्हें विदेशी बिक्री के लिए प्राथमिक हथियारों और प्रणालियों की पहचान करनी होगी।

# रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकती है शाहिद-रश्मिका की जोड़ी





**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना की जोड़ी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकती है। शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना बहुत जल्द कॉकटेल 2 में नजर आने वाले हैं। फिल्म इसी साल सितम्बर के महीने में रिलीज होगी।इस जोड़ी को एक नया प्रोजेक्ट भी मिल गया है। बॉलीवुड में चर्चा है कि निर्देशक अमित शर्मा शाहिद और रश्मिका को लेकर रोमांटिक कॉमेडी फिल्म बना रहे है। इस फिल्म का जियो स्टूडियोज के सहयोग से किया जाएगा। फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं किया गया है। चर्चा है कि शाहिद और रश्मिका अपने मौजूदा प्रोजेक्ट्स पूरे करने के बाद

# दो दीवाने सहर में के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी बने भंसाली के आइकॉनिक हीरो



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी, संजय लीला भंसाली की फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का सिर्फ हिस्सा नहीं बने हैं, बल्कि इस फिल्म के घरिए उन्होंने अपने दमदार अभिनय, भावनात्मक समझ और मजबूत स्क्रीन प्रेजेंस के साथ अपने करियर को एक अहम और नया मोड़ दिया है। संजय लीला भंसाली ने अपने करियर में सिर्फ फिल्में नहीं बनाई हैं, बल्कि सिनेमा की एक अलग ही दुनिया रची है। उनकी फिल्मों में एक खास तरह की भव्यता और भावनात्मक गहराई होती है, जो दर्शकों के दिलों में लंबे समय तक बस जाती है। भंसाली के सिनेमा में नायक सिर्फ कहानी का हिस्सा नहीं होते, बल्कि ऐसे किरदार बन जाते हैं जिन्हें लोग सालों तक याद रखते हैं। उनके नायकों में जुनून होता है, तो दर्द भी, मजबूती होती है, तो नाजुकपन भी। फिलहाल 'दो दीवाने शहर में' के जरिए सिद्धांत चतुर्वेदी ने भंसाली यूनिवर्स में कदम रखा है। संजय लीला भंसाली की फिल्मों के नायक हमेशा खास होते हैं। वे ताकतवर होने के साथ, भीतर से टूटे हुए भी होते हैं। प्रेम उनके जीवन का केंद्र भले हो, लेकिन कर्तव्य और संघर्ष उनकी पहचान होते हैं। ए किरदार सिर्फ परदे तक सीमित नहीं रहते, बल्कि फिल्म खत्म होने के बाद भी दर्शकों के जहन में बने रहते हैं। हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान का समीर आज भी याद किया जाता है।

वह एक भावुक, जल्दबाज और सच्चे प्रेम में डूबा हुआ इंसान है। इस किरदार ने भंसाली के आधुनिक नायकों की नींव रखी, जो अपनी कमजोरियों के साथ भी बेहद सच्चा लगता है। फिल्म गुजारिश में ऋतिक रोशन ने बेहद संयमित और गहराई भरा अभिनय किया है। दर्द और गरिमा के बीच संतुलन बनाते हुए उन्होंने साबित किया कि खामोशी भी उतनी ही असरदार हो सकती है जितनी भव्यता। बाजीराव मस्तानी और पद्मावत में भंसाली के साथ रणवीर सिंह का सफर बेहद दमदार रहा है। बाजीराव मस्तानी में बाजीराव और पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी के किरदारों में उन्होंने जुनून, पागलपन और त्रासदी को पूरी शिद्दत से जिया। यही वजह है कि उनकी ए भूमिकाएं उन्हें भंसाली के सबसे यादगार अभिनेताओं में शामिल करती हैं। भंसाली की आगामी फिल्म लव एंड वॉर में रणबीर कपूर एक ऐसे नायक के रूप में नजर आनेवाले हैं, जो भीतर से उलझा हुआ है। सांवरिया के बाद इस फिल्म में भी रणबीर कपूर की संजीदा और भावनात्मक अभिनय शैली, भंसाली के सिनेमा से अच्छी तरह मिलकर दर्शकों का मनोरंजन करेगी। इसी फिल्म में विक्की कौशल भी नजर आएंगे। विक्की कौशल के किरदारों में सादगी, सच्चाई और भावनात्मक ताक़त दिखाई देती है, जो भव्य कहानियों को और ज्यादा जमीन से जोड़ती है। दो दीवाने सहर में के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी, भंसाली सिनेमा में एक ऐसे नायक के रूप में उभरे हैं, जो अपनी आंखों से ही सारी बातें बयान करने का हुनर रखता है। फिल्म की झलकियों में वह एक संवेदनशील और भावुक प्रेमी के रूप में दिखाई देते हैं, जो शांत भी है और भीतर से गहराई से महसूस करने वाला भी। उनकी आंखों में एक अलग सी बेचैनी और सच्चाई दिखती है, जो भंसाली के नायकों की पहचान रही है।



# माधुरी दीक्षित ने देवदास में भंसाली संग काम करने के अनुभव पर की बात

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार माधुरी दीक्षित ने संजय लीला भंसाली की सुपरहिट फिल्म देवदास में उनके साथ काम करने के अपने अनुभव को याद किया है। यह फिल्म आज भी हिंदी सिनेमा की सबसे विजुअली रिच और भव्य क्लासिक्स में गिनी जाती है।

अपनी ग्रैंड सिनेमैटिक विजन के लिए अक्सर गुरु दत्त और राज कपूर जैसे दिग्गज फिल्ममेकर्स से तुलना किए जाने वाले भंसाली के बारे में माधुरी का कहना है कि उन्होंने सिर्फ पर्दे पर ही नहीं, बल्कि फिल्ममेकिंग की पूरी प्रक्रिया में भी कविता घोल दी थी।

माधुरी दीक्षित ने फिल्म देवदास में चंद्रमुखी के अपने किरदार के बारे में बात करते हुए इसे बेहद लेयर्ड और इमोशनली रिच बताया। उन्होंने कहा, ष्मुझे भंसाली जी के साथ काम करके बहुत मजा आया। चंद्रमुखी फिल्म का एक बेहद अहम किरदार था। सिर्फ डांस मूव्स ही नहीं, बल्कि फिल्म का हर सीन कविता जैसा लगता है। माधुरी दीक्षित ने बताया कि चंद्रमुखी की जर्नी उन्हें मीरा बाई की याद दिलाती है। माधुरी ने साझा किया, ष्उसके भीतर एक जन्मजात मासूमियत है। वह बिल्कुल मीरा जैसी है, क्योंकि वह ऐसे इंसान से प्यार करती है जिसे वह जानती है कि वह उसे कभी वापस प्यार नहीं कर पाएगा। इसलिए हम उस पैशन को, उन छोटे-छोटे एक्सप्रेशंस को कैप्चर करना चाहते थे, जो भाषा और भावनाओं के जरिए सामने आते हैं।

उन्होंने कहा कि उनका और भंसाली का साथ काम करने का अनुभव ष्बेहद खूबसूरत रहा। माधुरी दीक्षित ने भंसाली की बारीकी से गढ़ी गई सीक्वेंस की फिजकिल डिमांड्स पर भी विस्तार से बात की, खासतौर पर आइकॉनिक गाने काहे छेड़ छेड़ मुझे के दौरान। उस भारी-भरकम कॉस्ट्यूम को याद करते हुए माधुरी ने बताया कि उन्होंने जो घाघरा पहना था, वह बेहद वजनदार था। उन्होंने साझा किया, ष्वह असली वेलवेट से बना था और उस पर असली एम्ब्रॉयडरी का काम किया गया था। असली मोतियों के इस्तेमाल ने उसे और भी भारी बना दिया था। उन्होंने बताया कि कॉस्ट्यूम का वजन इतना ज्यादा था कि जब वह घूमना बंद भी कर देती थीं, तब भी घाघरा अपने आप उनके चारों ओर घूमता रहता था। इन तमाम चुनौतियों के बावजूद माधुरी मानती हैं कि सारी मेहनत पूरी तरह वाजिब थी।

उन्होंने कहा, जब आप उसे पर्दे पर देखते हैं डिटेल पर उनकी नजर, हर सीन को शूट करने का तरीका तो लगता है कि यह सब कुछ करना पूरी तरह सार्थक था। माधुरी दीक्षित ने कहा, लोग भंसाली को टास्कमास्टर कहते हैं, लेकिन जब हम साथ काम कर रहे थे तो वह सेट पर बहुत स्वीट थे। वह बस एक ही बात कहते थे, मुझे थोड़ा सा मैजिक दे दो। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी अगली डायरेक्टोरियल फिल्म लव एंड वॉर की शूटिग में व्यस्त हैं, जिसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।






# निर्माता हरमन और निर्देशक आरती फिर दिखेंगे साथ



**मुंबई।** बावेजा स्टूडियोज के निर्माता हरमन बावेजा और निर्देशक आरती कड़व आगामी फिल्म के लिए फिर से साथ आ रहे हैं। बावेजा स्टूडियोज के निर्माता हरमन बावेजा और निर्देशक आरती कड़व, जिन्होंने हाल के वर्षो की सबसे सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्मों में से एक दी, अब एक नए प्रोजेक्ट के लिए फिर से हाथ मिला रहे हैं। फिल्म 'मिसेज' की पहली सालगिरह के मौके पर हरमन और आरती दोनों ने इंस्टाग्राम के जरिए इस री-यूनियन की जानकारी दी।

'मिसेज' बावेजा स्टूडियोज और आरती कड़व के लिए एक माइलस्टोन साबित हुई। संवेदनशील निर्देशन, दमदार लेखन और सधे हुए प्रोडक्शन के लिए फिल्म को खूब सराहा गया। वहीं सान्या मल्होत्रा की दिल को छू लेने वाली परफॉर्मेंस ने उन्हें कई अवॉर्ड्स दिलाए। इस फिल्म ने हरमन बावेजा को सिर्फ सार्थक सिनेमा का समर्थन करने वाले निर्माता के रूप में ही नहीं, बल्कि एक कहानीकार के रूप में भी स्थापित किया, क्योंकि वह इस प्रोजेक्ट के सह-लेखक भी थे। हरमन बावेजा ने कहा, मिसेज उन गिनी-चुनी फिल्मों में से है, जो बनने के बाद भी लंबे समय तक आपके साथ रहती है। सिर्फ इसलिए नहीं कि इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, बल्कि इसलिए कि इसे पूरी ईमानदारी से बनाया गया। आरती के साथ काम करके मुझे फिर एहसास हुआ कि जब पूरी टीम एक ही सोच और संवे. दनशीलता के साथ काम करती है, तो सिनेमा कितना ताकतवर हो सकता है। पिछले एक साल में, जैसे-जैसे फिल्म ने अपना दर्शक और पहचान पाई, मेरा यह भरोसा और मजबूत हुआ कि यही वो कहानियां हैं, जिन्हें मैं आगे भी सपोर्ट करना चाहता हूं। दोबारा साथ आना किसी री-यूनियन जैसा नहीं, बल्कि उस क्रिएटिव सफर का अगला स्वाभाविक कदम लगता है, जिस पर हमें पूरा भरोसा है।

# नागबंधम से सामने आया ऋषभ साहनी का पावरफुल लुक

**मुंबई।** निर्देशक अभिषेक नामा की मोस्ट अवेटेड माइथोलॉजिकल एक्शन ड्रामा नागबंधम, जिसमें वीरत कर्णा लीड रोल में नजर आएंगे, इस समर ग्रैंड पैन-इंडिया रिलीज के लिए तैयार है। 15 घ्रवरी को महाशिवरात्रि के शुभ मौके पर फिल्म का टीजर रिलीज होने वाला है, जिससे पहले मेकर्स ने इस एपिक कहानी के एक अहम किरदार का फर्स्ट लुक भी सामने ला दिया है, जिसने एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है। फाइटर में अपने दमदार अंदाज से पहचान बना चुके ऋषभ साहनी ने नागबंधम में भी जबरदस्त असर छोड़ा है। इस फिल्म में वह कुख्यात अफगान सुल्तान अब्दाली के रोल में नजर आएंगे। 1750 के दौर पर बनी यह कहानी भारत में अब्दाली के हमलों को दिखाती है, जहां मंदिरों की लूट, दौलत की भूख और उसकी बेरहम फितरत को सामने रखा गया है। फर्स्ट-लुक पोस्टर एक जबरदस्त और डरावने माहौल को दिखाता है, जहां बर्फ से ढका जंग का मैदान तूफानी हवाओं से घिरा है। ऋषभ मिड-चार्ज में नजर आते हैं, हाथ में खून से सना विशाल बैटल एक्स लिए हुए, आंखों में खौफ और जुनून साफ झलकता है। उनके पीछे विशाल सेना आगे बढ़ती दिखती है, ठंडी हवाओं में लहराते हरे जंगी झंडे, तीरंदाज, योद्धा और विशाल युद्ध हाथी इस हाई-वोल्टेज वॉर कैनवास को और भव्य बना देते हैं।